# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




नवी मुंबई। नवी मुंबई के वाशी में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक के कथित मामले के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र और युवा कार्यकर्ता प्लेकार्ड और राष्ट्रीय तिरंगा लिए हुए हैं।






- पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में 'पेपर लीक विधेयक संशोधन' को मंजूरी
- अगले हफ्ते सोमवार को ही संसद में पेश किया जाएगा यह संशोधन विधेयक
- नीट पेपर लीक के बाद देशभर में मचा हुआ है बवाल, हो रहे प्रदर्शन

## पेपर लीक मामला, कैबिनेट में सख्त कानून पास

**तीन महीनों में फैसला देने कहा जाएगा फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट को**

# 10 साल कैद, 10 करोड़ का जुर्माना!

## 47 बर्खास्त

*पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में शुक्रवार को 'पेपर लीक विधेयक संशोधन' को मंजूरी दे दी गई है। इसमें पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कड़े प्रावधान होंगे। इसमें स्पेशल फॉस्ट ट्रैक कोर्ट को लीगल बैकिंग मिलेगी। साथ ही फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट को तीन महीनों में सुनवाई करने और फैसला देने को कहा जाएगा। जबकि पेपर लीक मामले में 10 साल की सजा और 10 करोड़ के जुर्माना का प्रावधान होगा। बिल के अलावा धरातल पर भी इधर, एनटीए भी एक्शन मोड में आ गई है, पेपर लीक मामलों को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए 47 अधिकारियों को नौकरी से हटा दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

केंद्र सरकार का कहना है कि कानून बनाकर फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन की प्रक्रिया शुक्रिया होगी। पेपर लीक के मामलों की सुनवाई अधिकतम तीन साल के अंतराल में इन अदालतों में पूरी कराई जाएगी। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को भी दोनों सदनों में पेपर लीक मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ था। इसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्रवाई रविवार तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

**'पुलिस ने छात्रों पर चलाई पैलेट गन : राहुल'**

राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने आवास 10 जनपथ पर छात्रों के प्रदर्शन में घायल एक स्टूडेंट के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा, 'धर्मेंद्र प्रधान एक अपराधी शिक्षा मंत्री हैं। वे हमारे एजुकेशन सिस्टम के ध्वस्त होने का प्रतीक हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्हीं की वजह से हजारों लोग सड़कों पर हैं।' उन्होंने दिल्ली निवासी छात्र साहिल ▸▸|शेष पेज 7 पर



### नड्डा से मुलाकात के बाद बोली सीजेपी प्रधान के इस्तीफे पर कोई समझौता नहीं

नीट पेपर लीक को लेकर जारी आंदोलन के बीच केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका से मुलाकात की। बैठक के बाद सीजेपी के प्रवक्ताओं ने कहा,'हम धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कोई समझौता नहीं करेंगे। सरकार ने मुआवजा देने और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज केस वापस लेने पर सहमति जताई है।'केंद्र सरकार कल दोपहर तक ▸▸|शेष पेज 7 पर

## 18 घंटे बाद कांग्रेस का धरना खत्म



**पुलिस ने आश्वासन के मुताबिक कार्रवाई नहीं की तो फिर होगा आंदोलन : दीपक बैज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भाजपा-कांग्रेस भिड़ंत मामले में एकतरफा अपराध पंजीबद्ध किए जाने के विरोध में खमतराई थाने में धरने पर बैठे कांग्रेसियों ने 18 घंटे बाद धरना खत्म कर दिया। पुलिस के लिखित आश्वासन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ▸▸|शेष पेज 7 पर

### बर्खास्त अफसरों के खिलाफ होगा क्रिमिनल केस दर्ज

नीट पेपर लीक मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। बर्खास्त अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम एनटीए में बड़े पैमाने पर हो रहे बदलाव के तहत उठाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आउटसोर्सिंग व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा और संस्था में तकनीकी सुधार लागू किए जाएंगे ताकि परीक्षाओं को पूरी तरह सुरक्षित किया जा सके। इसके अलावा ऐसा टेस्टिंग सिस्टम तैयार किया जा सके, जिसमें पेपर लीक की गुंजाइश न हो। एनटीए में सुधार के लिए जल्द ही और एक्शन लिए जाएंगे। बता दें, एक दिन पहले सरकार ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के दो सचिवों को बदला था।

### पीएम मोदी बोले- थैंक्स



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर वीडियो जारी किया है। उन्होंने गुरुवार को शेयर किए गए अपने वीडियो पर मिले रिस्पॉन्स के लिए लोगों का आभार जताया। वीडियो पोस्ट करने के 20 मिनट के भीतर ही 10 लाख से ज्यादा व्यूज हो चुके थे। ▸▸|शेष पेज 7 पर

# यूसीसी की पहली बैठक अब समिति लेगी सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में समान नागरिक संहिता( यूसीसी) लागू करने एवं इसके प्रारूप का मसौदा तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया जिसकी पहली बैठक शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की गई। समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने की। समिति में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शत्रुघन सिंह तथा एमके राऊत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य ▸▸|शेष पेज 7 पर

### सीएम बोले- जल्द संभव



यूसीसी को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संकेत दिए कि छत्तीसगढ़ में जल्द ही यह लागू होगा। उन्होंने कहा, हो सकता है कि आने वाले शीतकालीन सत्र में यूसीसी लागू हो जाए।

# भू-अधिग्रहण का बवाल

## हिंसक झड़प, चले लाठी-डंडे, डीएसपी समेत 24 से अधिक पुलिसकर्मी घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| प्रतापपुर

एसईसीएल के कोल खदान के लिए भूमि अधिग्रहण के विरोध को लेकर चल रहा प्रदर्शन शुक्रवार को हिंसक हो गया। भूमि अधिग्रहण को लेकर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों के बीच शुरू हुए विवाद ने कुछ ही देर में गंभीर झड़प का रूप ले लिया। आरोप है कि पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किया गया जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने भी पुलिस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लाठी डंडे और पत्थर से पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों को भाग कर ▸▸|शेष पेज 7 पर





### अपनी मांगों को लेकर कर रहे प्रदर्शन

*बता दें कि एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के मदननगर खदान से प्रतापपुर विकासखंड के मदननगर, कनकनगर, चौरा, और जगन्नाथपुर के लोग प्रभावित हो रहे है। इन प्रभावित गांव के ज्यादातर लोग अपनी जमीन देने को राजी हो गए है और मुआवजा लेने के साथ ही नौकरी का आवेदन पत्र भी भर दिया है लेकिन जो ग्रामीण वर्षों से क्षेत्र में काबिज है और स्थानीय मूल निवासी है वे अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हो रहे है। ग्रामीणों द्वारा जमीन के बदले जमीन की मांग कर रहे है। अपनी मांगों को* ▸▸|शेष पेज 7 पर







*नई दिल्ली। नीट पेपर लीक मामले, केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को देशभर में कई शहरों में प्रदर्शन हुए। पटना में छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रों की भूख हड़ताल जारी है। राजस्थान के जयपुर में तथा यूपी के प्रयागराज में वकीलों ने जुलूस निकाला। हरियाणा के चार जिलों में वकील धरने पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। कई जगह प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प व धक्का-मुक्की भी हुई। इसके अलावा मध्य प्रदेश, मुंबई, हैदराबाद, पश्चिम बंगाल, कोलकाता, चेन्नई, तमिलनाडु के भी कई शहरों में प्रदर्शन हुए।*

# देशभर में प्रदर्शन

## छात्र-सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल समेत वकील उतरे सड़कों पर







### प्रयागराज से हुंकार

*उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में वकीलों ने जुलूस निकाला, मेरठ में अर्थी निकालकर विरोध किया वहीं लखीमपुर में एसडीएम को छात्रों ने गुलाब दिए। प्रयागराज में वकीलों ने जुलूस निकाला। उन्होंने कहा, जिन पर लाठियां बरसाई गईं, वे हमारे बच्चे हैं। अब लड़ाई सड़कों पर होगी। मेरठ में सपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली।*




**उत्तराखंड में पुतला फूंका; पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी**

उत्तराखंड में नीट पेपर लीक मामले, केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को उत्तराखंड के कई शहरों में प्रदर्शन हुए। देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की हुई।




**पंचकूला में डीसी ऑफिस में घुसे वकील**

रोहतक। दिल्ली के जंतर मंतर पर स्टूडेंट्स पर लाठीचार्ज के विरोध में हरियाणा में धरने-प्रदर्शन तेज हो गए हैं। पंचकूला में वकील नारेबाजी करते हुए डीसी दफ्तर में घुस गए। रोहतक में जिला बार एसोसिएशन, हिसार, भिवानी और यमुनानगर में इनेलो वर्कर धरने पर बैठ गए हैं। सिरसा में भाजपा नेता के आवास बोर्ड पर कालिख पोतकर कॉकरोच जनता पार्टी लिख दिया।




# अदालती कार्यवाही का वीडियो प्रसारित करने से पहले अनुमति लेना होगा जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि अदालत की कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बिना अनुमति के पोस्ट, दोबारा पोस्ट या अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के संबंधित महासचिव या हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पहले अनुमति लेनी होगी। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने अदालत की लाइव स्ट्रीमिंग और कार्यवाही के वीडियो सोशल मीडिया पर गलत

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश**



इस्तेमाल से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब भी मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अदालत की कार्यवाही के वीडियो के गलत इस्तेमाल का मुद्दा उठाया।

### पीठ ने अंतरिम आदेश में क्या कहा?

पीठ ने अंतरिम आदेश में कहा, यह निर्देश दिया जाता है कि इस अदालत के महासचिव या संबंधित हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पूर्व अनुमति के बिना न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को निकालना, उसमें बदलाव करना, फैलाना (वायरल करना), सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करना, दोबारा पोस्ट करना और अपलोड करना प्रतिबंधित रहेगा।

**नेपाल से अवैध रूप से कर रहे थे प्रवेश**

# घुसपैठ करते खालिस्तानी समर्थक व अमेरिकी समेत पांच पकड़ाए

एजेंसी ▶▶| बहराइच

उत्तर प्रदेश में सुरक्षा बलों ने नेपाल सीमा से घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' के एक वांछित सदस्य और संगठन से जुड़े एक अमेरिकी नागरिक समेत 5 को गिरफ्तार किया है। बहराइच पुलिस ने बताया कि खालिस्तानी चरमपंथी सदस्य की पहचान विक्रमजीत सिंह और अमेरिकी नागरिक की पहचान मनवीर सिंह ढिल्लों के रूप में हुई है। विक्रमजीत 2023 में पंजाब के एक पुलिस थाने पर हुए हमले में वांछित है। हालांकि, उसके भारत में घुसने के उद्देश्य का अभी खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को नेपाल से रूपाईडीहा सीमा चौकी पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया है।

- **रूपाईडीहा सीमा चौकी से प्रवेश का प्रयास**

**ईडी का ताबड़तोड़ एक्शन**

# 450 करोड़ के बैंक फ्रॉड पर दिल्ली-यूपी, पंजाब में छापे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय के लखनऊ ज़ोनल कार्यालय ने आज पीएमएलए एक्ट के तहत संतोष ओवरसीज लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ एक्शन तेज करते हुए तलाशी अभियान चलाया। ईडी की ये जांच सीबीआई के एक मामले के तहत की गई है, जिसमें बैंकों के एक ग्रुप से कथित तौर पर लगभग 450 करोड़ रुपये का लोन लिया गया और फिर उस पैसे का तय इस्तेमाल करने की बजाय उसे शेल कंपनियों में डाला गया और अन्य नेटवर्क के जरिए घुमाया गया। ईडी ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब में प्रमोटरों, संबंधित कंपनियों से जुड़े 8 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### मदद करने वालों के ठिकानों पर भी छापे

ईडी द्वारा इस मामले में प्रमोटरों, संबंधित कंपनियों और इस धोखाधड़ी में मदद करने वालों से जुड़ी जगहों पर तलाशी ली जा रही है। ईडी सख्ती से देश के कई हिस्सों में ताबड़तोड़ तलाशी अभियान चला रही है।

**मालदा कैंप में घटना**

# बीएसएफ जवान ने की फायरिंग, 2 जवानों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प.बंगाल के मालदा जिले के बैष्णवनगर में बीएसएफ कैंप में शिवम मिश्रा नामक एक जवान ने घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें दो साथी जवानों की मौत हो गई और एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान बिहार के छपरा जिले के मांझी इलाके के रहने वाले 51 वर्षीय अजय कुमार सिंह और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के रहने वाले 37 वर्षीय अंबादर सुरेश डारगु के तौर पर हुई है। घायल जवान पश्चिम बंगाल के मोहंदा गांव का 44 वर्षीय विकास ब्रह्म है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये तीनों बीएसएफ की 71वीं बटालियन से हैं। घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- **सजा समाप्त कर लौटा था आरोपी जवान**





Launching in *Raipur*
25th & 26th July 2026

Prakriti
ESTATE

रायपुर
शनिवार 25 जुलाई 2026
आषाढ़, शुक्ल पक्ष एकादशी
वर्ष : 25, अंक : 5
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.8
न्यून. 24.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# दाखिला शून्य...ट्राइबल स्टडीज में नहीं मिले एक भी छात्र, पहले बैच में ही हालत खराब

**रविवि अध्ययनशाला के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग का हाल**

**सर्टिफिकेट कोर्स इन संस्कृत में भाषायी ज्ञान बन रहा बाधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के अध्ययनशाला में संचालित कई पाठ्यक्रमों में छात्र संख्या दहाई तक पहुंच पाना कठिन हो जाता है। इस बार स्थिति इससे भी अधिक खराब हो गई है। रविवि अध्ययनशाला के एक पाठ्यक्रम में एक भी छात्र नहीं मिल सका है। इस कारण यह कोर्स ही शुरु नहीं हो सका है। मामला एमए इन ट्राइबल स्टडीज का है। भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत इसका अध्ययन प्रारंभ किया गया था। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इसकी शुरुआत होनी थी। विद्यापरिषद और कार्यपरिषद की बैठक में इसे लेकर पहले ही प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। प्रथम बैच होने के कारण इसके लिए ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार किए जा रहे हैं। इसके लिए सीट संख्या 20 निर्धारित है।

एक भी छात्र नहीं मिल पाने के कारण इस वर्ष इसकी पढ़ाई प्रारंभ होने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है। ऐसे में अगले शैक्षणिक सत्र से उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कोशिश की जाएगी। विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में दाखिले 14 अगस्त तक ▶▶|शेष पेज 7 पर



### प्रारंभ करेंगे

*विद्यार्थियों के प्रवेश लेते ही कोर्स प्रारंभ कर देंगे। फिलहाल किसी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया है।*
*- प्रो.रविंद्र ब्रम्हे, प्रभारी, भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग*

### दिल्ली से आ रहे हैं शिक्षक

एमए इन ट्राइबल स्टडीज के अलावा भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत संस्कृत में सर्टिफिकेट प्रोग्राम भी प्रारंभ किया गया है। इसमें प्रवेश के लिए संस्कृत की थोड़ी जानकारी होना जरूरी है। यही कारण है कि इसमें भी प्रवेश की गति थोड़ी कम है। केंद्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली के साथ हुए रविवि के एमओयू के तहत यह सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हो रहा है। इसके अध्यापन के लिए शिक्षक भी दिल्ली से ही आते हैं। छात्रों को सर्टिफिकेट भी दिल्ली स्थित केंद्रीय संस्कृत विवि द्वारा ही प्रदान किया जाता है। बीते वर्ष प्रारंभ हुए इस सर्टिफिकेट कोर्स में 20 छात्र अध्ययनरत थे। दूसरे बैच के लिए भी छात्र मिलने की उम्मीद विभाग को है।

## पत्नी ने भरण पोषण के लिए 2 करोड़ मांगा, हाईकोर्ट ने कहा- यह मानसिक क्रूरता, अपील खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



तलाक के मामले में मध्यस्थता के दौरान पत्नी ने स्थायी भरण-पोषण के लिए पति से 2 करोड़ रुपए की मांग की। हाईकोर्ट ने इस अत्यधिक मांग को पति के प्रति मानसिक क्रूरता माना है। साथ ही पत्नी की याचिका खारिज करते हुए फैमिली कोर्ट के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें महिला के लिए 10 लाख रुपए का स्थायी भरण-पोषण तय किया गया था। अपने फैसले में हाईकोर्ट ने कहा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### परिवार को अपमानित व प्रताड़ित करने की मंशा

हाईकोर्ट ने 18 जून 2026 को दोनों पक्षों को आपसी सहमति से स्थायी गुजारा भत्ते की राशि तय करने के लिए मध्यस्थता केंद्र भेजा था। सुनवाई के दौरान सामने ▶▶|शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भारत ने बांग्लादेश के पीएम को भेजा न्योता



**नई दिल्ली।** ब्रिक्स समिट 2026 के लिए भारत ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है। यह समिट 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होगी, जिसमें वैश्विक सहयोग, व्यापार और सतत विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

### सऊदी राजकुमार की लंदन में काकटेल से मौत

**लंदन।** सऊदी अरब के 29 साल के राजकुमार अब्दुल्ला बिन फहद बिन अब्दुल्ला बिन अब्दुलअजीज बिन जलावी अल सऊद की लंदन के एक लग्जरी होटल में पिछले साल मौत हो गई थी। अब जांच में सामने आया कि उनकी मौत शराब, पार्टी ड्रग और डॉक्टर की पर्ची पर मिलने वाली दवाओं के घातक मिश्रण के कारण हुए कार्डियक अरेस्ट से हुई। राजकुमार 19 नवंबर को लंदन के मैरियट होटल, केंसिंग्टन में ठहरे थे।

### गेम्सक्रॉफ्ट की 1,906 करोड़ की संपत्ति अटैच



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्रॉफ्ट से जुड़े मामले में 1,906 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच करने की जानकारी दी। एजेंसी का आरोप है कि कंपनी ने ऐसा 'लत लगाने वाला' गेमिंग माहौल बनाया, जिससे खिलाड़ी बार-बार दांव लगाते रहे और कंपनी ने इससे बड़ी रकम कमाई।

### हिटलर के जन्मस्थान को बनाया गया पुलिस स्टेशन

**बर्लिन।** जर्मनी की सीमा के पास ऑस्ट्रिया के ब्राउनाउ एम इन शहर में स्थित तानाशाह एडॉल्फ हिटलर के जन्मस्थान को अब पुलिस स्टेशन में बदल दिया गया है। बुधवार से इस इमारत ने आधिकारिक तौर पर नई भूमिका शुरू कर दी। ऑस्ट्रिया सरकार का कहना है कि इसका मकसद इस जगह को नव-नाजी समर्थकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने से रोकना है। यह इमारत कई वर्षों तक निजी स्वामित्व में रही।

### बस की टक्कर से घायल मिलेगा 22 लाख मुआवजा



**मुंबई।** महाराष्ट्र में बस एक्सीडेंट की शिकार हुई एक महिला जिम ट्रेनर को ठाणे के मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ने 22.62 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। 19 अक्टूबर 2020 को महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बस की चपेट में आने के बाद महिला 20 प्रतिशत फंक्शनल डिसेबिलिटी का शिकार हो गई थी।

## देश के कई राज्यों में तबाही की बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# छग में रुकी बारिश, गुजरात-राजस्थान में बाढ़ हिमाचल में फिसली चट्टानें, कार सवार 13 की मौत

देश के कई राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। छत्तीसगढ़ में फिलहाल भारी बारिश थम गई है, पर गुजरात-राजस्थान समेत कुछ राज्यों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इधर हिमाचल प्रदेश में जमीन धंसने से पहाड़ की चट्टानें चलती सूमो पर गिरी जिससे 13 की मौत हो गई है। गुजरात के कई शहरों में भी पानी भरने से हालत बदतर हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति में शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की जान चली गई। यह हादसा उदयपुर थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब एक टाटा सूमो वाहन बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की मुख्य सड़क पर कढ़ूनाला-राहौली के पास पहाड़ी से अचानक गिरी भारी चट्टान की चपेट में आ गया। जिसके चलते वाहन में सवार 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि पहाड़ी धंसने की वजह से चट्टान का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। जो टाटा सूमो हादसे की चपेट में आया वह कुल्लू से पांगी जा रहा था। वाहन में चालक सहित कुल 15 लोग सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि अधिकांश यात्रियों की मौत मौके पर ही हो गई। बता दें कि हिमाचल प्रदेश इस हादसे से पहले बारिश से जुड़े हादसों में 75 लोगों की मौत हो चुकी थी।



- असम में बाढ़ के चलते हो चुकी है 47 लोगों की मौत
- यूपी में 10 नदिया उफान पर, नाव से आ-जा रहे लोग
- महाराष्ट्र, राजस्थान में भी लोगों का हुआ जीना मुहाल


### 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

*मौसम विभाग के मुताबिक कल यानी 25 जुलाई को देश के 17 राज्यों यूपी, बिहार, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है।*



### असम के 11 जिले चपेट में 21 लाख से अधिक प्रभावित

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, राज्य के 11 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक 7.21 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ से मरने वालों की संख्या 47 पहुंच गई है। बाढ़ से गोलाघाट, होजई, कामरूप, चराइदेव, जोरहाट, डिब्रूगढ़, शिवसागर, नागांव, कामरूप (मेट्रो), कार्बी आंगलोंग और तिनसुकिया जिले प्रभावित हैं। राज्य में 37 राजस्व सर्कल और 883 गांव जलमग्न हैं तथा करीब 25,375 हेक्टेयर कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है।



### गुजरात के कई शहर पानी में डूबे, हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू


गुजरात के सूरत, नवसारी, वलसाड, अहमदाबाद समेत करीब ढाई सौ तहसीलों में पांच से 20 इंच वर्षा के कारण हालात बेकाबू हो गये हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की 17 टीमों को उतारा गया वहीं नवसारी - वलसाड में सेना की दो दो टुकडियां बचाव को उतरी हैं। तटरक्षक बल ने नवसारी में हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला।

### यूपी में लोगों का जीना मुहाल

यूपी में पिछले 10 दिनों से हो रही बारिश के चलते गंगा, यमुना समेत 10 नदियां उफान पर हैं। सीतापुर में पानी सड़क पर भर गया। ग्रामीण नाव से आ-जा रहे हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। यूपी के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश का संभावना जताई गई है।

## ट्रंप ने फिर फोड़ा टैरिफ बम, भारत पर लगाया 10% शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया पर टैरिफ बम फोड़ा है। भारत समेत 17 देशों पर अतिरिक्त टैक्स लगाकर बड़ा झटका दिया है। अमेरिका अब 17 देशों से आने वाले सामान से 10 प्रतिशत अतिरिक्त कर वसूलेगा, जो शुक्रवार की रात 12 बजे से लागू हो गया है। अमेरिका ने टैरिफ कुछ 60 देशों पर लगाया है, लेकिन भारत समेत 17 देशों को 10 प्रतिशत वाले टैक्स की कैटेगरी में रखा है, बाकी पर 12.5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। यह फैसला अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) ने सेक्शन 301 के तहत की गई जांच के बाद लिया है। नई दरें शुक्रवार से लागू हो गई हैं। यूएसटीआर के मुताबिक, यह कार्रवाई उन देशों पर की जा रही है, जिन्होंने फोर्स्ड लेबर से बने उत्पादों के आयात पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त और प्रभावी कदम नहीं उठाए हैं या इस संबंध में नए नियम लागू किए हैं।

- 17 देशों को दिया अतिरिक्त टैक्स लगाकर बड़ा झटका

### निचले स्लैब में है भारत

भारत को 10 फीसदी वाले निचले टैरिफ स्लैब में रखा गया है, जबकि कुछ अन्य देशों पर 12.5 फीसदी तक अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद 60 व्यापारिक साझेदार देशों की समीक्षा की गई थी। शुरुआत में माना जा रहा था कि भारत पर 12.5 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जा सकता है, लेकिन श्रम मानकों को लेकर दोनों देशों के बीच हुई सकारात्मक बातचीत के बाद भारत को 10 फीसदी वाले स्लैब में रखा गया।

**21 जून को ही समाप्त हो गया था कार्यकाल**

## मोदी कैबिनेट से बिट्टू का इस्तीफा छोड़ा रेल राज्यमंत्री का पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पीएम मोदी की कैबिनेट से रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर केंद्रीय मंत्रिपरिषद से रवनीत सिंह का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह निर्णय भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75(2) के तहत लिया गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस्तीफा तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। बता दें, रवनीत सिंह बिट्टू का राज्यसभा कार्यकाल 21 जून को ही समाप्त हो गया था।

### कौन हैं बिट्टू?

बिट्टू 24 मार्च 2024 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। उन्होंने पहले 11 मार्च 2021 से 18 जुलाई 2021 तक लोकसभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता के रूप में कार्य किया। बिट्टू 2014 और 2019 के भारतीय आम चुनावों में लुधियाना से तथा इससे पहले 2009 में आनंदपुर साहिब से भारतीय संसद के निचले सदन लोकसभा के लिए चुने गए थे। वे पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं।

**विपक्ष के विरोध के बाद कार्यवाही स्थगित**

## हंगामे के बीच वंदे मातरम बिल पेश, अपमान पर मिलेगी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



संसद के मॉनसून सत्र के दौरान गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने शुक्रवार को राज्यसभा में हंगामे के बीच प्रिवेंशन ऑफ इनसल्ट टू नेशनल ऑनर विधेयक पेश किया। यह विधेयक राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े मौजूदा कानून में संशोधन करने के मकसद से लाया गया है। इस संशोधन विधेयक के जरिए राष्ट्रीय प्रतीकों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय सम्मान से संबंधित कानूनी प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव किया गया है।

### बाधा डालना या अपमान करना होगा अपराध

नए प्रावधानों के तहत अगर कोई व्यक्ति 'वंदे मातरम' के गायन के दौरान जानबूझकर रुकावट डालता है या इसका किसी भी तरह से अपमान करता है, तो इसे कानूनन दंडनीय अपराध माना जाएगा। इतना ही नहीं इस बिल के कानून बनने के बाद, यदि कोई व्यक्ति 'वंदे मातरम' का अपमान करने का दोषी पाया जाता है, तो उसे अधिकतम 3 साल तक की जेल, जुर्माना, या दोनों सजा हो सकती है।

*अदालत की विशेष अनुमति से हुई शादी*

# सेन्ट्रल जेल में गूंजी शहनाई विचाराधीन बंदी ने लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

केन्द्रीय जेल जगदलपुर में शुक्रवार को न्यायालय की अनुमति से एक विचाराधीन बंदी ने प्रेमिका के साथ सात फेरे लिए। इस विवाह के साक्षी बने जेल प्रशासन, अधिवक्ता और समाजसेवी जो वर व वधु पक्ष की ओर से विवाह में शामिल हुए। दोनों पक्षों से सीमित सदस्यों को इस विवाह में शामिल होने की अनुमति थी। जेल प्रशासन के मुताबिक केंद्रीय जेल जगदलपुर में निरुद्ध विचाराधीन ▶▶|शेष पेज 7 पर



### जेल में 15 साल बाद गूंजी शहनाई

इस अवसर पर दोनों परिवारों के सीमित सदस्य न्यायालय की अनुमति एवं जेल नियमों के अनुरूप उपस्थित रहे। विवाह की समस्त प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं कानूनी प्रावधानों का पालन करते हुए संपन्न की गई। इससे पहले लगभग डेढ़ दशक पूर्व ऐसा ही एक बार जेल में कोर्ट की अनुमति से विवाह कराया गया था यह दूसरी दफा है जब 15 वर्ष बाद जेल में शहनाई बजी।

### आदेश पर कराया गया विवाह

*न्यायालय की अनुमति प्राप्त होने तथा दोनों परिवारों की सहमति के उपरांत मानवोचित एवं विधिसम्मत दृष्टिकोण अपनाते हुए विवाह की आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गईं। जिसके बाद वर वधू का विवाह पंडित द्वारा सम्पन्न कराया गया।*
*-अक्षय तिवारी, अधीक्षक, केन्द्रीय जेल*

### सात माह से जेल में है आरोपी

आरोपी सुरेश सेठिया लगभग सात माह से दुष्कर्म के मामले से जेल में बंद है। जिस युवती से दुष्कर्म के मामले में उसे जेल भेजा गया था, अपनी उसी प्रेमिका के साथ धूमधाम से उसने जेल में फेरे लिए। दरअसल आरोपी सुरेश सेठिया के खिलाफ उसकी प्रेमिका के परिजनों ने शादी का झांसा देने और दुष्कर्म करने का मामला बोधघाट थाने में दर्ज ▶▶|शेष पेज 7 पर




**अधिसूचित जिले:** बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

**खरीफ 2026 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें**
धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूँग, मूँगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी

**योजना के मुख्य बिंदु :**
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- स्थानीय आपदा की स्थिति में-धान फसल में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक मे शामिल नही है
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल उत्पादन के आधार पर व्यापक क्षति की स्थिति में, राज्य शासन एवं योजना के प्रावधानों के अनुसार फसल क्षति का मूल्यांकन एवं निर्धारण किया जाएगा।
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अतंर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

**योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :**
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/AIDE-एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज-नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

**ऋणी कृषक:** ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
- योजना से बाहर होने (Opt-Out) का निर्णय पूरी तरह किसान की इच्छा पर आधारित है। किसी भी किसान को बैंक शाखा द्वारा (Opt-Out) के लिये बाध्य नहीं किया जाएगा।
- ऑप्ट-आउट की कार्यवाही केवल एक मौसम-वर्ष के लिए ही लागू होगी; जिसके लिए किसान द्वारा ऑप्ट-आउट घोषणा दी गई है।
- बैंक शाखाएं किसानों द्वारा प्रस्तुत योजना से बाहर होने (Opt-out) की प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र को निरीक्षण/सत्यापन हेतु सुरक्षित रखेंगी।

**अऋणी कृषक:** अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।

योजना सम्बंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज करने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करे या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 70655-14447 का उपयोग करे या www.pmfby.gov.in पर जाएँ या क्रॉप इंश्योरेंस मोबाइल एप का प्रयोग करें या अपने निकटतम कृषि कार्यालय, बैंक शाखा, CSC सेंटर या बीमा कंपनी से संपर्क करें।

स्थानीय आपदाओं से बीमित फसल में नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर फसल नुकसान की सूचना देना आवश्यक है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें
FARMITRA

विद्युत कंपनियों में फर्जी अटेंडेंस शीट की मदद से फ्यूज कॉल आपरेटर और सुधार श्रमिकों के वेतन में गड़बड़ी की जांच पूरी हो चुकी है। सिटी सर्किल में 93 लाख रुपए ठेकेदारों को भुगतान कर घोटाला किया गया है, जिसकी अब जांच रिपोर्ट भी आ चुकी है लेकिन अधिकारियों ने किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है, जांच रिपोर्ट 8 माह से कार्यालय में धूल फांक रही है।

# विद्युत कंपनी : फर्जी कागजों के सहारे ठेकेदार को 93 लाख का भुगतान

## सिटी सर्किल के अधिकारियों ने किया कारनामा, विद्युत कंपनी को भारी नुकसान

**बिलासपुर।** समय पर बिजली शिकायतों का निराकरण नहीं होना बिजली उपभोक्ताओं का दर्द बन चुका है, जिसकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है, इस समस्या के असली कारण फ्यूज कॉल और मेंटनेंस में लगे ठेकेदार और कर्मचारी हैं। दरअसल पिछले 6 सालों से सिटी सर्किल में सुधार और फ्यूज कॉल का जिम्मा ठेकेदार संभाल रहे हैं। खास बात यह है कि सिटी सर्किल के दोनों डिवीजन में दो ठेकेदारों को ही फ्यूज कॉल और मेंटनेंस की जिम्मेदारी दी जा रही है। ठेकेदार की कंपनियों ने श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर विद्युत कंपनी से 93 लाख रूपए का भुगतान ले लिया है। शिकायत के बाद सिटी सर्किल में हुए फर्जीवाड़े की जांच शुरू हुई, जांच अधिकारी जेएस नेताम व वीआर मौर्य की जाँच कमेटी ने जांच पूरी की, अधिकारियों की टीम ने पूर्व और पश्चिम संभाग में 93 लाख की अनियमितता की रिपोर्ट सौंपी।

### एई और ईई पर उठ रहे सवाल

खास बात यह है कि ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए जोन के एई और डिवीजन में बैठे तत्कालीन ईई ने फर्जी दस्तावेजों का बिना सत्यापन किए, श्रमिकों के वाउचर पर साइन किया है, जिससे ठेकेदारों से पहले अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गाज गिरने की संभावना है। ऐसे में विद्युत कंपनी के बड़े अफसर अपने अधिकारियों को बचाने के लिए जांच रिपोर्ट को ही दबा चुके है।




### फाइल मंगाई जाएगी

जांच रिपोर्ट मानव संसाधन विभाग के पास है। जिस अधिकारी ने ठेकेदारों से अनुबंध किया है, उन्हें ही कार्रवाई करनी होती है। अगर हमारे तक प्रतिवेदन भेजा जाएगा तो ब्लैक लिस्ट करने के लिए आला अधिकारियों को भेजेंगे। इस मामले में फाइल मंगाई जाएगी।

**एके अम्बस्ट,**
कार्यपालक निदेशक, विद्युत कंपनी

### एक ही श्रमिक से 3 जोन में काम

रिपोर्ट में यह बात सामने आ चुकी है कि ठेकेदारों ने बिल पास कराने के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाया है। एक ही श्रमिक की 2-3 जोन में ड्यूटी दिखाकर विद्युत कंपनी से भुगतान प्राप्त किया गया है, जबकि यह अनुबंध के खिलाफ है। वहीं दस्तावेजों के अनुसार एक ही कर्मचारी से एक ही दिन में 24 से 36 घंटे तक काम कराया गया है। श्रम कानून और विद्युत विभाग नियमों के खिलाफ ठेकेदारों ने काम कराया है। वहीं कई जोन में आधा स्टाफ रखकर लाखों रूपए ले लिए गए हैं।

---

## पेंशन अपडेट कराने का झांसा देकर की 2.48 लाख रुपए की सायबर ठगी

**कांकेर।** साइबर ठग अब लोगों को निशाना बनाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ताजा मामले में पेंशन खाता अपडेट कराने का झांसा देकर ठगों ने एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी के खाते से करीब ढाई लाख रुपये पार कर दिए। हैरानी की बात यह रही कि ठगी के दौरान पीड़ित का मोबाइल भी असामान्य रूप से काम करने लगा, जिससे खाते से हो रहे लेन-देन की जानकारी उन्हें समय पर नहीं मिल सकी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हल्बा चौकी क्षेत्र के ग्राम हल्बा निवासी योगेन्द्र सिंह शोरी ने पुलिस को बताया कि मैं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त कर्मचारी हूँ। मैने पेंशन संबंधी एक ऑनलाइन विज्ञापन देखकर आवेदन किया था। इसके कुछ समय बाद स्वयं को मुंबई के पेंशन विभाग का अधिकारी बताने वाले अज्ञात व्यक्ति ने उनसे फोन पर संपर्क किया और पेंशन अपडेट करने का भरोसा देकर बैंक खाते से जुड़ी जानकारी हासिल कर ली। शिकायत के अनुसार इसके बाद उनका मोबाइल फोन असामान्य रूप से काम करने लगा। वे न तो कॉल प्राप्त कर पा रहे थे और न ही किसी प्रकार के एसएमएस उनके मोबाइल पर आ रहे थे। 19 जुलाई को मोबाइल दोबारा सक्रिय होने पर उन्हें संदेह हुआ। अगले दिन बैंक जाकर खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि 16 से 19 जुलाई के बीच यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से 2 लाख 48 हजार 19 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं।




■ मुंबई का पेंशन अधिकारी बन हासिल की बैंक जानकारी

---

एक महीने के अंदर तीसरी घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# प्लेस ऑफ सेफ्टी के रोशनदान की ग्रिल तोड़कर भागे तीन अपचारी बालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

बाल संप्रेक्षण गृह के बाद शुकवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी से भी तीन अपचारी बालक फरार हो गए। फरार बालकों को चोरी के आरोप में पकड़ा गया था। अपचारी बालक बाथरूम के रोशनदान को तोड़कर भागने में सफल हुए। इस घटना के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद कलेक्टर-एसपी ने प्लेस ऑफ सेफ्टी संस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लापरवाही पर अधीक्षक को निलंबित कर दिया। इधर पुलिस द्वारा फरार हुए अपचारी बालकों की तलाश की जा रही है।

बता दें कि बाल संप्रेक्षण गृह के बगल में ही प्लेस ऑफ सेफ्टी संस्था संचालित है। इस संस्था में 16 से 18 साल तक के नाबालिग लड़कों को रखा जाता है। इसी प्लेस ऑफ सेफ्टी में तीन बच्चों को चोरी के आरोप में रखा गया था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह सभी अपचारी बालकों को योगा के लिए उठाया गया था। इस दौरान तीनों अपचारी बालक तैयार होने के नाम पर बाथरूम में गए और बाथरूम के रोशन दान की ग्रिल को तोड़ दिया और फरार हो गए। अपचारी बालकों के फरार होने से हड़कंप मच गया। वहीं इस घटना ने एक बार फिर से बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी जैसी संस्थाओं में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए है। इसके पहले बाल संप्रेक्षण गृह से 23 जून को भी इसी बाल सम्प्रेक्षण गृह से 11 अपचारी बालक, 14 जुलाई को भी 13 बालक फरार हो गए थे जिनमें से अब तक 9 को पकड़ने की बात कही जा रही है। वहीं इसके पहले फरवरी महीने में भी प्लेस ऑफ सेफ्टी से 13 नाबालिग भाग निकले थे। हैरानी की बात तो यह है कि लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी बाल संप्रेक्षण गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी जैसी संस्थाओं में सुरक्षा के इंतजाम को पुख्ता नहीं किया जा रहा है जो बड़ी लापरवाही को उजागर करता है।

### कलेक्टर-एसपी ने किया संस्था का निरीक्षण




### कलेक्टर ने अधीक्षक को किया निलंबित

घटना की सूचना मिलने के बाद कलेक्टर अजीत वसंत एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को शासकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी संस्था बालक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री वसंत ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता को भवन की खिड़कियों का आकार सुरक्षा की दृष्टि से छोटा करने, चारदीवारी के ऊपरी हिस्से में लगी ग्रिल को और अधिक मजबूत बनाने तथा भवन का बारीकी से अवलोकन कर सभी आवश्यक सुरक्षा संबंधी कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निवासरत बालकों की मानसिक स्थिति का आकलन कर आवश्यकतानुसार मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग उपलब्ध कराने साथ ही जो बच्चे आदतन बार बार संप्रेक्षण गृह से भाग रहे हैं उन्हें अन्य जिलों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही पर संस्था के अधीक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं एसएसपी श्री अग्रवाल ने संस्था में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का ऑडिट कराने तथा प्लेस ऑफ सेफ्टी बालक एवं बाल संप्रेक्षण गृह बालक दोनों संस्थाओं का सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर एवं एसपी ने बाल संप्रेक्षण गृह बालक का भी निरीक्षण किया।

---

## 44 लाख की शिकायत से खुला 1.10 करोड़ की ठगी का खेल वाहन कारोबारी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने वाहन खरीदी-बिक्री और जमीन दलाली की आड़ में करोड़ों की ठगी करने वाले कथित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर एक बड़े आर्थिक अपराध का खुलासा किया है। शुरुआती जांच में आरोपी द्वारा 10 से 15 लोगों से एक करोड़ 10 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर ठगी की रकम से खरीदी गई करीब 20 लाख कीमत की एक स्कॉर्पियो और एक बोलेरो भी जब्त की है। जानकारी के अनुसार रायगढ़ निवासी सद्दाम हुसैन और उनके साथी सुरेश मानिकपुरी ने थाना तमनार में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम पड़िगांव निवासी कृष्ण कुमार साहू ने वाहन कारोबार में निवेश और मुनाफे का झांसा देकर उनसे लगातार रकम ली। बाद में पैसा लौटाने के नाम पर अपनी जमीन बेचने की बात कही और उसी आधार पर और राशि ले ली।



■ जमीन और वाहन खरीदी-बिक्री के नाम पर कई लोगों को बनाया शिकार

### 15 लोगों से की गई ठगी

पूछताछ के दौरान आरोपी कृष्ण कुमार साहू ने धोखाधड़ी की बात स्वीकार कर ली। उसके निशानदेही के आधार पर पुलिस ने ठगी की रकम से खरीदी गई स्कॉर्पियो और बोलेरो वाहन जब्त किए। आगे की जांच में पुरुषोत्तम सिदार, दिनेश शर्मा, संतोष साहू, मनोज सारथी सहित कई अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की ठगी का खुलासा हुआ। पुलिस का कहना है कि अब तक 10 से 15 पीड़ितों से एक करोड़ 10 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की पुष्टि हो चुकी है जबकि अन्य लोग भी शिकायत लेकर सामने आ रहे हैं।

---

## बस-ट्रेलर में भिड़ंत, 19 यात्री घायल, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के ग्राम सकरी के पास शुक्रवार रात लगभग 8 बजे रायल ट्रैव्हलर्स और ट्रेलर में भिड़ंत हो गई। इस घटना में बस में सवार यात्रियों में से 19 घायल हो गए, जिनमें 4 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई है। घटना के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की एक विशेष टीम घायलों के उपचार में जुटी हुई है।



इस हादसे में स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी मदद की। उन्होंने बस में फंसे यात्रियों को निकाला और पुलिस व एंबुलेंस आने तक प्राथमिक उपचार दिया। ग्रामीणों की मदद से ही घायलों को जल्दी अस्पताल पहुंचाया जा सका, जिससे कई जानें बच गईं। ग्रामीण स्वयं भी घायलों के साथ अस्पताल पहुंचे और उनकी हरसंभव सहायता करते रहे। पुलिस ने दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## पानी टैंकर से टकराई शिक्षिका की दो पहिया वाहन, मौत

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। जिसमें नगर निगम के पानी टैंकर की चपेट में आने से 35 वर्षीय शिक्षिका की दर्दनाक मौत हो गई। मृतिका शिक्षका को हादसे के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान बीएनसी मिल कॉलोनी निवासी आभा सिंह के रूप में हुई है, जो डोंगरगांव क्षेत्र के एक शासकीय विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव साईटिका — सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधा : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## 25 लाख का गांजा जब्त तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की सिंघोड़ा और कोमाखान थाना क्षेत्र में गांजा की तस्करी रहे एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों मामलों में आरोपियों के कब्जे से 25,34,500 रुपए का करीब 50 किलो गांजा जब्त किया गया है।

सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि 27 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिला कि सिल्वर कलर के जेटा कार क्रमांक एमएच 02 सीडी 3140 में अवैध मादक पदार्थ गांजा ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर लाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने रेहटीखोल पहुंचकर उक्त वाहन को रोका। वाहन में एक व्यक्ति बैठा था जिसने अपना नाम श्रवण कुमार यादव पिता रामपति यादव (39 साल) अमाव थाना चैनपुर जिला कैमुर बिहार होना बताया। कार की डिक्की में बने चैंबर के अंदर 18 पैकेट गांजा होना बताया, जिसे मदनपुर रामपुर ओडिशा से रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाना बताया। कार से 02 प्लास्टिक बोरियों से 18 पैकेट गांजा (37.940 किलोग्राम) कुल कीमत 18,97,000 रुपए को बरामद किया। वहीं गांजा तस्करी के दूसरे मामले में कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया। मामले में आरोपियों के कब्जे से 12 किलो से ज्यादा गांजा कीमत 6,37,500 रुपए को बरामद किया।





## किंग की रिलीज अफवाहों पर विराम 24 दिसंबर को होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' को लेकर चल रही रिलीज टलने की खबरों पर अब पूरी तरह विराम लगता नजर आ रहा है। कुछ समय पहले रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि शाहरुख खान की चोट और दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म की शूटिंग प्रभावित हो सकती है और यह क्रिसमस 2026 रिलीज के लिए समय पर तैयार नहीं हो पाएगी। मेकर्स फिल्म को तय समय पर रिलीज करने की तैयारी में जुटे हुए हैं और खबर है कि यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार रहेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है और अब सिर्फ एक आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल बाकी बताया जा रहा है। मेकर्स फिलहाल इस अंतिम शूटिंग शेड्यूल के लिए लोकेशन को फाइनल करने में लगे हुए हैं।

लाइफ Style



# राखी


## स्वीटी के बाद अब बनीं चुड़ैल

एजेंसी ⏭ मुंबई

कई कलाकारों का कहना है कि कॉमेडी करना काफी मुश्किल काम है। हालांकि, हम पांच और देख भाई देख धारावाहिकों की अभिनेत्री राखी विजन अपने लिए कॉमेडी ही सबसे सहज मानती हैं। राखी इन दिनों सोनी सब पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'चुड़ैल चली ससुराल' में कामिनी की भूमिका निभा रही हैं। अपने धारावाहिक और पात्र के बारे में राखी कहती हैं, इसमें मैं सीबीआई यानी कि चुड़ैल ब्लड ऑफ इंडिया की अध्यक्ष हूं।

मैंने बचपन में एक भोली भाली, मासूम लड़की स्वीटी की भूमिका निभाई थी। तब लोगों ने कहा था कि वाह क्या कमाल का काम किया है, तुम्हारे लिए तो यह एकदम परफेक्ट रोल है। अब उम्र के आधे पड़ाव पर चुड़ैल की भूमिका निभा रही हूं तो अब भी लोग कह रहे हैं कि कमाल का काम है, यह रोल तुम्हारे लिए परफेक्ट है। हमारा शो पूरी तरह हॉरर नहीं है, बल्कि इसमें कॉमेडी के साथ थोड़ा हॉरर है। अब अदृश्य शक्तियों में पूरी दुनिया विश्वास कर रही है तो मैं क्यों न रखूं। मेरा मानना है कि यह सब चीजें कहीं न कहीं होती हैं, तभी तो लोग ऐसी कहानियां बनाते हैं और दर्शक इन पर विश्वास भी करते हैं। व्यावहारिक तौर पर तो मैं स्वयं इन चीजों पर विश्वास नहीं करना चाहती हूं, लेकिन फिर वक्त आने पर इन पर भरोसा भी करने लगती हूं। टीवी हो या फिल्में लगातार कॉमेडी भूमिकाएं कर रहीं राखी का कहना है, 'मैं तो बचपन से कॉमेडी ही करती आ रही हूं। मेरे लिए रोना बहुत मुश्किल है। जब मैं रोती हूं तो मुझे देखकर निर्देशक बोलते हैं, चल झूठी। कितना बकवास कर रही है, तुम्हारी एक्टिंग दिख रही है, जबकि मेरे लिए कॉमेडी बहुत आसान है। मुझसे आसानी से रोया नहीं जाता है। इसके साथ ही मुझसे गरीब अबला नारी वाले रोल भी नहीं हो पाते हैं। मेरे पास ऐसे ऑफर ज्यादा आते भी नहीं हैं।'

## मुझे भी दो बार देनी पड़ी थी नीट परीक्षा



**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ जारी स्टूडेंट्स के विरोध प्रदर्शन को अब एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर का भी सपोर्ट मिला है। उन्होंने इसे लेकर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस दौरान उन्होंने ये खुलासा भी किया कि वो खुद भी नीट पेपर लीक का दर्द झेल चुकी है और इसके चलते उन्हें दो बार परीक्षा देनी पड़ी थी। बता दें कि साल 2015 में भी नीट एग्जाम का पेपर लीक हो गया था। उस वक्त एक्ट्रेस ने इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में दो बार हिस्सा लिया था। उन्होंने साफ़-साफ ये बात कही है कि इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने का एक मात्र जरिया एजुकेशन ही है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'एजुकेशन इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने वाला सबसे बड़ा जरिया है। कभी भी हमारे संस्थानों को सुधार की मांग को नकारना नहीं चाहिए. संस्थानों के सुनने, सीखने और सुधार करने से लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने आगे लिखा, 'साल 2015 में मैंने खुद पेपर लेके के कारण दो बार परीक्षा दी थी. ये सालों की कड़ी मेहनत, रातों की नींद खोने, त्याग और उम्मीदों का परिणाम होती है न कि सिर्फ एक एग्जाम तक ये सीमित है।' एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि उस वक्त हमने सिस्टम की नाकामी को स्वीकार किया था, लेकिन अब करीब एक दशक बाद हम बदलाव चाहते हैं। मानुषी ने आगे अपनी पोस्ट में लिखा, 'हर पीढ़ी की ये जिम्मेदारीबनती है कि अपनी आने वाली जनरेशन के लिए एक मजबूत सिस्टम छोड़कर जाए. बात संस्थानों के विरोध की नहीं, बल्कि इन्हें और मजबूत बनाने और उनमें सुधार करने की है।' एक्ट्रेस ने आगे उम्मीद जताई कि इस समस्या का समाधान निकलेगा. उन्होंने अपने लोकतंत्र पर भरोसा जताया और कहा कि किसी भी तरह के समाधान आपसी बातचीत, संवैधानिक प्रक्रियाओं और आपसी सम्मान से ही निकलकर सामने आते हैं।' उन्होंने अंत में अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि ये ना भूलें कि युवा ही भविष्य हैं। नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ सीजेपी की अगुवाई में दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट जारी है। उनके साथ हजारों की तादाद में युवा जुड़ गए हैं। सभी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

## सैयारा के बाद अहान की नई उड़ान, शारवरी भी आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा की ऐतिहासिक सफलता के बाद बॉलीवुड के नए ओवरनाइट सेंसेशन अहान पांडे एक बार फिर पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। सैयारा के बाद वह अगली बड़ी फिल्म यशराज फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं। अनटाइटल्ड फिल्म का



निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। फिल्म रोमांटिक-एक्शन ड्रामा की जिसकी रिलीज डेट लॉक कर दी गई है। फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अली अब्बास जफर ने इस अनटाइटल्ड फिल्म की थिएट्रीकल रिलीज डेट अगले साल के लिए लॉक की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की रिलीज डेट 26 मार्च 2027 की तय की है। 26 मार्च को गुड फ्राइडे है। फिल्म में अहान पांडे के साथ शारवरी वाघ के रूप में नजर आएंगी। वहीं, दिग्गज एक्टर बॉबी देओल और अनुराग कश्यप की फिल्म निशांची से तारीफें बटोरने वाले ऐश्वर्य ठाकरे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे विलेन का किरदार निभा रहे हैं, जहां अहान और उनके बीच एक जबरदस्त एक्शन फाइट सीक्वेंस देखने को मिलेगा। आपको बता दें कि यह फिल्म अहान पांडे और ऐश्वर्य ठाकरे , दोनों के कॅरियर की दूसरी फिल्म होगी। अहान ने सैयारा से जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी, जबकि शरवरी ने बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने के बाद मुंज्या, महाराज, वेदा और अल्फा जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई।

## 72 साल पहले विदेश से चुराया गया था ये कल्ट गाना



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड पर अक्सर गाने या उनकी धुनों को कॉपी करने का आरोप लगता रहा है। आर.डी. बर्मन से लेकर अनु मलिक तक कई बड़े संगीतकारों पर विदेशी धुनों को बिना क्रेडिट दिए कॉपी करने के आरोप लगे। इसके बाद पुराने गानों के रीमेक बनाने का ट्रेंड चला। कई बार ये नए ट्रेक्स पसंद भी किए गए, हालांकि कुछ लोगों को शिकायत रही कि इससे ओरिजिनलिटी खत्म हो रही है। आज आपको 1954 के एक ऐसे ही कल्ट गाने के बारे में बताएंगे जिसे क्यूबा के एक गाने से कॉपी किया गया था। हम बात कर रहे हैं फिल्म आर पार के गाने बाबूजी धीरे चलना की। इस गाने को गीता दत्त ने अपनी आवाज से सजाया था और मजरूह सुल्तानपुरी ने इसके बोल लिखे थे। इस गाने को क्यूबा के प्रसिद्ध गाने क्यूजस, क्यूजस, क्यूजस से कॉपी किया गया था। ओ पी नैय्यर ने इसे भारतीय संगीत में ढाला था। क्यूजस, क्यूजस, क्यू को 1947 में ओस्वाल्डो फैरेस ने कंपोज किया था। इस गाने को अभिनेत्री शकीला पर फिल्माया गया है। 'आर-पार'को गुरु दत्त ने डायरेक्ट किया था। ये एक क्लासिक रोमांटिक-कॉमेडी और क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी एक टैक्सी ड्राइवर कालू और उसकी प्रेमिका निक्की के इर्द-गिर्द घूमती है। जब ये गाना रिलीज हुआ तो इसकी लोकप्रियता इतनी थी कि हर गली-मोहल्ले में उस दौरान बस यही धुन सुनने को मिलती थी। शायद यही वजह रही कि रिलीज के बाद ये जबरदस्त हिट साबित हुआ। गीता दत्त ने अपनी नशीली आवाज में इसे हमेशा-हमेशा के लिए हिट बना दिया।



## बेटी राहा को रामायण दिखाने के लिए एक्साइटेड

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म में रणबीर ने राम का किरदार निभाया है। रणबीर इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं ,क्योंकि इसमें ना तो वह सिर्फ राम और पुरुषोत्तम राम का किरदार निभा रहे हैं, बल्कि एक और वजह भी है। दरअसल, यह पहली फिल्म होगी जिसे उनकी बेटी राहा कपूर देखने वाली हैं। दरअसल, एक फैन ने रणबीर से बात करते हुए कहा कि वह इस फिल्म को बच्चे को दिखाएंगे क्योंकि इसमें भारतीय कल्चर को दिखाया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर फिर बोलते हैं, मैं भी काफी एक्साइटेड हूं अपनी बेटी को फिल्म दिखाने के लिए। यह उनकी पहली फिल्म होगी बड़े पर्दे पर। वहीं, हाल ही में खबर आई है कि रामायण का ट्रेलर लॉन्च पोस्टपोन हो गया है। पहले यह ट्रेलर 24 जुलाई को रिलीज होने वाला था, लेकिन फिर फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने ऑफिशियल स्टेटमेंट शेयर किया कि ट्रेलर पोस्टपोन हो गया है। हम बाद में रिलीज डेट की अनाउंसमेंट करेंगे। उन्होंने आगे लिखा, 'भारतीय सिनेमा के 100 साल में यह एक बड़ा मोमेंट है जहां रामायण को पूरी दुनिया में दिखाया जाएगा जैसे बाकी हॉलीवुड फिल्म का होता है।





शोले से पहले मचाया था बवाल, 1974 में हुई थी रिलीज

## 65 हफ्तों तक थिएटर से नहीं उतरी थी मनोज कुमार की ये फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में शुमार मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी थीं। एक एक्टर के अलावा उन्होंने फैंस का दिल बतौर डायरेक्टर भी जीता था। 'भारत कुमार' के नाम से भी मशहूर हुए मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में कई फिल्में बनाई थीं। उनकी एक फिल्म तो ऐसी भी रही है जो सिनेमाघरों से 65 हफ्तों तक नहीं उतरी थी।




### पाकिस्तान में हुआ था जन्म

*मनोज कुमार जीवित का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में 24 जुलाई 1937 को हुआ था। मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। हालांकि, फिल्मी दुनिया में आने के बाद उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। यहां मनोज कुमार की जिस फिल्म की बात की जा रही है वो जीवन की तीन सबसे अहम और मूलभूत चीजों पर बेस्ड है। इस फिल्म का नाम है 'रोटी, कपड़ा और मकान'। ये फिल्म 'शोले' जैसी आइकॉनिक फिल्म से एक साल पहले यानी साल 1974 में रिलीज हुई थी और दर्शकों के दिलों में हमेशा-हमेशा के लिए समा गई थी।*

### निभाई थीं कई जिम्मेदारियां

रोटी कपड़ा और मकान में मनोज कुमार के साथ अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, मौसमी चटर्जी और जीनत अमान जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आए थे। गौरतलब है कि मनोज ने ना सिर्फ इसमें अहम किरदार निभाया था, बल्कि इसके डायरेक्शन की कमान भी संभाली थी, जबकि इसके प्रोड्यूसर भी वो ही थे और कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी।

### थिएटर्स में चला जलवा

अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में इस 52 साल पुरानी फिल्म को लेकर दावा किया जाता रहा है कि ये फिल्म 65 हफ्तों तक थिएटर्स में अपना जादू बिखेरनेमे कामयाब रही थी और बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक़ 1.3 से 2 करोड़ रुपए के बीच के बजट में बनी 'रोटी कपड़ा और मकान' ने दुनियाभर में 10.4 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। ये साल 1974 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बनी थी।




## वर्ल्ड लेवल खजाने की मालिक बनी धमाल 4 की मंडली



**नई दिल्ली।** अभिनेता अजय देवगन की लेटेस्ट फिल्म धमाल 4 की रिलीज को जल्द ही दूसरा सप्ताह पूरा हो जाएगा। इतना समय बीतने का बाद भी धमाल 4 कमाई के मामले में ना तो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हार मान रही है और ना ही वर्ल्ड लेवल पर इसका ग्राफ नीचे आ रहा है। जिस तरह से फिल्म धमाल 4 में दिखाया गया है कि कलाकारों की पूरी मंडली एक पुराने खजाने की तलाश में लगी हुई है, ठीक उसी तरह से दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल 4 पर जो नोटों की बारिश हो रही है, उससे कहीं न कहीं मेकर्स के हाथ खजाना लगा और वे मालामाल हो रहे हैं। अजय देवगन की इस कॉमेडी मूवी ने दूसरे बुधवार को पूरी दुनिया में करीब 4 करोड़ का कारोबार किया है। इसके साथ ही अब धमाल 4 का टोटल ग्लोबली कलेक्शन 183 करोड़ हो गया है। जबकि ओवरसीज के मामले में ये हिंदी फिल्म अब तक 23 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर चुकी है। जिस तरह से फिलहाल धमाल 4 की कमाई वर्ल्ड लेवल पर चल रही है, उससे ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि जल्द ही ये मूवी ग्लोबली 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है।

चिंतन

# पेपर लीक पर नकेल जरूरी

नीट-यूजी और जेईईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक को लेकर केंद्रीय कैबिनेट ने सख्त कानून को मंजूरी देकर पेपर लीक करने वालों पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ और कड़ी सजा का प्रावधान करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किया जा सकता है। प्रस्तावित कानून में पेपर लीक के दोषियों के लिए 10 साल तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान हो सकता है। यह निर्णय केवल एक कानून बनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि देश की पूरी परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार का अवसर भी बनना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती या प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों के विश्वास को झकझोर दिया है। हर बार लाखों मेहनती अभ्यर्थियों की वर्षों की तैयारी कुछ लोगों के लालच और संगठित अपराध के कारण प्रभावित हुई है। सुप्रीम कोर्ट भी स्पष्ट कर चुका है कि केवल तदर्थ उपायों से परीक्षा प्रणाली सुरक्षित नहीं बनाई जा सकती। आवश्यकता एक ऐसी स्थायी, तकनीक आधारित और पारदर्शी व्यवस्था की है, जिसमें प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर प्रिंटिंग, परिवहन, परीक्षा संचालन और मूल्यांकन तक हर चरण सुरक्षित हो। डिजिटल निगरानी, सीमित मानव हस्तक्षेप और जवाबदेही तय करने जैसी व्यवस्थाओं को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और अन्य परीक्षा संस्थाओं की कार्यप्रणाली का समय-समय पर स्वतंत्र ऑडिट भी होना चाहिए। पेपर लीक के खिलाफ लड़ाई में केवल सरकार की भूमिका पर्याप्त नहीं होगी। राज्यों, जांच एजेंसियों, परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं, स्कूल-कॉलेजों, अभिभावकों और समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सहमति बनानी चाहिए। संसद में आने वाले विधेयक पर गंभीर और सार्थक चर्चा हो, ताकि कानून में ऐसी कोई कमी न रह जाए, जिसका लाभ भविष्य में अपराधी उठा सकें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जांच और न्यायिक प्रक्रिया तेज हो। यदि पेपर लीक के मामलों में वर्षों तक फैसले लंबित रहेंगे तो कठोर कानून का उद्देश्य कमजोर पड़ जाएगा। विशेष अदालतों, समयबद्ध जांच और दोषियों की संपत्ति जब्त करने जैसे प्रावधान इस कानून को और प्रभावी बना सकते हैं। नीट को लेकर आंदोलन और विपक्ष के तेवरों को देखते हुए लगता है कि सरकार इस बिल को आसानी से पारित करवा लेगी। इसके बाद कानून बनने पर कोई भी व्यक्ति या पेपर लीक माफिया ऐसा करने से 100 बार सोचेगा। सभी पार्टियों से भी उम्मीद की जाती है कि वे इस बिल पर संसद में सार्थक चर्चा करे और इसकी बेहतरी के लिए सुझाव पेश करे। सरकार इसमें यह भी प्रावधान करे कि जो विद्यार्थी परीक्षा लीक में शामिल हों, उन पर भविष्य में प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने पर रोक लगा देनी चाहिए। कुल मिलाकर आज का समय हमारे युवाओं का है। ऐसे में उन्हें परीक्षा माफियाओं के चंगुल से बचाना होगा। सरकार परीक्षा प्रणाली में सुधार की बात पहले ही कह चुकी है। नीट व जेईईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को परीक्षा माफियाओं से बचाने के लिए प्रश्न पत्र का प्रारूप भी ऐसा तैयार करना होगा, जिसमें औसत छात्र भी परीक्षा को बोझ न मानें और इसमें आसानी से भाग लेकर परीक्षा पास करने का मौका पा सकें। इससे छात्र हताश नहीं होंगे और कोचिंग माफिया से भी बचेंगे। छात्रों में आगे और बेहतर करने की लालसा पैदा होगी।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# अर्थव्यवस्था की नई ताकत जेन-जी

वर्ष 2019-20 में कुल निवेशकों में जेन-जी की हिस्सेदारी 23 .5 प्रतिशत थी, जो 2025-26 में बढ़कर 38 .3 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार 6 वर्षों में उसकी भागीदारी करीब डेढ़ गुना हो चुकी है। नए निवेशकों में भी जेन-जी का अनुपात 52.1 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में नए निवेशकों की औसत आयु 29 वर्ष से घटकर 27 वर्ष रह गई। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में निवेश की शुरुआत अब पहले की तुलना में कम उम्र में हो रही है। भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37 .7 करोड़ है। एक समय शेयर बाजार को बड़े शहरों, ऊंची आय वाले परिवारों और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था। जेन-जी ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है।

वर्ष 1997 से 2012 के बीच जन्मी जेनरेशन-जेड यानी जेन-जी का बड़ा हिस्सा अभी शिक्षा, रोजगार या करियर के शुरुआती पड़ाव पर है। इसके बावजूद शेयर बाजार में उसकी बढ़ती भागीदारी, उपभोग पर प्रभाव और ऋण चुकाने में दिख रहा अनुशासन संकेत देता है कि यह पीढ़ी भारतीय अर्थव्यवस्था की भावी दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वित्त वर्ष 2019-20 से 2025-26 के बीच शेयर बाजार से जुड़े प्रत्येक 10 नए निवेशकों में लगभग 6 की आयु तीस वर्ष से कम रही है।

वर्ष 2019-20 में कुल निवेशकों में जेन-जी की हिस्सेदारी 23.5 प्रतिशत थी, जो 2025-26 में बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार 6 वर्षों में उसकी भागीदारी करीब डेढ़ गुना हो चुकी है। नए निवेशकों में भी जेन-जी का अनुपात 52.1 प्रतिशत से बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में नए निवेशकों की औसत आयु 29 वर्ष से घटकर 27 वर्ष रह गई। इसका सीधा अर्थ है कि भारत में निवेश की शुरुआत अब पहले की तुलना में कम उम्र में हो रही है। एक समय शेयर बाजार को बड़े शहरों, ऊंची आय वाले परिवारों और अपेक्षाकृत अधिक उम्र के निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था। जेन-जी ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है। स्मार्टफोन, सस्ती इंटरनेट सेवा, आधार-आधारित सत्यापन, ऑनलाइन डीमैट खाते, डिजिटल भुगतान और निवेश मंचों ने छोटे शहरों तथा कस्बों के युवाओं के लिए भी बाजार के दरवाजे खोल दिए हैं। शेयर बाजार के कुल निवेशक आधार में जेन-जी की 38.3 प्रतिशत हिस्सेदारी उसकी बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। हर दस निवेशकों में करीब चार का इस पीढ़ी से होना भारतीय शेयर बाजार की सामाजिक और भौगोलिक संरचना में आ रहे व्यापक बदलाव को रेखांकित करता है। युवा निवेशकों की बढ़ती संख्या के कारण घरेलू बचत का एक हिस्सा पारंपरिक जमा साधनों से निकलकर वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहा है। नियमित और दीर्घकालीन निवेश में वृद्धि होने पर कंपनियों को बाजार से पूंजी जुटाने में सुविधा मिलती है। इस पूंजी का उपयोग उत्पादन क्षमता बढ़ाने, नई परियोजनाएं शुरू करने और रोजगार सृजित करने में किया जा सकता है। इसलिए युवा निवेशकों की भागीदारी का प्रभाव केवल शेयरों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वास्तविक अर्थव्यवस्था तक भी पहुंचता है। सेबी के निवेशक सर्वेक्षण 2025 के अनुसार, प्रतिभूति बाजार के उत्पादों के प्रति जेन-जी में जागरूकता 66 प्रतिशत थी, जो अन्य कई आयु-वर्गों की तुलना में अधिक है। इससे स्पष्ट है कि युवा केवल निवेश मंचों तक नहीं पहुंच रहे, बल्कि शेयर, म्यूचुअल फंड, विनिमय कारोबार वाले कोष और अन्य वित्तीय साधनों को समझने का प्रयास भी कर रहे हैं। कम उम्र में निवेश शुरू करने से उन्हें चक्रवृद्धि प्रतिफल का लाभ उठाने के लिए लंबी अवधि मिलती है। जेन-जी को अक्सर आवेग में खर्च करने वाली और कर्ज पर निर्भर पीढ़ी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन ऋण संबंधी आंकड़े इस धारणा का दूसरा पक्ष सामने रखते हैं। फिनटेक कंपनियों और नई पीढ़ी की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का कुल ऋण पोर्टफोलियो करीब 1.43 लाख करोड़ रुपए है। इसमें असुरक्षित ऋण की हिस्सेदारी लगभग 1.01 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से करीब 50,000 करोड़ का ऋण



जेन-जी को दिया गया है। इस प्रकार इन संस्थानों के असुरक्षित ऋण में जेन-जी की हिस्सेदारी लगभग 49.5 प्रतिशत है। संबंधित ऋणों की डिफॉल्ट दर दिसंबर 2024 में 0.42 प्रतिशत से घटकर जून 2025 में 0.35 प्रतिशत रह गई। यानी इसमें 0.07 प्रतिशत-बिंदु की कमी आई है। यह गिरावट संकेत देती है कि जेन-जी के अधिकांश उधारकर्ता समय पर ऋण चुका रहे हैं और असुरक्षित ऋण लेने के बावजूद उनमें वित्तीय अनुशासन दिखाई दे रहा है। इसके बावजूद असुरक्षित ऋणों को लेकर सावधानी जरूरी है, क्योंकि इनमें किसी संपत्ति की जमानत नहीं होती। आसान डिजिटल ऋण, तत्काल स्वीकृति और आकर्षक प्रस्ताव युवाओं को आय से अधिक उधारी के लिए प्रेरित कर सकते हैं। एक ऋण चुकाने के लिए दूसरा ऋण लेना आगे चलकर वित्तीय दबाव और चूक का कारण बन सकता है।

भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37.7 करोड़ है। यह पीढ़ी प्रत्यक्ष रूप से अथवा पारिवारिक खरीद-निर्णयों के माध्यम से करीब 71 लाख करोड़ रुपये के वार्षिक उपभोग को प्रभावित करती है। यह देश के कुल उपभोग का लगभग 43 प्रतिशत है। वर्ष 2035 तक जेन-जी से जुड़ा उपभोग करीब 1.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इससे आने वाले वर्षों में उसकी आर्थिक शक्ति और अधिक व्यापक होने का संकेत मिलता है। जेन-जी द्वारा प्रभावित 43 प्रतिशत उपभोग अर्थव्यवस्था में उसकी मांग-सृजन क्षमता को दर्शाता है। युवा जिन उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता देते हैं, कंपनियां उसी के अनुरूप उत्पादन, विपणन और निवेश की रणनीति बनाती हैं। यह पीढ़ी केवल खरीदार भी नहीं है। वह ऐप-आधारित सेवाओं की उपयोगकर्ता, डिजिटल सामग्री की निर्माता, स्टार्टअप की संस्थापक, स्वतंत्र पेशेवर, ऑनलाइन विक्रेता और निवेशक है। युवा निवेशकों की बढ़ती संख्या बाजार के लिए शुभ संकेत है, लेकिन डिजिटल दक्षता अपने आप वित्तीय परिपक्वता की गारंटी नहीं होती। सोशल मीडिया पर मिलने वाली अधूरी सलाह, प्रभावशाली व्यक्तियों की अप्रमाणित सिफारिशें, वायदा एवं विकल्प कारोबार का आकर्षण, क्रिप्टो परिसंपत्तियों की अस्थिरता और बिना पर्याप्त समझ के लिया गया असुरक्षित ऋण गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। शेयर बाजार दीर्घकालीन संपत्ति निर्माण का माध्यम है, त्वरित कमाई की मशीन नहीं।

जेन-जी को निवेश और सट्टेबाजी के अंतर, जोखिम-विविधीकरण, आपातकालीन कोष, बीमा, चक्रवृद्धि प्रतिफल और जिम्मेदार ऋण-व्यवहार की समझ देना आवश्यक है। वित्तीय संस्थानों और नियामकों को भी युवाओं के लिए सरल भाषा में वित्तीय शिक्षा, पारदर्शी ऋण शर्तें और प्रभावी निवेशक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। जेन-जी की वास्तविक शक्ति केवल उसके युवा होने में नहीं, बल्कि तकनीक के साथ उसकी सहजता, सीखने की तत्परता और परंपरागत आर्थिक व्यवहार बदलने की क्षमता में है। यदि उसे रोजगार, गुणवत्तापूर्ण वित्तीय शिक्षा, जिम्मेदार ऋण और सुरक्षित निवेश के अवसर मिलते हैं, तो उसकी बचत उत्पादक पूंजी में बदल सकती है। इससे कंपनियों को दीर्घकालीन संसाधन, बाजार को व्यापक निवेशक आधार और अर्थव्यवस्था को टिकाऊ मांग मिलेगी। जेन-जी के हाथ में स्मार्टफोन है और उसी स्क्रीन पर बैंक खाता, डीमैट खाता, ऋण, कारोबार तथा निवेश के अवसर भी हैं। चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि उसकी उंगलियां केवल बाजार की तेजी का पीछा न करें, बल्कि जोखिम समझते हुए भविष्य की संपदा रचें। ऐसा होने पर जेन-जी शेयर बाजार की नई सहभागी भर नहीं रहेगी, बल्कि भारत की निवेश-संस्कृति और आर्थिक विकास की मजबूत धुरी बन सकती है।

( लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्मृति दिवस विशेष
सच्चिदानंद वर्मा



# स्वयं को ईश्वर के साथ एकाकार करने में सहायक है क्रिया योग


भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) के भक्तों और विश्व में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फेलोशिप (एसआरएफ़) के सदस्यों द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को महावतार बाबाजी का स्मृति दिवस मनाया जाता है। आधुनिक युग में जिस क्रिया योग की चारों तरफ चर्चा होती रही है, उसके उद्धारक महावतार बाबाजी ही हैं। भारत के ईश्वर प्राप्त संतों ने उन्हें श्रद्धा से महामुनि बाबाजी महाराज,महायोगी तथा शिव बाबा नाम दिए हैं। बाबाजी ने कहा था कि कई राष्ट्रों के लाखों लोग इस पद्धति से व्यक्तिगत इंद्रियातीत अनुभव प्राप्त करेंगे, जिससे विश्व में शांति स्थापित होंगी। सर्वप्रथम महावतार बाबाजी के बारे में जानकारी संपूर्ण विश्व को परमहंस योगानंद की पुस्तक योगी कथामृत द्वारा मिली। इस पुस्तक के अनुसार आज भी महावतार बाबाजी शारीरिक रूप में विद्यमान है। वे आज भी बद्रीनाथ के हिमालयी क्षेत्रों में आसानी से विचरण करते रहते हैं। ये साधारण संन्यासी नहीं, बल्कि अवतारी पुरुष है। उनका संपूर्ण जीवन मानव उत्थान के लिए है। उनके जन्मस्थान और परिवार के बारे में किसी को पता नहीं। वे देश व काल से परे हैं। वे साधारणतया हिन्दी बोलते हैं। लेकिन वे किसी भी भाषा में बातचीत कर सकते हैं। वे कभी-कभी ही प्रकट होते हैं। वे मानवीय आकलन से परे और अकल्पनीय हैं। आध्यात्मिक अवस्थाओं की कई श्रेणियां होती हैं। उनमें से एक



महावतार भी है। वे मनुष्य और ईश्वर के बीच सेतु की तरह हैं, इसीलिए उन्होंने देह धारण किया है। योगदा और एसआरएफ के संन्यासी व भक्त 25 जुलाई को बाबाजी की स्मृति दिवस के रूप में इसलिए मनाते हैं क्योंकि 25 जुलाई 1920 को ही बाबाजी ने परमहंस योगानंद को दर्शन दिए थे। जब योगानंद एक बंद कमरे में ध्यानमग्न अवस्था में बैठकर ईश्वर से कुछ आश्वासन चाह रहे थे, तभी किसी ने दरवाजा खटखटाया। जब परमहंस ने दरवाजा खोला तो उन्होंने पाया कि उनके सामने महावतार बाबाजी खड़े हैं। महावतार बाबाजी कहते हैं कि तुम्हारी प्रार्थना सुन ली गई है। डरो मत। अमेरिका जाओ। वहां तुम्हारा संरक्षण किया जाएगा। बहुत वर्ष पहले मैं तुम्हारे गुरु युक्तेश्वर से एक कुंभ मेले मे मिला था और तभी मैंने उनसे कह दिया था कि मैं तुम्हें उनके पास शिक्षा ग्रहण के लिए भेजूंगा। असल में योगानंद को अमेरिका में एक धर्म सम्मेलन को संबोधित करने के लिए न्योता मिला था और वे अमेरिका जाने के पहले पूर्ण रूप से ईश्वर से आश्वस्त हो जाना चाहते थे कि कहीं वे पश्चिम सभ्यता में अपने असली उद्देश्य से भटक न जाएं। योगदा के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद योगी कथामृत पुस्तक को उद्धृत करते हुए बताते हैं कि इस क्रिया योग विज्ञान की खोज सतयुग में हुई। इसकी चर्चा श्रीमद्भगवद्गीता में भी की गई है। लेकिन कालांतराल में यह विलुप्त हो गया। पुनः महावतार बाबाजी चाहते थे कि इस क्रिया योग का पुनरुद्धार किया जाए। इसके लिए उन्हें एक उन्नत आत्मा की तलाश थी। उन्हें लाहिड़ी महाशय मिले। लाहिड़ी महाशय गृहस्थ थे। महावतार बाबाजी ने एक गृहस्थ को इसके लिए चुनकर संदेश दे दिया कि क्रिया योग केवल संन्यासियों के लिए ही नहीं, बल्कि एक गृहस्थ भी इसके द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। 1861 में लाहिड़ी महाशय रानीखेत में एक दिन द्रोणगिरि पर्वत पर टहल रहे थे। तब उन्हें ऐसा अनुभव हुआ कि कोई उन्हें पुकार रहा है। जिस तरफ से आवाज आ रही थी, वे उस ओर चल पड़े। अचानक देखा कि एक व्यक्ति ने उन्हें बाहों में भर लिया। दरअसल वे और कोई नहीं, महावतार बाबाजी ही थे। महावतार बाबाजी उन्हें गुफा में ले गए। जब लाहिड़ी महाशय के सिर पर हाथ फेरा, तो लाहिड़ी को अपने पूर्व जन्मों की सारी बातें स्मरण होने लगी। वे जन्मानंतर से बाबाजी के शिष्य थे। लाहिड़ी महाशय को वहां से भौतिक संसार में क्रिया योग को पहुंचाने का काम दिया गया। उन्हें कहा गया कि लोगों को बताओ कि गृहस्थ में रहकर भी क्रियायोग के माध्यम से स्वयं को ईश्वर के साथ एकाकार किया जा सकता है। जन्म-मरण के भय से सदा के लिए मुक्त हुआ जा सकता है। स्वामी ईश्वरानन्द बताते है कि वहां से फिर लाहिड़ी महाशय दानापुर लौटते हैं और फिर वहां से वाराणसी में अपना निवास स्थान बनाते हैं। इस प्रकार लाहिड़ी महाशय को उन्होंने विनम्रता का पाठ पढ़ाया। आज सम्पूर्ण विश्व में ईश्वर प्राप्ति के इच्छुक साधक महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि और परमहंस योगानन्द द्वारा सुझाए गए क्रियायोग मार्ग पर चल कर लाभान्वित हो रहे हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म्' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म्' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई।

## बहुदा यात्रा



ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को बहुदा यात्रा या वापसी रथ उत्सव से पहले भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों के सामने ओडिसी डांसर तस्वीरें खिंचवाते हुए।

## आज की पाती

**समय रहते क्यों नहीं संभली केंद्र सरकार?**

पेपर लीक मामले में दोषियों को खोजकर सजा देना सरकार के लिए कोई बहुत बड़ा काम नहीं है। दूसरी मांग शिक्षा मंत्री द्वारा इस्तीफा देना है। तीसरी मांग, जिन छात्रों की दुखद मृत्यु हुई है, उनके परिजनों को मुआवजा देना है। ये मांगें इतनी बड़ी नहीं हैं जितना बड़ा आंदोलन हो गया। इन मांगों को सरकार वार्ता के जरिये सुलझा सकती थी, जिसके लिए अधिकांशतः छात्र आंदोलित थे। समय रहते बातचीत करके समाधान खोजा जा सकता था सरकार द्वारा। क्योंकि बीच-बीच में बातचीत करने के लिए काकरोच जनता पार्टी के नेता भी कह रहे थे कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।

– **विजय प्रकाश पटेल**, चिरमिरी

## ट्रेंड

### खेल प्रतिभा का प्रदर्शन



कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आपका कौशल, समर्पण और अथक प्रयास निश्चित रूप से गेम्स में विश्व मंच पर भारत की शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### सरकार का स्पष्ट विज़न



केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की और छात्रों से जुड़े मुद्दों के समाधान के प्रति सरकार का स्पष्ट विज़न और प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके बाद, वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली


### पेपर लीक माफिया



पेपर लीक एक देशव्यापी समस्या है और राजस्थान भी इससे अछूता नहीं रहा है। सूबे में 2013 से 2018 के बीच बीजेपी सरकार के कार्यकाल में 12 पेपर लीक हुए, लेकिन कभी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। पेपर लीक माफिया और बेख़ौफ़ हो गया।

- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

### देशव्यापी विरोध प्रदर्शन




मैं सोनम वांगचुक के अनशन खत्म करने के फैसले का स्वागत करता हूं। देश के लिए उनकी ज़िंदगी और सेहत बहुत ज़रूरी है। चूंकि सीजेपी ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है, इसलिए मैं सभी से इसमें शामिल होने की अपील करता हूं।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# वेस्ट बैंक की जगह व लेबनान के किले विश्व धरोधर सूची में

संयुक्त राष्ट्र की एक समिति ने इजराइल की आपत्तियों के बावजूद शुक्रवार को वेस्ट बैंक के एक प्रमुख पुरातात्विक स्थल और दक्षिणी लेबनान के कई किलों को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने के पक्ष में मतदान किया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कुछ दिन पहले एक अपील में समिति से वेस्ट बैंक के छोटे शहर सेबास्तिया और लेबनान के किलों को सूची में शामिल करने के प्रयासों को खारिज करने को कहा था। इजराइल ने इन नामांकनों को 'सांस्कृतिक विरासत के हथियार के रूप में इस्तेमाल' बताया था। बुसान में हुई बैठक में यूनेस्को समिति के सदस्यों ने आपात आधार पर नामांकनों की समीक्षा करने के बाद सेबास्तिया और लेबनान के माउंट अमेल क्षेत्र के पांच किलों को विश्व धरोहर सूची तथा संकटग्रस्त विश्व धरोहर स्थलों की सूची, दोनों में शामिल करने का फैसला किया। सेबास्तिया, इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में नेबलस से करीब 10 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में एक पहाड़ी शहर है। इस शहर को विद्वान प्राचीन समरिया के रूप में पहचानते हैं। समरिया, बाइबिल में वर्णित इजराइल साम्राज्य की राजधानी थी।



## ऑफ बीट

# मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक

मसूड़ों की बीमारी – जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है – एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे-धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## किर्गिस्तान के विदेश मंत्री से मुलाकात | द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा, बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने किर्गिस्तान के चोलपोन अता में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के दौरान किर्गिस्तान के विदेश मंत्री जीनबेक कुलुबायेव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-किर्गिस्तान संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। मुलाकात के बाद कीर्ति वर्धन सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय साझेदारी में हुई प्रगति



की समीक्षा की और प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की।

### बेलारूस के विदेश मंत्री से की मुलाकात

एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के दौरान कीर्ति वर्धन सिंह ने बेलारूस गणराज्य के विदेश मंत्री मैक्सिम रिजेंकोव से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रिजेंकोव से मिलकर खुशी हुई। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-बेलारूस साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



### यरूशलम में भारतीय नागरिक की मौत संदिग्ध गिरफ्तार

**यरूशलम।** इजराइल की पुलिस ने यरूशलम में एक भारतीय नागरिक की हत्या के मामले में इलत निवासी 31 वर्षीय एक इजराइली नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय भारतीय नागरिक का शव गुरुवार को यरूशलम के कटामोन इलाके में मिला। वह एक मकान में फर्श पर खून से लथपथ पड़ा मिला था और उसके चारों ओर खून फैला हुआ था।
मोरिया पुलिस थाने के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक जांचकर्ताओं के साथ मिलकर प्रारंभिक जांच शुरू की।

## प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ज्यादती के खिलाफ याचिकाओं पर 27 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक के खिलाफ विरोध कर रहे छात्रों पर पुलिस की ज्यादती के आरोपों वाली 2 याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। ये सुनवाई 27 जुलाई को होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ के सामने वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने इस



मामले का जिक्र किया था। इस पर कोर्ट ने सुनवाई के लिए सहमति जता दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वकील शंकरनारायणन ने कहा, छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा से संबंधित 2 याचिकाएं हैं। यह मामला इसलिए जरूरी है, क्योंकि यह रोजाना हो रहा है। पुलिस बच्चों के खिलाफ अत्यधिक बल का प्रयोग कर रही है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने एनआईए जांच की मांग वाली याचिका खारिज की

वहीं, दिल्ली हाई कोर्ट ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च की राष्ट्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि किसी मामले की जांच एनआईए को सौंपना केंद्र सरकार का काम है, न कि कोर्ट का।

### विवादित जमीन पर दफनाया शव निकाला जाएगा

**सूरत।** गुजरात हाई कोर्ट ने भावनगर के एक मुस्लिम परिवार से कहा है कि वे विवादित जमीन पर दफन किए गए शव को गांव के आधिकारिक मुस्लिम कब्रिस्तान में स्थानांतरित करें। कोर्ट ने स्थानीय पंचायत का समर्थन करते हुए कहा कि विवादित जमीन पर शव दफनाए नहीं जाने चाहिए, खासकर जब गांव में ही एक उचित और पर्याप्त जगह वाला सामुदायिक कब्रिस्तान मौजूद हो। परिवार ने विवादित जगह चुनने का जो कारण बताया, वह कोर्ट को सही नहीं लगा और इसी वजह से उनकी याचिका खारिज कर दी गई। न्यायाधीश ने अपने फैसले में गांव के कब्रिस्तान के निरीक्षण का जिक्र किया।

### क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में 65.95 लाख की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे के 64 वर्षीय एक व्यक्ति को कथित तौर पर साइबर जालसाजों ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने का लालच देकर 65.95 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर, कलवा पुलिस ने बृहस्पतिवार को दो मोबाइल फ़ोन ऐप के संचालकों और दो अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक नौ जनवरी एवं 17 जुलाई के बीच ज़्यादा रिटर्न का लालच देकर शिकायतकर्ता से मोबाइल ऐप के जरिए 95,000 रुपये निवेश करवाया गया, लेकिन जब उसने अपनी मूल रकम और कमाई निकालने की कोशिश की, तो ऐप ने लेन-देन को रोक दिया।

### मणिपुर हिंसा मामले में विशेष अदालतों के गठन का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2023 से शुरू हुई मणिपुर की जातीय हिंसा से जुड़े मुकदमों की तेज सुनवाई के लिए विशेष अदालतें गठित करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्रीय जांच ब्यूरो और राज्य विशेष जांच दल को भी लंबित जांचें जल्द पूरी करने का निर्देश दिया है, ताकि प्रभावित लोगों को जल्द इंसाफ मिल सके। पीड़ितों को राहत पहुंचाने के मकसद से अदालत ने कहा कि आरोप पत्र उनके साथ साझा किए जाने चाहिए, ताकि कानूनी प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। अब कानूनी सहायता वकीलों को ये दस्तावेज एक हफ्ते के भीतर गुवाहाटी और मणिपुर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के दफ्तरों से मिल सकेंगे। यह तय करने के लिए कि कितनी विशेष अदालतों की आवश्यकता है, अदालत ने पूरी हो चुकी और चल रही सभी जांचों के साथ-साथ लापता व्यक्तियों से जुड़ी जानकारी भी तलब की है।


**Chhattisgarh Rural Roads Development Agency**
**VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**

NIT No. 1167, 1168, 1169 & 1170 /TC-T/CGRRDA/2026 Dated 24 /07 /2026

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for, PMGSY Road Year 2018-19 & PMGSY Road Balance work sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:-

| S. No. | NIT No | Work Name | Amount (Rs. in Lakhs) | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1167 | PMGSY Road year 2018-19 | Total Cost 144.01 Lakhs (excluding GST) (Const. Cost 124.01 Lakhs, Maint. Cost 20.00 lakhs.) | Bijapur | Percentage Rate of PMGSY SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur |
| 02 | 1168 | PMGSY Road Balance work | Total Cost 668.87 Lakhs (excluding GST) (Const. Cost 594.07 Lakhs, Maint. Cost 74.80 lakhs.) | Dantewada | Percentage Rate of PMGSY SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur |
| 03 | 1169 | PMGSY Road Balance work | Total Cost 1788.93 Lakhs (excluding GST) (Const. Cost 1537.13 Lakhs, Maint. Cost 251.80 lakhs.) | Bijapur | Percentage Rate of PMGSY SOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur |
| 04 | 1170 | PMGSY Road Balance work | Total Cost 1788.93 Lakhs (excluding GST) (Const. Cost 1537.13 Lakhs, Maint. Cost 251.80 lakhs.) | Bijapur | Percentage Rate of PMGSY SOR 04.02.2016 issued by CE, CGRRDA Raipur |

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 27.07.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Chief Engineer (Tender Cell)
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail : pmgsyrc4@yahoo.co.in

S-48552/2



संख्या A-12011/3/2025-स्था.
**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग**

मानव अधिकार भवन,
ब्लॉक-C, GPO कॉम्प्लेक्स,
INA, नई दिल्ली-110023

**प्रतिनियुक्ति रिक्ति सूचना/परिपत्र संख्या 07/2026**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित मौजूदा/संभावित रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | वेतनमान | रिक्तियों की संख्या | क्र. सं. | पद का नाम | वेतनमान | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) | स्तर-12 | 01 | 11. | वरिष्ठ अनुसंधान सहायक | स्तर-7 | 01 |
| 2. | सहायक रजिस्ट्रार | स्तर-11 | 01 | 12. | सहायक प्रोग्रामर | स्तर-6 | 02 |
| 3. | वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी | स्तर-11 | 02 | 13. | लेखाकार | स्तर-6 | 02 |
| 4. | प्रधान निजी सचिव | स्तर-11 | 01 | 14. | स्टाफ कार ड्राइवर (ग्रेड-1) | स्तर-5 | 01 |
| 5. | सहायक सूचना अधिकारी [अति.निदेशक (प्रकाशन)] | स्तर-10 | 01 | 15. | सहायक लाइब्रेरियन | स्तर-4 | 01 |
| 6. | अनुसंधान अधिकारी | स्तर-10 | 02 | 16. | स्टाफ कार ड्राइवर (ग्रेड-II) | स्तर-4 | 01 |
| 7. | पुलिस उपाधीक्षक | स्तर-10 | 02 | 17. | स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड) | स्तर-2 | 03 |
| 8. | सहायक लेखा अधिकारी | स्तर-08 | 01 | 18. | कांस्टेबल | स्तर-3 | 01 |
| 9. | निजी सहायक | स्तर-7 | 03 | 19. | डिस्पैच राइडर | स्तर-2 | 01 |
| 10. | निरीक्षक | स्तर-7 | 06 | | | | |

**ध्यान दें:**
1. रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और इसमें बदलाव हो सकता है।
2. जो उम्मीदवार योग्य हैं और एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें हर पद के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करने होंगे।
3. आयोग के पास यह अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताए और बिना पहले से सूचना दिए, किसी भी चरण में इस रिक्ति सूचना में बदलाव कर सकता है, इसे रद्द कर सकता है या वापस ले सकता है।
4. ऊपर बताए गए पदों के लिए योग्यता की विस्तृत शर्तें और आवेदन प्रपत्र आयोग की वेबसाइट [www.nhrc.nic.in] पर उपलब्ध हैं।
5. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि, रोजगार समाचार पत्र में यह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 45 दिन बाद तक है।
6. जो आवेदन अपूर्ण होंगे, सीधे उम्मीदवारों से प्राप्त होंगे, बिना निर्धारित दस्तावेजों के प्राप्त होंगे या निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होंगे, उन पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें तुरंत निरस्त किया जा सकता है।

अवर सचिव (स्था.)
cbc 53101/11/0008/2627 फ़ोन: 011-24663278



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि धरसींवा वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले 33/11 के.व्ही. धरसींवा में एस.टी.एम. कार्य हेतु विद्युत लाईन **दिनांक 25.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे से 01:30 बजे तक** प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण फीडर से निकलने वाले समस्त दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | 33 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.07.2026 | धरसींवा | 33/11 के.व्ही. धरसींवा, 11 के.व्ही. देवरी, 11 के.व्ही. मोहदी, एवं 11 के.व्ही. बरतनारा फीडर | धरसींवा, चरोदा, परसतराई, बरतनारा, मोहदी, गोढ़ी, तिवरैया, कपसदा, कुकेरा में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। |

**"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।"**
**असुविधा के लिए खेद है**

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाइए"

धनंजय कुमार वर्मा
कर्मचारी संख्या - 92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

S-48556/2 Credible Chhattisgarh



**CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY**
(Dept. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)
VIP Road (Airport Road), Near Energy Education Park, Raipur (C.G.)
Tel.: 70002-51010 E-mail: credatendercell@gmail.com Web: www.creda.co.in

NIT Ref. No.4910/CREDA/Solar Module/2026-27 Date: 23.07.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

CREDA invites online tender for standardization of rates for supply of crystalline silicon solar modules of different capacities with ten years onsite warranty conforming to the BIS & MNRE standards anywhere in the state of Chhattisgarh from registered vendors (Manufacturer or Dealer/Distributor of Module manufacturer) of CREDA(As per clause 9,page no 11 section-01) for supply of solar modules with 3 years track record in the field of manufacturing and supply of solar modules

| | | |
|---|---|---|
| Inspection of Sample | : | 10.08.2026 at 03:00 PM |
| Last date of submission of Online Bid | : | 13.08.2026 till 5:00 PM |
| Opening of Online Bid | : | 19.08.2026 03:00 PM onwards |

Technical Bid and Price Bid shall be submitted online only at "https://gem.gov.in" Bidders are advised to follow the instructions provided for Registration and e-Submission Process accordingly in the Gem Portal. (For any query about e-bidding please visit user manual at https://gem.gov.in.)

Tender document with all terms and conditions is available at **www.creda.co.in** and at **https://gem.gov.in**

CREDA reserves all rights to accept/reject any or all tenders in full/part without assigning any reasons.

Chief Engineer
CREDA



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर**
**फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395,**
**E-mail : dc_rmc@rediffmail.com**

क्रमांक / Q / RMC / PMAY-HFA / 2026 रायपुर, दिनांक: 24/07/2026

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के घटक "भागीदारी में किफायती आवास" (ए.एच.पी.) अंतर्गत निर्मित होने वाले नॉन स्लम परियोजनाओं में विज्ञापन क्रमांक 01 / 2026 दिनांक 30.06.2026 जारी कर कुल 13 स्थलों के लिए 2616 मकानों के आबंटन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.07.2026 सायं 5.30 बजे तक कुल 5841 आवेदन प्राप्त हुये है। जारी विज्ञापन अनुसार प्रारंभिक पात्र / अपात्र आवेदनों की सूची का प्रकाशन दिनांक 20.07.2026 तक किया जाना था। विज्ञापित आवासों से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण वर्तमान में निम्नानुसार 04 परियोजनाओं की प्रारंभिक पात्र / अपात्र सूची, नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट लिंक https://nagarnigamprojects.in/PMAY/site/index में तथा नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय के भूतल पर स्थित सूचना पटल में जनसामान्य के अवलोकन हेतु चस्पा कर प्रकाशित की गयी है।

प्रारंभिक सूची का प्रकाशन किये गये 04 परियोजनाओं से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है:-

| सं. क्र. | परियोजना का नाम / परियोजना स्थल में आबंटन हेतु उपलब्ध आवास | प्राप्त आवेदन | पात्र | अपात्र |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 192 Dus Near VIP City, Saddu / (192) | 61 | 35 | 26 |
| 02 | 120 Dus Near Housing Board Colony, Saddu / (120) | 21 | 13 | 8 |
| 03 | 160 Dus Near Rajwada City, Saddu / (160) | 149 | 70 | 79 |
| 04 | 160 Dus Near Vip City, Saddu / (160) | 172 | 74 | 98 |

उक्त परियोजनाओं के समस्त आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि, अपनी पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी, नगर पालिक निगम, रायपुर के उपरोक्त उल्लेखित लिंक में जाकर अपने पंजीकृत मोबाईल नम्बर का उपयोग करते हुये 'आवेदक लॉगिन करे' में, लॉगिन कर प्राप्त कर सकते है।इसके साथ ही वेबसाईट में उक्त जारी सूची में किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु नगर पालिक निगम, रायपुर मुख्यालय के भूतल में स्थित Reception Counter / पूछताछ केन्द्र में लिखित रूप से अपनी दावा-आपत्ति, दिनांक 03.08.2026 तक (कार्यालयीन दिवस) कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से सायं 05:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। शेष परियोजनाओं हेतु पृथक से पत्र एवं सूची जारी की जावेगी।

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

Assistant Engineer
Municipal Corporation
Raipur (C.G.)



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**-:: शुद्धि पत्र क्रमांक-02 ::-**

निविदा सूचना क्रमांक 03/ व.ले.लि./ 2026-27 दिनांक 03.07.2026 निविदा सिस्टम नम्बर 194617 (प्रथम आमंत्रण) **जी नम्बर-262701925 एवं शुद्धि पत्र क्र. 1 जी नम्बर 262702102** निविदा सूचना क्रमांक 04/व.ले.लि. /2026-27 दिनांक 03.07.2026 निविदा सिस्टम नम्बर 194644 (प्रथम आमंत्रण) **जी नम्बर-262701925 एवं शुद्धि पत्र क्र. 1 जी नम्बर 262702102** निविदा सूचना क्रमांक 05/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 03.07.2026 निविदा सिस्टम नम्बर 194646 (प्रथम आमंत्रण) **जी नम्बर-262701925 एवं शुद्धि पत्र क्र. 1 जी नम्बर 262702102** एवं निविदा सूचना क्रमांक 06/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 03.07.2026 निविदा सिस्टम नम्बर 194647 (प्रथम आमंत्रण) **जी नम्बर-262701925 एवं शुद्धि पत्र क्र.1 जी नम्बर 262702102** में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| S.No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | **Bid Start date & time** (The date and time from which bidders start preparation / submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed.) | 28.07.2026 | 17:31 |
| 2 | **Bid Due date & time** (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted.) | 11.08.2026 | 17:30 |
| 3 | **Bid Open, Start date & time** (The date of opening of Envelope- A & B online) | 13.08.2026 | 11:30 |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

G-262702348/4



**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR Zone-10**
Email:- rmczone10@gmail.com, e-Procurement Tender Notice Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (2nd Call)

NIT NO: 15 RAIPUR, DATED: 24.07.2026

Online bids are invited for the following works up to **10.08.2026** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 196098 | नगर पालिक अंतर्गत साहू समाज भवन के पास पुष्पांजली नगर पुलिस लाईन में नाला निर्माण कार्य। (राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि SDMF) | 35.00 Lakh |
| 2 | 196099 | नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत शिव मंदिर के पास अमलीडीह में नाला निर्माण कार्य। (राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि SDMF) | 40.00 Lakh |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **24.07.2026** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE:** - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER
(ZONE -10), MUNICIPAL
CORPORATION RAIPUR (C.G.)



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)**
दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885 ईमेल : sel.raipur@gov.in

**निविदा तिथि संशोधन सूचना**

ज्ञाप क्र. 5103/ 40-87/ सा.26 (9) रायपुर, दिनांक - 22/07/2026

इस कार्यालय द्वारा कांसेप्ट प्लान एवं दर आमंत्रित करने हेतु लगाए गए निम्न निविदाओं (Open RFP) की निर्धारित अंतिम तिथि को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है :-

| क्र. | विवरण | पूर्व तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | राज्य स्तरीय 'मल्टी स्टोरी जी-टाईप क्वार्टर' हेतु Planning Design, Estimation, DPR एवं Structural Design तैयार कराने वास्तुविद की नियुक्ति हेतु Open RFP आमंत्रित करने बाबत । | 23.07.2026 17:30 | 05.08.2026 17:30 |
| 2 | राज्य स्तरीय 'नवीन विश्रामगृह' हेतु Planning Design, Estimation, DPR एवं Structural Design तैयार कराने वास्तुविद की नियुक्ति हेतु Open RFP आमंत्रित करने बाबत । | | |
| 3 | राज्य स्तरीय 'मल्टी स्टोरी एफ-टाईप क्वार्टर' हेतु Planning, Design, Estimation, DPR एवं Structural Design तैयार कराने वास्तुविद की नियुक्ति हेतु Open RFP आमंत्रित करने बाबत। | | |
| 4 | राज्य स्तरीय 'मल्टी स्टोरी ई-टाईप क्वार्टर' हेतु Planning Design, Estimation, DPR एवं Structural Design तैयार कराने वास्तुविद की नियुक्ति हेतु Open RFP आमंत्रित करने बाबत। | | |

जी.नं. - 262701909, 262701910, 262701911, 262701912,

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, .
मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

G- 262702341/3



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail :eeciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/1603 Raipur, dtd.21.07.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-


**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/49, Rfx No.- 8100052272,** Construction of 02 Nos. 132 KV feeder bay for accommodating proposed 132 KV DCDS Semariya.; **NIT Value:-**Rs. 16.56 Lakhs **EMD:-** Rs. 16,600/, **Completion Period:- 03 Months.2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/51, Rfx No.- 8100053011,** Extension of Control room at 132/33 KV S/s Kondagaon.; **NIT Value:-**Rs. 12.73 Lakhs **EMD:-** Rs. 12,800/, **Completion Period:- 06 Months.3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/52, Rfx No.- 8100053025,** Extension of Control room building at 132/33 KV S/s Dongargaon.; **NIT Value:-**Rs. 16.43 Lakhs **EMD:-** Rs. 16,500/, **Completion Period:-04 Months. 4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/53, Rfx No.- 8100052726,** Construction of 03 bay shed storage for equipment at 132/33 KV S/s Chaple.; **NIT Value:-** Rs. 11.96 Lakhs **EMD:-** Rs. 12,000/, **Completion Period:-03 Months.5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/54, Rfx No.- 8100053028,** Providing services of 01 No. Computer operator (High Skilled Labour) & 02 No. Semi-Skilled Labour through outsourcing for one year for the O/o E.E. (Civil) Dn., CSPTCL, Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs. 6.52 Lakhs **EMD:-**Rs. 6,600/, **Completion Period:-12 Months.**

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 02, 03, 04, 05 is Rs.2000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 13.08.2026 for Sl. No.- 01, 02; dt. 14.08.2026 for Sl. No.- 03, 04; dt. 17.08.2026 for Sl. No.- 05.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

(Sanjay Tiwari)
SAVE ELECTRICITY Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur



**पंडित माधव राव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान**



जन्म-19 जून 1871
निधन-23 अप्रैल 1926

छत्तीसगढ़ शासन, जनसंपर्क विभाग द्वारा देश के प्रसिद्ध साहित्यकार और छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के जनक स्वर्गीय पंडित माधवराव सप्रे की स्मृति में राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान की स्थापना की गयी है। यह सम्मान प्रति वर्ष ऐसे व्यक्ति/मनीषी को दिया जाएगा, जिन्होंने मीडिया के क्षेत्र में अपने विशिष्ट रचनात्मक लेखन और हिन्दी भाषा के प्रति समर्पण भाव से रचनात्मक कार्य करके राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। चयनित मनीषी को राज्य अलंकरण समारोह 2026 के अवसर पर प्रशस्ति पत्र सहित 02 लाख 50 हजार रूपए की सम्मान राशि भेंट की जाएगी। वर्ष 2025 के राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान हेतु प्रस्ताव / अनुशंसा पत्र दिनांक 25 अगस्त 2026 तक आमंत्रित हैं।

कृपया प्रस्ताव / अनुशंसा पत्र निम्नलिखित पते पर सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा भेजें—संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला— रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन कोड—492002

पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान की अधिसूचना छत्तीसगढ़ शासन के राजपत्र (असाधारण) में 30 अप्रैल 2014 के अंक में प्रकाशित की गयी है, जिसमें चयन प्रक्रिया और नियमों का विस्तार से उल्लेख है। कृपया विस्तृत जानकारी के लिए जनसंपर्क विभाग की वेबसाइट www.dprcg.gov.in में अधिसूचना का अवलोकन करने का कष्ट करें।

आयुक्त
जनसम्पर्क संचालनालय
छत्तीसगढ़ रायपुर

G-262702357/4

# एफ आईआर



फिल्मी पर्दे पर आपने गैंग्स ऑफ वासेपुर की कहानी देखी होगी, लेकिन सरगुजा में इसी गैंग से जुड़े गैंगस्टरों के 13 साल तक छिपकर रहने की कहानी उससे कम चौंकाने वाली नहीं है। धनबाद में हत्या और गैंगवार के मामलों में वांछित और सजायाफ्ता अपराधियों ने सरगुजा को अपनी सुरक्षित पनाहगाह बनाया। यहां सिर्फ पहचान छिपाकर रहे ही नहीं, बल्कि कारोबार खड़ा कर संपत्ति बनाई और अपना नया साम्राज्य भी खड़ा कर लिया। इस पूरे नेटवर्क के पीछे कौन था, गैंगस्टरों को सरगुजा तक कौन लाया, किसने उन्हें संरक्षण दिया और फर्जी पहचान के सहारे यहां रहने में किस-किस ने मदद की धनबाद पुलिस की दबिश के बाद अब इन सवालों के जवाब तलाशे जा रहे हैं। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया है कि यह महज एक गैंगस्टर के छिपकर रहने का मामला नहीं, बल्कि सरगुजा में अपराधियों के एक बड़े नेटवर्क के पैर पसारने की कहानी है, जिसकी कई परतें अभी खुलना बाकी हैं।

## सरगुजा में 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' का अंडरग्राउंड साम्राज्य !




● अंबिकापुर से नदीम अंसारी

धनबाद के डायमंड क्रॉसिंग के समीप हुए हत्याकाण्ड में पुलिस ने उस समय साबीर आलम, शाहिद आलम, जावेद खान सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था और इस मामले में धनबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही थी। वर्ष 2013 में सुनवाई के दौरान कोर्ट परिसर से साबीर आलम, जावेद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। वर्ष 2018 में कोर्ट ने शाहिद आलम व अन्य आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है, हालांकि वर्ष 2013 में सुनवाई के दौरान कोर्ट से पुलिस को चमका देकर साबीर आलम फरार हो गया था। इस मामले में आलम और उसके सहयोगी को झारखंड के हाईकोर्ट ने भगोड़ा घोषित करते हुए आजीवन कारावास की सजा दी थी और संपत्ति कुर्की का भी आदेश दिया गया था।

घटनाक्रम की शुरुआत 18 अक्टूबर 2001 को उस समय हुई थी, जब अपनी पुरानी दुश्मनी और वर्चस्व की लड़ाई के कारण गैंगस्टर साबीर आलम, शाहिद आलम ने अपने साथियों के साथ मिलकर वासेपुर के डॉन फहीम खान की मां नजमा खातून और चाची शहनाज की धनबाद के डायमंड क्रासिंग पर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इसी हत्याकांड के बाद गैंगस्टर पिछले 13 सालों से शहर में रह रहा था। 29 जून की रात आठ बजे जब धनबाद की पुलिस बरोरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभय कुमार के नेतृत्व में मुखबिर से मिली सूचना के बाद गैंगस्टर साबीर आलम को पकड़ने पहुंची थी। इस दौरान साबीर ने शोर मचाकर कार्रवाई का विरोध किया और लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर आरोपी पुलिस को चकमा देकर अपने साथी जावेद के साथ फरार हो गया था। इसी के बाद सरगुजा में गैंगस्टर के छिपकर रहने की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद हड़कंप मच गया था।

### 13 साल से छिपे थे गैंगस्टर, कारोबार खड़ा किया पहचान बदली, अब खुल रहे एक-एक कर राज





#### गैंस्टर शाकिब अफजल भी छिपा था सरगुजा में

सरगुजा और गैंग्स ऑफ वासेपुर के गैंगस्टरों के कनेक्शन की परत अब लगातार खुलती जा रही है। इस बीच एक और हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आई। गैंग्स ऑफ वासेपुर की टीम का एक और गैंगस्टर शाकिब अफजल भी पहले 13 सालों से शहर में ही छिपा हुआ था। शाकिब अफजल पर वर्ष 2004 में धनबाद के डॉन फहीम खान के दफ्तर पर एके-47 और पिस्टल से हमले का आरोप है। इस मामले में साबीर आलम और उसके भाइयों पर जेल में रहकर हमला कराने का भी आरोप लगा था। हमले में एक निजी सुरक्षाकर्मी और पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। इस हत्याकांड में अपराध दर्ज होने के बाद से ही शाकिब अफजल झारखंड से फरार हो गया था। कोर्ट के निर्देश पर उसका भी घर कुर्क हुआ, जिसके बाद वह अंबिकापुर पहुंचा और अपनी पहचान बदल ली। इस दौरान शहर से लगे लालमाटी इलाके में जंगल किनारे बड़ा सा मकान बनाकर रहने लगा। शाकिब अफजल होटल चलाने के साथ ही जमीन का कारोबार करता था और साबीर आलम व बैदुल खान के कारोबार को भी संभाल रहा था। जिस दिन झारखंड पुलिस साबिर आलम को पकड़ने के लिए सरगुजा पहुंची और आरोपियों को पकड़ने में नाकाम हुई, उसी समय इस बात की भनक लगते ही शाकिब अफजल भी सरगुजा से फरार हो गया।



#### खुलने बाकी हैं अभी कई और राज

सरगुजा और गैंग्स ऑफ वासेपुर कनेक्शन में अभी और भी कई राज खुलने बाकी हैं। गैंगस्टर को शहर में लाने के बाद उनकी पहचान छिपाने के लिए किस तरह के दस्तावेज तैयार किए और दस्तावेज तैयार करने में किन किन लोगों ने सहयोग किया, यह अब तक सामने नहीं आई है। इसके साथ ही उनका कारोबार क्या सिर्फ बस-एम्बुलेंस संचालन, जमीन कारोबार तक ही सीमित था या फिर और भी कई कारोबार चल रहे थे। आरोपियों को किस तरह सरगुजा लाया गया यह भी एक बड़ा सवाल है। इन सभी सवालों का जवाब अब गैंगस्टर साबीर आलम, जावेद खान, शाकिब अफजल के गिरफ्तार होने के बाद ही सामने आ सकेगा।

#### छिपकर रह रहा था शहर में, बनाया साम्राज्य

आरोपी साबीर आलम और उसका सहयोगी जावेद कोर्ट से फरार होने के बाद लगातार कई राज्यों में पुलिस से बचते फिर रहे थे। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि गैंगस्टर कब सरगुजा आया, लेकिन बताया जा रहा है कि 13 साल पहले दोनों अंबिकापुर आए थे। उन्हें सरगुजा में लाने और सुरक्षित पनाह देने का काम शहर के एक बड़े व्यवसायी और बस संचालक बैदुल खान ने किया। बैदुल खान और साबीर आलम के बीच रिश्तेदारी की भी बात सामने आई है। अपनी रिश्तेदारी के कारण ही वह सरगुजा तक पहुंचा था। दोनों ने मिलकर बस संचालन का कार्य शुरू किया। इस दौरान उन्होंने बसों के साथ ही एम्बुलेंस का संचालन किया। सरगुजा में रहते हुए साबीर आलम ने अपना एक शानदार मकान भी तैयार किया। यही वजह है कि कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर को संरक्षण देने और उसके साथ कारोबार करने के मामले में बस संचालक बैदुल खान और अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की 249 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल बैदुल खान फरार चल रहा है।

#### पुलिस ने कसना शुरू किया शिकंजा

पुलिस ने गैंगस्टर को पनाह देने के मामले में एक तरफ बैदुल खान के खिलाफ अपराध दर्ज किया तो वहीं आरोपियों को भगाने और उनका सहयोग करने वालों के खिलाफ झारखण्ड पुलिस की ओर से भी अपराध दर्ज कराया गया है। धनबाद से बरोरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभय कुमार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों हबीबनगर नया बस्ती निवासी 30 वर्षीय जुनैद खान आ.मोहम्मद जाहिद खान व 59 वर्षीय मोहम्मद जाहिद खान आ. मोहम्मद अयुब खान पिता पुत्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 132, 126(2), 296(बी), 351(3), 263 (ई), 352, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। आरोप है कि पिता पुत्र ने ना सिर्फ गैंगस्टर को भागने में सहयोग किया, बल्कि मोहल्ले के सभी सीसीटीवी कैमरों से सुबूत को अपने प्रभाव के दम पर हटवा दिया। झारखंड पुलिस के साथ ही अब सरगुजा की पुलिस भी सरगुजा में छिपे गैंगस्टरों की तलाश में जुट गई है।

---

कोई कैसे अकारण मां, पत्नी और तीन बच्चों की जान लेकर खुद अपनी जान दे सकता है? न कोई कलह-क्लेश, न कोई आर्थिक तंगी और न ही कोई ऐसा गम, जो उसे भीतर ही भीतर साल रहा हो.. फिर 1 सितंबर 2013 की उस मनहूस रात को देवनारायण देशमुख के सिर पर ऐसा क्या फिर सवार हो गया कि उसने एक-एक कर पांच जाने ले ली। पांच हत्याओं के बाद भी वह विचलित नहीं था, क्योंकि उसने इत्मिनान से अपने पिता को फोन किया और अपनी करतूत की जानकारी दी और यह भी बताया कि अब अपनी जान देने जा रहा है। देवनारायण ने ऐसा क्यों किया..यह आज भी रहस्य बना हुआ है। क्योंकि आरोपी भी जीवित नहीं रहा इसलिए पुलिस ने मामले को खात्मे में डाल दिया है।



● भिलाई से जेएम तांडी



## वह खूनी रात, मां, पत्नी और तीन बच्चों की बेरहमी से जान लेकर झूला फंदे पर

वारदात भिलाई से 55 किमी दूर ग्राम जंजगिरी की है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पुष्पा (30), पुत्री कविता (08), रेणु (06), पुत्र देवेंद्र कुमार (05) और मां झामिन बाई (55) की हत्या कर दी। इसके बाद वह खुद भी फांसी के फंदे पर झूल गया। यह घटना है कि 1-2 सितंबर 2013 की दरम्यानी रात की थई, जब सभी नींद के आगोश में सो चुके थे। वारदात की वजह का अब तक कुछ भी पता नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के मुताबिक 35 वर्षीय देवनारायण देशमुख कैटरिंग और खेती किसानी का काम करता था। कुछ दिन से वह काम पर भी नहीं जा रहा था। घटना के दिन रात में जब परिवार वाले सो रहे थे, तो उसने एक-एक कर सभी पर हथौड़े (घन) से ताबडतोड़ वार किया और मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद जमीन पर पड़े शव को लांघ कर दूसरे कमरे में गया, जहां छत की हुक में फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। घटना की जानकारी पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। इस वरादात की खबर उसके चचेरे भाई ने पुलिस थाने में दी। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस महकमे में भी खासी खलबली मच गई थी। पुलिस के कई आला अफसरों ने एक के बाद एक गांव पहुंचकर घटना से जुड़े हर पहलुओं के बारे में जानने का प्रयास किया, लेकिन हत्या के कारणों का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया। इधर पुलिस ने पिता ज्ञान सिंह से पूछताछ की, तो उसने बताया कि देवनारायण 10-15 दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। 31 अगस्त शनिवार 2013 को गांव पहुंचने पर उसने बताया कि तबियत कुछ ठीक नहीं है, इसलिए काम पर नहीं जा रहा है।

### तेरह साल पहले हुई थी घटना, अंडा पुलिस थाना क्षेत्र की वारदात



#### आंखों में ही रह गए कई सवाल

एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत के बाद से जंजगिरी में माहौल गमगीन हो गया था। घटनास्थल देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा होने लगी थी। लोग घरों की छतों पर चढ़कर कारणों के बारे में जानने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें संभालने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। घटना को लेकर पूछने पर भी कोई कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था। शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल दुर्ग रवाना करने के बाद ही भीड़ को मकान के भीतर प्रवेश करने दिया गया। अंदर का मंजर देखने के बाद लोगों की आंखों में कई सवाल थे, लेकिन सभी ने चुप्पी साध ली थी।

#### हत्या के बाद किया पिता को फोन

आरोपी देवनारायण ने खुदकुशी से पहले रात 3.24 बजे अपने शिक्षक पिता ज्ञान सिंह देशमुख को फोन किया। उसने बताया कि मां झमिन बाई, पुष्पा और 4 वर्षीय पुत्र देवेन्द्र को मार दिया। देवनारायण ने बेटी 10 वर्षीय कविता 8 वर्षीय वेणु की हत्या की जानकारी नहीं दी। इसके पहले कि ज्ञान सिंह कुछ पूछ पाते आरोपी बेटे ने यह कहते हुए फोन काट दिया कि वह भी अब खुदकुशी करने जा रहा है। घबराए, सहमे पिता ने अंबिकापुर में पदस्थ आरक्षक बेटे राजनाथ सिंह को और उसने जंजगिरी की ही दूसरी बस्ती में रहने वाले चाचा गिरधर देशमुख के बेटे राजकुमार को इसकी जानकारी दी थी।

#### बरामदे में हर तरफ खून ही खून

राजकुमार घर की दीवार फांदकर भीतर घुसा। बरामदे से लगे दोनों कमरे के दरवाजे खुले थे। एक कमरे में बिस्तर पर आरोपी की पत्नी व तीनों बच्चों का खून से लथपथ शव पड़ा था। बाजू के कमरे में उसकी मां झामिन बाई का शव पलंग के किनारे पड़ा था। सभी के सिर पर हथौड़े के जोरदार वार के निशान थे। इसके अलावा आरोपी के घटना को अंजाम देने के पहले चार दिन से नहीं सोने की भी बात सामने आई थी।

#### मानसिक रोगी था

पुलिस ने बताया कि आरोपी देवनारायण देशमुख करीब 15 वर्ष पूर्व मानसिक रोगी था। यह स्थिति करीब 5 माह तक रही रही। पास के गांव आमटी में एक बाबा ने दवा बनाकर दी। जिसे महीने भर पीने के बाद वह ठीक हो गया। मानसिक अस्वस्थता के दौरान राजनांदगांव चला गया था। यहां लाल बाग पुलिस ने किसी मामले में अपराध दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया था। परिजनों को इसकी जानकारी लगने पर उसे जमानत पर रिहा कराया था।

---

पति-पत्नी के बीच का आपसी विवाद एक सिरफिरे व्यक्ति को क्रूर कातिल बना देगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। स्कूल से दोपहिया से लौट रही पत्नी को पति ने पहले नेशनल हाईवे पर बोलेरो से रौंद डाला। यही नहीं, जब उसने देखा की पत्नी की सासें अब भी चल रही है तो उसने लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार करते हुए सड़क पर ही पत्नी की हत्या कर दी।





● मोहला से एनिश पुरी गोस्वामी

### यू ट्यूब देखकर कातिल पति ने बनाई थी पुलिस से बचने की प्लानिंग

## पहले बोलेरो से रौंदा, सासें चलती देख रॉड से पीट-पीटकर पत्नी को मार डाला

जांच होने पर यह बात सामने आई कि शेरपार हाई स्कूल में पदस्थ गणित की व्याख्याता की मौत सड़क हादसे में नहीं हुई है। इंजीनियर पति ने प्लानिंग के तहत इस वारदात को अंजाम दिया था। 22 मार्च 2026 शनिवार को स्कूल से छुट्टी के बाद व्याख्याता अपने स्कूल में ही पदस्थ महिला प्यून के साथ स्कूटी से अपने घर दुर्ग लौट रही थी। इसी समय दल्ली राजहरा मानपुर नेशनल हाईवे 930 में इंजीनियर पति अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने मौत बन के खड़ा हुआ था। उसने हाईवे में पत्नी को पहले बोलेरो वाहन से रौंद डाला, सांस चलने पर रॉड से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। शुरूआत में पुलिस प्रशासन और आम नागरिक इस घटनाक्रम को एक सामान्य सड़क हादसा समझ रहे थे, लेकिन परिजनों के द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त की गई। पुलिस की गहन जांच में मामला सड़क हादसे का नहीं, इंजीनियर पति के द्वारा रची गई दुर्दांत हत्याकांड में परिवर्तित हो गया।

#### बच्चों ने पुलिस को दी हत्याकांड की लीड

22 मार्च 2026 घटना के दिन आरोपी शीशपाल वासनिक और साथी कयामुद्दीन खान सुबह 5 से 6 बजे के बीच बोलेरो वाहन से शेरपार गांव पहुंच गए। दोनों आरोपी हाईवे की रेकी करते हुए हाई स्कूल में अध्यनरत बच्चों से बोलेरो वाहन में बैठकर व्याख्याता बरखा वासनिक के आने जाने के संबंध में पूछताछ करते रहे। सीसीटीवी फुटेज बोलेरो नंबर स्कूल के बच्चों के दिए गए बयान के बाद दल्ली राजहरा पुलिस ने जांच दोबारा शुरू की, जहां से पता चला कि पति पत्नी के बीच अनबन थी। इस बात से इंजीनियर शीशपाल वासनिक नाराज था। इसी के कारण पत्नी को मारने की साजिश रची, बरखा के आने जाने की टाइमिंग, रास्ता, रोजमर्रा की आदतों की रेकी कर अन्य साथी कयामुद्दीन को 60 हजार देकर गाड़ी में रौदने के लिए अपने साथ शामिल किया।

#### छुट्टी होने के बाद वापस दल्ली राजहरा दुर्ग की ओर जा रहे थे

आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने वाली दल्ली राजहरा पुलिस जांच के अनुसार मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में मौजूद ग्राम शेरपार हाई स्कूल में पदस्थ गणित की व्याख्याता बरखा वासनिक (35) तथा भृत्य मथुरा मण्डावी 22 मार्च 2026 शनिवार शाम 4 बजे छुट्टी होने के बाद नेशनल हाईवे 930 से स्कूटी में सवार होकर वापस दल्ली राजहरा दुर्ग की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दल्ली राजहरा थाना क्षेत्र के हितकसा मोड़ के मंदिर के पास दोनों स्कूटी सवार महिलाओं को एक अज्ञात वाहन ने रौंद डाला। दर्दनाक हादसे में व्याख्याता बरखा वासनिक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भृत्य मथुरा मण्डावी को गंभीर चोट आई। अज्ञात गाड़ी के रौंदने से मौत होने का मामला पंजीबद्ध कर दल्ली राजहरा पुलिस विवेचना शुरू की ही थी कि परिजनों ने अपनी बेटी की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की। इस दिशा में जब जांच की गई तो इस हत्याकांड के पीछे रूआबांधा दुर्ग विद्युत मंडल में पदस्थ सब इंजीनियर पति शीशपाल वासनिक व एक सहयोगी आरोपी कयामुद्दीन पिता कैमुल हसन (24), पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 21 सुपेला भिलाई निकले।

#### रॉड से पीट-पीटकर मार डाला

स्कूल से छुट्टी के बाद बरखा वासनिक स्कूल के प्यून के साथ स्कूटी से दुर्ग लौट रही थी। वह दल्ली राजहरा के करीब हितकसा मोड़ के मंदिर के पास पहुंचे थे, तभी इंजीनियर पति शीशपाल वासनिक के कहने पर पीछे से बिना नंबर प्लेट के बोलेरो वाहन से कयामुद्दीन ने टक्कर मार दी। इससे बरखा और प्यून मथुरा मंडावी गंभीर रूप से घायल हो गए, इस दौरान बरखा की सांसे चल रही थी। इसके बाद शीशपाल बोलेरो से नीचे उतरा, गाड़ी में रखे लोहे के रॉड से उस पर ताबड़तोड़ हमला किया। जिसके चलते शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई।

## जैकेट के शेष

### 10 साल कैद ....

लोचाब के हाथ, पीठ और छाती में लगे घाव को दिखाया। राहुल ने कहा, 'मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था।' **अहंकार, कायरता, क्रूरता की हदें पार : सोनिया :** कांग्रेस संसदीय दल (पीपीसी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने वर्तमान में चल रहे छात्र आंदोलन और शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए कहा कि छात्र पेपर लीक के मामलों पर सरकार से जवाब चाहते हैं और सरकार उनके सवालों का जवाब देने की बजाय अहंकार, कायरता और क्रूरता की हदें पार कर रही है। छात्रों के साथ केंद्र सरकार इस तरह का व्यवहार कर रही है, जैसे वे देश का भविष्य नहीं, बल्कि दुश्मन हों। **'सुनवाई से इंकार नहीं किया' रिपोर्ट पर भड़के सीजेआई :** भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्टों को 'लापरवाह और गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग' बताया, जिनमें दावा किया गया था कि उन्होंने सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस ज्यादती से जुड़े मामले की सुनवाई से इंकार कर दिया था। सीजेआई ने साफ किया कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में कोई रिट याचिका दाखिल ही नहीं हुई थी। सीजेआई ने यह टिप्पणी खुली अदालत में की, जब सीनियर एडवोकेट शोएब आलम ने एक अन्य मामले की लिस्टिंग का जिक्र किया। उन्होंने कहा- मीडिया ने गलत रिपोर्ट किया कि मैंने मामले को सूचीबद्ध करने से इंकार कर दिया।

### पीएम मोदी .....

मोदी ने गुरुवार रात एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उन्होंने पेपर लीक के खिलाफ सरकार के कदमों की जानकारी दी थी। पीएम मोदी ने कहा, 'थैंक यू फ्रेंड्स. कल देर रात आपसे मिलने का मौका मिला। मैंने जो वीडियो पोस्ट किया था, उस पर जिस तरह से आपने रिस्पॉन्ड किया और पॉजिटिव सुझाव दिए, उसके लिए थैंक्स टू एवरीबडी। आपका यह प्यार बना रहेगा और हमारा नाता और अधिक सक्रियता से जुड़ता रहेगा। थैंक यू, थैंक यू दोस्तों.'

### नड्डा से मुलाकात के ....

अपना जवाब देगी। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा, 'हमने उनसे कहा है कि हम कल दोपहर फिर मिलेंगे और सरकार के बीच हुई चर्चा के बारे में उन्हें बताएंगे।' सीजेपी फाउंडर अभिजीत दिपके ने एक चैनल से बातचीत में सरकार को चेतावनी दी कि अगर धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता है तो देशभर में प्रदर्शन होगा। प्रधान के इस्तीफे में ही सरकार की भलाई है। अगर ऐसा नहीं होता है, तो हम प्रधानमंत्री मोदी के इस्तीफे की मांग उठाएंगे।'

### 18 घंटे बाद ....

धरने को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का ऐलान किया। पुलिस ने कांग्रेस की तीनों मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कांग्रेस के आवेदन पर सात दिनों के अंदर जांच कर कांग्रेस भवन पर हमला करने वाले भाजपाइयों पर एफआईआर, घायल कांग्रेस कार्यकर्ताओं का डॉक्टरी मुलाहिजा करवा के दोषियों पर एफआईआर, जिन कांग्रेसजनों पर गैर जमानतीय धाराएं लगाई गई हैं, उसकी विवेचना कर गैर जमानतीय धाराएं हटाई जाएंगी। दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार के मंत्री भीड़ लेकर कांग्रेस कार्यालय पर हमला करने आए थे। लोकतंत्र में विरोध करने का सभी को अधिकार है, लेकिन विपक्षी दल के दफ्तर में मंत्रियों के सामने पथराव किया जाता है, गाली गलौज की जाती है, यह सर्वथा अस्वीकार्य है। भाजपा के मंत्रियों ने सत्ता के नशे में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार किया है। कांग्रेस भाजपा के इस कृत्य की निंदा करती है। श्री बैज ने कहा, यदि पुलिस ने अपने आश्वासन के अनुरूप न्याय पूर्ण कार्रवाई नहीं की तो हम फिर आंदोलन करेंगे।

### यूसीसी की पहली ....

ज्योति रानी सिंह सदस्य के रूप में शामिल हुए। **अब समिति करेगी ये काम :** समिति राज्य में वर्तमान में लागू पारिवारिक विधिक व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगी व नागरिकों, सामाजिक संगठनों, विधि विशेषज्ञों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव प्राप्त करेगी। समिति द्वारा सर्वसम्मान से निर्णय लिया गया कि शीघ्र अन्य राज्यों लागू समान नागरिक संहिता संबंधी व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया जाएगा। जनसंवाद का आयोजन कर समाज के सभी वर्गों व समुदायों के विचार जानने का प्रयास किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य में लागू होने वाली विधिक व्यवस्था के संबंध में संस्तृतिया प्राप्त करते समय महिलाओं व बच्चों के अधिकार को सुरक्षित व संरक्षित रखना सर्वोपरि उद्देश्य होगा।

### भू-अधिग्रहण का ....

अपनी जान बचानी पड़ी। इस घटना में डीएसपी समेत 24 पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि पुलिस ने भूमि अधिग्रहण की बात को नकार दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे हत्या के प्रयास के मामले में पांच आरोपियों को पकड़ने के लिए गए थे लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों को पकड़ने के लिए 500 पुलिस जवानों को तैनात करने की जरुरत क्यों पड़ी। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग बंद है। बताया जा रहा है कि एसईसीएल के कोयला खदान के विस्तार हेतु धरमपुर-मदननगर क्षेत्र के ग्रामीण लम्बे समय से विरोध कर रहे है। भूमि अधिग्रहण के लिए सर्वे के लिए कुछ दिनों पहले भी टीम गांव में पहुंची थी। इस दौरान लाठी-डंडे और तीर धनुष से लैस आदिवासी ग्रामीणों ने टीम को बंधक बना लिया था और काफी विरोध के बाद टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा था। यही वजह है कि शुक्रवार को भूमि अधिग्रहण हेतु सर्वे टीम के साथ पुलिस टीम प्रभावित गांव मदननगर में पहुंची थी। गांव में 500 से अधिक पुलिसकर्मियों तैनात किया गया था। इसके साथ ही 4-5 जिलों से अतिरिक्त बल को बुलाया गया था। इस दौरान जिले के कलेक्टर-एसपी भी मौके पर मौजूद थे। गांव के बाहर ग्रामीण पहले से ही प्रदर्शन पर बैठे थे और लाठी डंडे लैस थे। जब टीम गांव में पहुंची तो पुलिस और ग्रामीणों का आमना सामना हो गया। ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। इस दौरान देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप में लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किया गया। लाठीचार्ज के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लाठी चलाने के साथ ही पत्थर फेंके। ग्रामीणों के उग्र होकर हमला करने के कारण पुलिस को पीछे हटना पड़ा और अपनी जान बचाकर भागनी पड़ी। इस घटना के बाद क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण हो गया है।

**डीएसपी समेत 24 पुलिसकर्मी घायल :** ग्रामीणों के साथ हुई हिंसक झड़प में डीएसपी ओडगी राजेश जोशी, एसआई प्रदीप सिदार, प्रधान आरक्षक नन्द किशोर राजवाड़े, नितिन सिंह, घनश्याम यादव, कृष्णा यादव, अविनाश सिंह, शैलेन्द्र त्रिपाठी, अमित गुप्ता, कमलेश्वर सिंह, अभिषेक मिंज, अमर सिंह, सुखी चंद एक्का, फूलमती राजवड़े, सविता साहू समेत अन्य पुलिसकर्मी घायल हुए है। घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया गया जिसके बाद गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है।

**भारी संख्या में पुलिस बल तैनात, प्रतापपुर मार्ग बंद :** भारी हंगामे और झड़प के दौरान पुलिस व शासकीय वाहनों को नुकसान पंहुचा है। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। ऐसे में गांव को छावनी में तब्दील करने के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। इधर ग्रामीणों ने भी मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया जिससे अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर आवागमन बंद हो गया।

**कांग्रेस ने बनाई जांच समिति :** भूमि अधिग्रहण कार्रवाई के दौरान की गई लाठीचार्ज और हिसंक झड़प मामले को कांग्रेस ने गंभीरता से लिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मामले में जांच टीम का गठन किया है। पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम को संयोजक बनाया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की जांच टीम सोमवार को प्रभावित गांव जाएगी। **गए थे आरोपी पकड़ने :** हत्या के प्रयास के मामले में पांच आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गांव गई थी। प्रकरण दो से तीन महीने पुराना है। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध किया और पुलिस बल पर पत्थर, टांगी, फरसा से हमला किया। इस हमले में 24 पुलिसकर्मी घायल हुए है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और घटना की जांच चल रही है। **- योगेश पटेल,** एसपी सूरजपुर

### अपनी मांगों को ....

लेकर ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे है और गांव में किसी भी एसईसीएल के अधिकारियों को जाने नहीं दिया जाता। गांव के लोग तीर धनुष लेकर शिफ्ट बांधकर पहरे दारी करते है। शुक्रवार को भी ग्रामीण अधिकारियों के गांव में घुसने का विरोध कर रहे थे।

## पेज एक के शेष

### दाखिला शून्य...ट्राइबल स्टडीज...

होंगे। यदि इस तिथि तक छात्र दाखिले के लिए आते हैं, तब इसे मौजूदा सत्र से ही शुरू कर दिया जाएगा। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, ट्राइबल स्टडीज में दाखिले के लिए छात्र पूछताछ भी नहीं कर रहे हैं। नवीन पाठ्यक्रम होने के कारण छात्रों को इससे जुड़े कॅरियर विकल्पों की भी जानकारी नहीं है। ऐसे में छात्र इसे लेकर आशंकित भी हैं। इसके स्थान पर ऐसे विषयों में एमए करना चाहते हैं, जिसमें नौकरी की संभावना अपेक्षाकृत अधिक हो।

### पत्नी ने भरण पोषण के लिए...

कि जब अत्यधिक और असामान्य आर्थिक मांग के कारण मध्यस्थता विफल हो जाती है, तो इसका स्पष्ट मतलब है कि रिश्ता उस मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां से वापसी संभव नहीं है। ऐसे हालात में शादी को जबरन बनाए रखने का दबाव बनाना सही नहीं है। दरअसल, रायपुर निवासी दंपती की शादी 29 जून 2020 को हुई थी, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के रिश्ते बिगड़ गए। पति का आरोप था कि पत्नी 7 फरवरी 2022 को अपने भाई की शादी का बहाना बनाकर मायके गई और करीब 35 लाख रुपए मूल्य के पुश्तैनी जेवर व अन्य कीमती सामान साथ ले गई। इसके बाद महिला थाना और सखी सेंटर में हुई काउंसिलिंग के बावजूद उसने वापस लौटने से इनकार कर दिया। इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक की अर्जी लगाई। फैमिली कोर्ट ने पति की आय और पत्नी की शैक्षणिक योग्यता को ध्यान में रखते हुए 10 लाख रुपए का स्थायी गुजारा भत्ता तय किया था। इस फैसले के खिलाफ महिला ने हाईकोर्ट में अपील की थी। इसमें उसने गुजारा भत्ता बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए देने की मांग की।

### परिवार को अपमानित व प्रताड़ित...

आया कि मध्यस्थता के दौरान पत्नी ने एकमुश्त 2 करोड़ रुपए की मांग रखी। पति ने अपनी वित्तीय स्थिति और व्यावसायिक खातों का ब्योरा देते हुए इस राशि को अत्यधिक बताया और इसे देने में असमर्थता जताई, इसके कारण दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हो सका। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि अलग रहने के दौरान पत्नी ने पति के खिलाफ घरेलू हिंसा कानून के तहत केस दर्ज कराया और मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर फर्जी प्रोफाइल बनाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर भी दर्ज कराई। हाईकोर्ट ने इसे पति और उसके परिवार को अपमानित व प्रताड़ित करने की मंशा से उठाया गया कदम माना। साथ ही कहा कि साक्ष्यों से स्पष्ट है कि पति और उसके परिजनों के बार-बार आग्रह के बावजूद पत्नी ने उनके साथ रहने से लगातार इनकार किया था।

### सेन्ट्रल जेल में गूंजी शहनाई ...

बंदी सुरेश सेठिया का विवाह न्यायालय की विशेष अनुमति एवं वर-वधू दोनों पक्षों के परिजनों की आपसी सहमति से केंद्रीय जेल परिसर में विधि-विधान एवं सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। विवाह समारोह के आयोजन के लिए प्रशासन ने न्यायालय द्वारा प्रदत्त अनुमति का पूर्णतः पालन किया। विवाह के दौरान जेल प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही विवाह की रस्मों को पूरी करने के लिए सारी व्यवस्था की गई थी जिससे विवाह कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका।

### सात माह से जेल में है आरोपी...

कराया था। कोर्ट के आदेश पर आरोपी सुरेश सेठिया को न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल भेज दिया गया था। इस दौरान उसकी प्रेमिका उससे मिलने केंद्रीय जेल आती रही। इस बीच एक बार फिर दोनों ने शादी करने की सहमति जताई जिसके बाद आरोपी द्वारा इसकी जानकारी केंद्रीय जेल प्रबंधन को दी गई और वकीलों के माध्यम से कोर्ट में शादी करने का हलफनामा दिया गया। इसके बाद न्यायालय ने दोनों की बालिग उम्र को देखते हुए शादी की इजाजत दी। हालांकि मामला अब भी विचाराधीन है, ऐसे में शादी की प्रक्रिया जेल परिसर में ही की गई।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# सुरक्षा में तिगुना निवेश का दिखा फायदा 135 रेल दुर्घटनाएं महज 2 पर सिमटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने राज्यसभा में कहा है कि भारतीय रेलवे में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और पिछले कुछ वर्षों में किए गए व्यापक सुरक्षा सुधारों के कारण रेल दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि वर्ष 2014-15 में जहां 135 रेल दुर्घटनाएं हुई थीं, वहीं चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक केवल 2 दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे सुरक्षा को लेकर लगातार नई तकनीकों को अपना रहा है और ट्रैक, सिग्नलिंग तथा परिचालन व्यवस्था में सुधार किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और आधुनिक बनाना है। रेल मंत्री ने कहा कि समपार फाटकों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए भी व्यापक कार्य किया गया है। देशभर में 10,395 लेवल क्रॉसिंग गेटों को इंटरलॉकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे ट्रेन और सड़क यातायात के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है और दुर्घटनाओं की आशंका कम हुई है।

### रेलवे की सुरक्षा पर दिया जा रहा ध्यान

रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में सुरक्षा संबंधी गतिविधियों पर होने वाला व्यय भी लगातार बढ़ाया गया है। वर्ष 2013-14 में जहां सुरक्षा मद में लगभग 39 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, वहीं वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 1.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि ट्रैक, सिग्नलिंग, पुलों, समपार फाटकों और अन्य सुरक्षा अवसंरचना को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है।

### दुर्घटनाएं रोकने आधुनिक तकनीकों का उपयोग

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मानवीय भूल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने आधुनिक इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का तेजी से विस्तार किया है। वर्तमान में देश के 6,671 रेलवे स्टेशनों पर केंद्रीकृत पॉइंट और सिग्नल संचालन वाली इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की जा चुकी है। इससे ट्रेनों के संचालन में सुरक्षा और दक्षता दोनों बढ़ी हैं।

### दिल्ली विधानसभा, सचिवालय सहित आर्मी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा, दिल्ली सचिवालय और आर्मी पब्लिक स्कूल को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि बाद में इन धमकियों को फर्जी पाया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि विभाग को विधानसभा, शंकर विहार स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और सचिवालय से सूचनाएं मिली थीं। अधिकारी ने बताया, तीनों स्थानों पर तुरंत टीम भेजी गईं।

# कारगिल के शहीदों को संसद में दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद में शुक्रवार को कारगिल युद्ध के शहीदों को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल के दुर्गम ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाके में लड़े गए इस युद्ध की रविवार (26 जुलाई) को 27वीं वर्षगांठ है। जिसके पूर्व में लोकसभा और राज्यसभा में दोनों अध्यक्षों सहित सभी सांसदों ने पूरी एकजुटता के साथ देश के अमर शहीदों की पवित्र स्मृतियों के साथ दो मिनट का मौन भी रखा। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 26 जुलाई को युद्ध की वर्षगांठ के अवसर पर कारगिल में बनाए गए युद्ध स्मारक पर आयोजित किए जाने वाले मुख्य समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान सबसे पहले वह शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और फिर उनका संबोधन होगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस बाबत राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की यात्रा का कार्यक्रम भी रहेगा। जिसकी शुरुआत शनिवार (25 जुलाई) से होकर समापन रविवार (26 जुलाई) को होगा।

■ राजनाथ 26 को करेंगे समारोह की अध्यक्षता



# विमान के टॉयलेट में मिला 5.63 करोड़ का सोना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ मुंबई एयरपोर्ट के सफाई कर्मियों समेत 5 अरेस्ट

छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डीआरआई ने गोल्ड तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए विमान के टॉयलेट में छिपाकर लाया गया 5.63 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। इस मामले में दुबई से आए एक पैसेंजर और एयरपोर्ट के दो हाउसकीपिंग स्टाफ समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई मुंबई जोनल यूनिट को सटीक सूचना मिली थी कि 22 जुलाई को एमिरेट्स की फ्लाइट से दुबई से मुंबई आ रहा पैसेंजर मोहम्मद उर्वा प्लेन के अंदर तस्करी का गोल्ड छिपाकर लाएगा। सूचना के मुताबिक, प्लेन के मुंबई उतरने के बाद एयरपोर्ट का हाउसकीपिंग स्टाफ उस सोने को टॉयलेट से बाहर निकालेगा। अधिकारियों ने दोपहर करीब 12:30 बजे प्लेन लैंड होते ही पैसेंजर उर्वा को हिरासत में ले लिया। जैसे ही क्लीनिंग क्रू ने प्लेन की सफाई के लिए अंदर प्रवेश किया, अधिकारियों ने एजीएच पोर्ट एविएशन सर्विसेज के दो कर्मचारियों, राजेश मांजरेकर और जहीर कुरैशी पर नजर रखी।


**आम सूचना / सार्वजनिक ईश्तहार**
**(Public Notice)**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे क्रेता श्रीमती अनामिका कुर्रे पति श्री अशोक कुमार कुर्रे निवासी जी श्याम नगर स्ट्रीट नं. 5 वार्ड नंबर 08 कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.) ने श्रीमती सोनम कुमारी पति श्री सुनील कुमार निवासी LIG-2157 वीर सावरकर नगर टाटीबंध तहसील व जिला-रायपुर की स्वामित्व एवं आधिपत्य वाली निम्नलिखित भूमि/संपत्ति की क्रय (खरीदने) का सौदा तय किया है।

**संपत्ति का विवरण:-**
**जिला**- रायपुर, **तहसील एवं पटवारी हल्का नं.**- रायपुर, 44, **ग्राम/ नगर**- सड्डू, व्ही आई.पी.सीटी, **खसरा नंबर/ प्लाट नंबर** - 15008/37, जी 15 सेक्टर 1 व्ही आई.पी.सीटी, **कुल रकबा (क्षेत्रफल)**- 0.0223 (2400 वर्ग फुट) **चौहद्दी (सीमाएँ), पूर्व की ओर** - भूखंड क्रमांक एच-1, **पश्चिम की ओर** - रास्ता, **उत्तर की ओर** - रास्ता, **दक्षिण की ओर** - भूखंड क्रमांक जी 16

यदि इस भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य का किसी भी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार, स्वामित्व, वसीयत, बंधक (गिरवी), बयाना, विक्रय अनुबंध, विवाद या दावा हो तो वे इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिन के भीतर नीचे दिए गए पते पर अपने प्रमाणित दस्तावेजों/सबूतों के साथ लिखित आपत्ति दर्ज कराएँ। निर्धारित समयावधि के भीतर कोई भी आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मान लिया जायेगा। कि इस भूमि पर किसी का कोई हक/दावा नहीं है। और हमने क्रेता का पक्ष, विक्रेता से उक्त भूमि का क्रय (पंजीकृत विक्रय विलेख) पूरा कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक - 24/07/2026
निवेदक / जारीकर्ता
क्रेता का नाम - अनामिका कुर्रे
मोबाइल नं. 9752616668
पता:- जी श्याम नगर कवर्धा वार्ड नं. 08 जिला - कबीरधाम (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**// नोटिस //**

क्रमांक/ /तह./वा./2026
धमतरी दिनांक 20/07/2020

प्रति,
1. प्रेमलता पति शत्रुघन ढीमर
निवासी-जालमपुर भागवत चौक धमतरी
2. केतन दोषी पिता विपिन दोषी
निवासी-रेस्ट हाउस के सामने
डाकबंगला वार्ड धमतरी

विषय :-सुनवाई दिनांक को उपस्थिति प्रस्तुत करने बाबत्।
संदर्भ :-इस न्याया. का प्रकरण क्र. 202606130700023 मद अ-6 अ वर्ष 2025-2026 ।

--000--

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि आवेदिका हेमलता सिन्हा पति भुनेश्वर कुमार सिन्हा निवासी जालमपुर वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी के द्वारा ग्राम रुद्री प.ह.नं. 45 ख.नं 46/3 का टुकड़ा रकबा 2100 व.फु./195.17 व.मी. 0.02 हे. लगान 0.10 पै. को क्रय कर कब्जा प्राप्त किया गया है। नया ख.नं. 46/5 अनावेदक अविनाश ठाकुर पिता समनसिंग निवासी औराटोला डौंडी जिला बालोद को भी यही ख.नं. प्रदान किया गया है। जिसके सुधार हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में दिनांक 31/07/2026 को उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित है। उपरोक्त दिवस को आपके अनुपस्थिति या आपके या अभिभाषक के माध्यम से कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आपकी मौन स्वीकृति मानी जावेगी। नियत समयावधि पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)



**// आम सूचना //**

**स्थान/स्थान विवरण: ग्राम चन्दनू, पटवारी हल्का नं.-5201101 (पुराना नं. 00020), रा.नि.मं. झावा, तहसील- बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छत्तीसगढ़)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार द्वारा विक्रेता प्रमिला बाई पति श्री सुशील कुमार एवं भगेलाल पिता श्री रायसिंह, निवासी गण ग्राम चन्दनू, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की स्थित ग्राम चन्दनू तहसील व जिला बेमेतरा स्थित निम्न लिखित कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर चुके हैं तथा अब केवल सौदे की शेष राशि अदाकर विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है:- **भू-स्वामी का नाम- क्र. 1.** प्रमिला बाई पति श्रीसुशील कुमार, ख.नं. 791, रकबा 0.1000 (हे.में), **क्र. 2.** प्रमिला बाई पति श्री सुशील कुमार, ख.नं. 795, रकबा 0.3200 (हे.में), **क्र. 3.** भगे लाल पिता श्री रायसिंह, ख.नं. 799, रकबा 0.3500 (हे.में), ख.नं. 788, रकबा 0.2100 (हे.में), ख.नं. 793, रकबा 0.2100 (हे.में)

अतएव उपरोक्त अचल संपति/भूमि के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, समिति, फर्म, निकाय, कंपनी, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय/प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की आपति, दावा या स्वत्व हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर लिखित में दस्तावेजी प्रमाणों के साथ हमारे पते पर प्रेषित करें। निर्धारित समय अवधि के भीतर कोई भी आपति प्राप्त न होने की दशा में यह उपधारणा (माना) की जावेगी कि किसी को कोई आपति नहीं है तथा तत्पश्चात प्रस्तुत या व्यक्त की गई आपति/दावा हमारे पक्षकार के विरूद्ध मिथ्या एवं कानूनी शून्य समझा जायेगा एवं बंधनकारी नहीं होगा।

**स्थानः रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**दिनांकः 22-07-2026**
भवदीय
**मनहरण वर्मा**
**(अधिवक्ता)**
**सिविल कोर्ट रायपुर, मो. 9630053510**



**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी**
**मामले का विषय राजस्व प्रकरण**
**मामला क्रमांक 202506130700128/1304/ AP/अ/6-अ वर्ष 2025-26**

1. मनजोत सिंह बिंद्रा पिता रविंदरसिंह बिन्द्रा उम्र 28 वर्ष, निवासी स्वामी विवेकानंद वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी
2. संजयदास पिता केनलदास उम्र 55 वर्ष, निवासी अमलतासपुरम गोकुलपुर वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी ..........................................**अपीलार्थीगण**

**दावा**

1. भारती खण्डेलवाल पति डॉ. रमेश खण्डेलवाल, निवासी सुन्दरगंज वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी, 2. शीतलकुमार देवांगन पिता पुरानिक राम देवांगन, निवासी सोरिद नगर धमतरी तहसील व जिला धमतरी, 3. पार्वती देवांगन पिता पुरानिक राम देवांगन, निवासी सोरिद नगर धमतरी तहसील व जिला धमतरी, 4. त्रिभुवन देवांगन पिता पुरानिकराम देवांगन निवासी सोरिद नगर धमतरी तहसील व जिला धमतरी, 5. मालती देवांगन पिता माखनलाल देवांगन, निवासी सोरिद नगर धमतरी तहसील व जिला धमतरी, 6. कलिन्द्री बेवा माखनलाल देवांगन, निवासी सेरिद नगर धमतरी तहसील व जिला धमतरी, 7. हिना देवांगन पिता माखनलाल देवांगन, निवासी सोरिद नगर धमतरी तहसील व जिला धमतरी, 8. सचिव, कृषि उपज मंडी समिति धमतरी, श्यामतराई तह. व जिला धमतरी, 9. टिवन चंद नगारची, राजस्व निरीक्षक रूद्री, तहसील व जिला धमतरी, 10. नान्हूराम ध्रुव, राजस्व निरीक्षक धमतरी, तहसील व जिला धमतरी, 11. शिव जुर्री, राजस्व निरीक्षक बठेना, तहसील व जिला धमतरी, 12. वेदप्रकाश साहू, हल्का पटवारी नं. 46 ग्राम श्यामतराई, 13. दीपक नेताम, हल्का पटवारी नं. 34 ग्राम सोरिद तहसील व जिला धमतरी, 14. छ.ग. शासन ........................................ **उत्तरवादीगण**

एतद् द्वारा उत्तरवादीगण क्रमांक 2-शीतलकुमार देवांगन पिता पुरानिक राम देवांगन, 3-पार्वती देवांगन पिता पुरानिक राम देवांगन, 4-त्रिभुवन देवांगन पिता पुरानिकराम देवांगन, 5-मालती देवांगन पिता माखनलाल देवांगन, 6-कलिन्द्री बेवा माखनलाल देवांगन, 7-हिना देवांगन पिता माखनलाल देवांगन, सभी निवासी ग्राम सोरिद नगर धमतरी तहसील व जिला धमतरी आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी मनजोतसिंह बिंद्रा पिता रविंदरसिंह बिन्द्रा निवासी स्वामी विवेकानंद वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी एवं अन्य 01 के द्वारा उत्तरवादीगण क्रमांक 1 से 14 के विरूद्ध अधीनस्थ न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धमतरी के द्वारा रा.प्र.क्र. 202506130700128, अ/6 अ वर्ष 2024-25 एवं रा.मा.क्र. 202603132500028 अ/6-अ वर्ष 2025-26 में पारित आदेश दिनांक 28.04.2026 से परिवेदित होकर प्रस्तुत प्रकरण न्यायालय में प्रचलित है। जिसमें आप उत्तरवादीगण क्र. 2 से 7 की उपस्थिति अनिवार्य है। उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 05/08/2026 को दिन के प्रातः 11.00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी पर होगी।

अतः आप उत्तरवादीगण क्रमांक 2 से 14 इस न्यायालय की उक्त सुनवाई तिथि 05/08/2026 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होवे। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कर दिया जावेगा।

जारी दिनांक-22/07/2026
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमतरी (छ.ग.)



**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. SNTPBBSDnD-072026-PSS, दिनांक : 21.07.2026

**कार्य का नाम:** "पूर्व तट रेलवे के संकेत एवं दूरसंचार/परियोजना यूनिट की विभिन्न परियोजनाओं के अनुमोदन के लिए सिग्नलिंग ड्रॉइंग तैयार करना एवं जाँच करना तथा पुराने अस्पष्ट ड्रॉइंग को फिर से डिजाइन करके परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ (PSS) प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अभियन्ता (Authority Engineer) की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP)।"

**अनुमानित विज्ञापित मूल्य (रुपये में): 1,40,88,971.76, EMD** (रुपये में) : **2,81,800/-,** पूरा होने की अवधि : **12 महीने।**

प्री-बिड कॉन्फ्रेंस की तिति व समय: **दिनांक 03.08.2026 को 1600 बजे, निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 24.08.2026 को 1500 बजे।**

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/ कूरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

वरिष्ठ संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/PnD-II/ भुवनेश्वर
PR-150/CJ/26-27



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
**कार्यालय- कार्यपालन अभियंता, छ.स्टे.पा.डि.क.लिमि. पिथौरा**
**अंजलि विद्यालय के सामने बया रोड, पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) पिन - 493551**
ई-मेल: eeonm.pithora@cspc.co.in

क्रमांक-053-4600/सामा./1149 — पिथौरा, दिनांक 24/07/2026

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि नये विद्युत लाईन की स्थापना करने हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार समय सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | सबस्टेशन का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.07.2026 (शनिवार) | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन पिथौरा (आईपीडीएस) | 11 के.व्ही. बस स्टैण्ड | बागबाहरा रोड, ब्लाक ऑफिस, रानीसागर पारा, बस स्टैण्ड, थाना चौक। |

टीप:- 1) प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में शासन द्वारा दिये जा रहे अनुदान का लाभ उठावें ।
2) आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
3) स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं।
4) विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है ।

(बी. दीवान - 10450013)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि. पिथौरा



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई**

क्रमांक / 1386 चार/रा.वि./2026/150 — भिलाई, दिनांक 15/07/2026

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**


नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा रिक्त दुकानों को 30 वर्षीय लीज पर दिये जाने हेतु निविदा/ प्रस्थापना ऑनलाईन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ में दिनांक 14.07.2026 शाम 05:30 बजे से आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 04.08.2026 सायं 5.30 बजे तक है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | योजना का नाम | ऑक्सन क्र. |
|---|---|---|
| 01 | उत्तर गंगोत्री व्यवसायिक परिसर | 195133, 195135, 195136 |
| 02 | आकाश गंगा व्यवसायिक परिसर | 195137, 195138, 195139 |
| 03 | प्रगति काम्पलेक्स | 195140, 195141, 195142, 195143, 195144, 195145, 195146, 195147, 195148, 195153, 195154, 195155, 195156, 195157, 195158, 195159, 195161, 195162, 195163, 195164, 195165, 195166, 195167, 195169 |
| 04 | बस स्थानक पावर हाउस | 195170, 195171, 195172, 195173, 195174 |

विस्तृत जानकारी (नियम / शर्तें) सूचना पटल एवं पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/, https:// bhilainagarnigam.com/ व https://uad.cg.gov.in/ पर देखी जा सकती है किसी भी प्रकार के संशोधन केवल उक्त वेबसाइट पर ऑनलाईन ही जारी किये जाएंगे।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, भिलाई


## शब्द पहेली - 6297



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6296 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6307

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6306 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# अगस्त से लागू होगा सीकेवाईसी 2.0! खाता खोलने और निवेश का तरीका बदलेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में वित्तीय सेवाओं का इस्तेमाल अब पहले से कहीं ज्यादा आसान होने वाला है। सरकार और वित्तीय नियामकों की ओर से सेंट्रल नो योर कस्टमर 2.0 (सीकेवाईसी 2.0) सिस्टम लागू करने की तैयारी की जा रही है।

- अगस्त में शुरुआत बैंकों और बीमा कंपनियों में होगी फिर ब्रोकरेज कंपनियां जुड़ेगी

अगस्त से इसकी शुरुआत बैंकों और बीमा कंपनियों में होगी, जबकि बाद में म्यूचुअल फंड और ब्रोकरेज कंपनियां भी इससे जुड़ जाएंगी। इस नई व्यवस्था के बाद ग्राहकों को हर बार नया वित्तीय उत्पाद खरीदते समय या खाता खोलते समय बार-बार केवाईसी दस्तावेज जमा नहीं करने पड़ेंगे। सीकेवाईसी 2.0 के तहत ग्राहकों को केवल एक बार अपनी सहमति (कंसेंट) देनी होगी। इसके बाद बैंक, बीमा कंपनियां और अन्य वित्तीय संस्थान केंद्रीय रजिस्ट्री में मौजूद सत्यापित जानकारी को सीधे प्राप्त कर सकेंगे। इससे खाता खोलने, बीमा पॉलिसी लेने या अन्य वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया काफी तेज और आसान हो जाएगी।

## सरकार और वित्तीय नियामकों की ओर से सेंट्रल नो योर कस्टमर सिस्टम लागू करने की तैयारी

### धोखाधड़ी रोकने और निवेश बढ़ाने में मिलेगी मदद

विशेषज्ञों का मानना है कि यह नई व्यवस्था सिर्फ ग्राहकों की सुविधा ही नहीं बढ़ाएगी, बल्कि वित्तीय धोखाधड़ी पर भी लगाम लगाने में मदद करेगी। एक ही जगह सत्यापित जानकारी उपलब्ध होने से फर्जी दस्तावेजों और डुप्लिकेट पहचान का जोखिम कम होगा। सीकेवाईसी 2.0 से म्यूचुअल फंड उद्योग को बड़ा फायदा मिल सकता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पास ही करीब 50 करोड़ बैंक खाते हैं। यदि इनमें से थोड़े से पात्र ग्राहक भी आसानी से निवेश शुरू करते हैं, तो म्यूचुअल फंड उद्योग का निवेशक आधार तेजी से बढ़ सकता है।




*ओटीपी के जरिए मंजूरी लेनी होगी : सीकेवाईसी 2.0 में हर रिकॉर्ड के साथ एक 'कॉन्फिडेंस स्कोर' होगा, जिससे यह पता चलेगा कि ग्राहक की जानकारी कितनी भरोसेमंद है और उसे किसी वित्तीय संस्था ने सत्यापित किया है या नहीं। किसी भी संस्था को ग्राहक का रिकॉर्ड देखने के लिए ओटीपी के जरिए उसकी मंजूरी लेनी होगी।*

### बार-बार केवाईसी कराने की झंझट होगी खत्म

अभी किसी व्यक्ति को बैंक खाता खोलने, म्यूचुअल फंड में निवेश करने, बीमा खरीदने या अन्य वित्तीय सेवाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग संस्थानों में बार-बार केवाईसी दस्तावेज जमा करने पड़ते हैं। हालांकि देश में करीब 120 करोड़ रिकॉर्ड वाली केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री पहले से मौजूद है, लेकिन उसमें डुप्लिकेट रिकॉर्ड, अधूरी जानकारी और डेटा की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इसी वजह से कई संस्थान उस डेटा पर पूरी तरह भरोसा नहीं करते।

### आरबीआई, सेबी व इरडा मिलकर लागू कर रहे

यह परियोजना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और बीमा नियामक इरडा मिलकर लागू कर रहे हैं। फिलहाल बैंक और बीमा कंपनियों को इससे जोड़ा जा रहा है, जबकि म्यूचुअल फंड और ब्रोकरेज कंपनियों को इस साल के अंत तक इसमें शामिल किए जाने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान जिंक का शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक




**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में दोगुने से अधिक होकर 5,469 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,234 करोड़ रुपये था।

### नित्यास जेम्स को सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी




**नई दिल्ली।** नित्यास जेम्स एंड ज्वेलरी लिमिटेड और इंटेलियस रिकोड लिमिटेड को आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक के शुक्रवार के अद्यतन से यह जानकारी मिली। नित्यास जेम्स एंड ज्वेलरी ने मार्च में मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे और उसे 23 जुलाई को सेबी की मंजूरी मिली।

### दिल्ली में सोना 2,000 रुपए टूटा, चांदी 5,000 रुपए सस्ती



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,000 रुपये टूटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही। कारोबारियों की मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में गिरावटआई। कारोबारियों के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,000 रुपये घटकर 1,47,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक नई योजना की घोषणा की

# तीन बड़े केमिकल पार्कों की स्थापना के लिए 3,030 करोड़ रुपए की योजना मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन बड़े केमिकल पार्कों की स्थापना के लिए शुक्रवार को 3,030 करोड़ रुपये की एक नई योजना की घोषणा की। इसके जरिए भारत को रसायन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 'भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन' (भव्य-रसायन) को मंजूरी दी गई। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में घोषित इस योजना की कुल लागत 3,030 करोड़ रुपये है। इसमें से 3,000 करोड़ रुपये साझा अवसंरचना एवं बुनियादी सुविधाओं के विकास पर खर्च किए जाएंगे, जबकि 30 करोड़ रुपये प्रशासनिक व्यय के लिए निर्धारित हैं। यह योजना वर्तमान वित्त वर्ष से शुरू होकर 2030-31 तक पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी।

- देश को रसायन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य
- 'भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन' को मंजूरी दी गई
- यह योजना वर्तमान वित्त वर्ष से शुरू होकर पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी



### केवल बुनियादी ढांचे के लिए केंद्रीय मदद होगी

वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि कम-से-कम 2,000 एकड़ क्षेत्र में स्थापित होने वाले एक केमिकल पार्क में 20,000 करोड़ रुपये से 50,000 करोड़ रुपये तक का निवेश हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह योजना निवेश जुटाने में गुणक का काम करेगी। उन्होंने ने कहा कि कुल निवेश योजना के लिए निर्धारित राशि से कहीं अधिक होगा, क्योंकि 3,030 करोड़ रुपये केवल बुनियादी ढांचे के लिए केंद्रीय मदद है।

### रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी

सरकार ने कहा कि यह योजना घरेलू एवं विदेशी निवेश आकर्षित करेगी, उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी। इन पार्कों में सीईटीपी, टीएसडीएफ, जल आपूर्ति प्रणाली, सॉल्वेंट रिकवरी, स्टीम नेटवर्क, पाइपलाइन नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### 2,000 एकड़ भूमि की उपलब्धता जरूरी

वैष्णव ने कहा कि इन पार्कों का विकास राज्यों के साथ 'चैलेंज रूट' के तहत किया जाएगा और हरेक पार्क के लिए न्यूनतम आठ वर्ग किलोमीटर (करीब 2,000 एकड़) निर्बाध भूमि की उपलब्धता जरूरी होगी। ये पार्क ग्रीनफील्ड (नई) या ब्राउनफील्ड (पुरानी) दोनों तरह के हो सकते हैं, जिसका चयन राज्य सरकारें करेंगी। वैष्णव ने कहा कि रसायन क्षेत्र अर्थव्यवस्था का एक 'आधारभूत' क्षेत्र है, जो कई उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध कराता है।

### प्रत्येक पार्क को 1000 करोड़ तक का अनुदान देगी

केंद्र सरकार इस योजना के तहत स्थापित होने वाले प्रत्येक पार्क के लिए अधिकतम 1,000 करोड़ रुपये तक का अनुदान देगी। हालांकि संबंधित राज्य सरकार के लिए कम-से-कम 500 करोड़ रुपये का योगदान करना जरूरी होगा। सरकार ने कहा कि इस योजना से रसायन उद्योग की समूची मूल्य श्रृंखला का विकास होगा, संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी।

### रसायन उद्योग का टिकाऊ विकास होगा


सरकार ने कहा, /"इन पार्कों की स्थापना से रसायन उद्योग का टिकाऊ विकास होगा और इसके प्रभाव से कृषि, वस्त्र, दवा, वाहन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में भी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# सरकार ने 'बिटचैट' को हटाने का गिटहब को दिया आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रकोष्ठ भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने माइक्रोसॉफ्ट की अनुषंगी कंपनी गिटहब को ब्लूटूथ-आधारित संदेश ऐप 'बिटचैट' हटाने का आदेश दिया है। यह जानकारी एक नोटिस से मिली।

ऐप के डेवलपर और ट्विटर के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्सी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नोटिस की प्रति साझा करते हुए लिखा, ''भारत सरकार को 'बिटचैट' जैसी प्रौद्योगिकी पसंद नहीं है और वह इसे हटाना चाहती है। इस संबंध में आई4सी को भेजे गए सवाल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। आई4सी ने अपने नोटिस में कहा कि यह ऐप नेटवर्क प्रतिबंधों के दौरान भी संचार की सुविधा देता है और इसका दुरुपयोग राष्ट्रविरोधी तत्वों, आतंकवादी संगठनों, संगठित आपराधिक गिरोहों तथा साइबर अपराधियों द्वारा कानून प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी से बचने एवं कानूनी प्रतिबंधों के बावजूद संपर्क बनाए रखने के लिए किया जा सकता है।




- बिटचैट ब्लूटूथ आधारित संदेश ऐप है
- गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने दिया आदेश

बिटचैट' का उल्लेख करते हुए आई4सी ने कहा कि गिटहब मंच पर उपलब्ध यह ऐप कानून के तहत प्रतिबंधित है या किसी गैरकानूनी गतिविधि को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल की जा रही है। आई4सी ने कहा कि उसने ऐसे कई ऐप की पहचान की है जो मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट संपर्क या केंद्रीकृत सर्वर पर निर्भर हुए बिना ब्लूटूथ 'मेश नेटवर्क' के जरिये विकेंद्रीकृत एक उपकरण से दूसरे उपकरण में संदेश सेवा उपलब्ध कराते हैं।

### ऐप गुमनाम संचार की सुविधा देता है

नोटिस के अनुसार, यह ऐप अनिवार्य पंजीकरण, मोबाइल नंबर सत्यापन या संदेशों का केंद्रीकृत रिकॉर्ड रखे बिना गुमनाम संचार की सुविधा देता है। इसकी तकनीकी संरचना के कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए वैध निगरानी, उपयोगकर्ता की पहचान और जांच करना काफी कठिन हो जाता है।

## शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 332 अंक फिसला

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिका के नए व्यापार शुल्क से उपजी चिंताओं के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार पांचवें सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 332 अंक गिर गया जबकि निफ्टी 102 अंक नुकसान में रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल के दाम में मजबूती कायम रहने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली से धारणा नकारात्मक रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 331.62 अंक गिरकर 76,059.77 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 916.96 अंक यानी 1.20 प्रतिशत लुढ़ककर 75,474.43 तक गिर गया था।

## बिजनेस साइट

### प्रीमियम लुक्स सैलून ने 'यंग इंडियंस' के लिए किया एक्सक्लूसिव ग्रूमिंग इवेंट



**रायपुर।** अविनाश वन स्थित प्रीमियम लुक्स सैलून ने 'यंग इंडियंस' हर्ड के सहयोग से विशेष ग्रूमिंग एवं वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 'यंग इंडियंस' की 50 से अधिक महिला सदस्यों ने भाग लिया और हेयर कंसल्टेशन, स्किन वेलनेस तथा प्रीमियम ग्रूमिंग सेवाओं का अनुभव प्राप्त किया। आयोजन के दौरान रोमियो लेन की ओर से अतिथियों के लिए विशेष व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण केरास्टेस की हेड मोनिषा भाटिया और लुक्स सैलून के टेक्निकल हेड मनी बरेजा रहे। दोनों विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनके स्कैल्प और त्वचा का विश्लेषण किया तथा बालों और त्वचा की देखभाल से जुड़े आधुनिक एवं प्रभावी सुझाव साझा किए। विशेषज्ञ परामर्श के बाद लुक्स सैलून की टीम ने प्रतिभागियों को रिलैक्सिंग हेड वॉश, पेडीक्योर और कस्टमाइज्ड ग्रूमिंग ट्रीटमेंट्स सहित सिग्नेचर सेवाएं प्रदान कीं। आयोजन के अंत में नेटवर्किंग सत्र और स्मृति-उपहार वितरण भी किया गया। अविनाश वन के प्रवक्ता ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रीमियम लाइफस्टाइल, वेलनेस और ब्यूटी एजुकेशन को एक मंच पर लाना है।

### एक्सिस बैंक और आईआईएस ने भारत में जूडो टैलेंट को निखारा

**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े निजी बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक और देश के बेहतरीन ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) की साझेदारी रंग ला रही है। एक्सिस बैंक जूडो डेवलपमेंट प्रोग्राम के जरिए दोनों संस्थान मिलकर भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय सफलता में बदल रहे हैं। जमीनी स्तर से लेकर हाई-परफॉर्मेंस तक 500 से अधिक एथलीटों की मदद करने के बाद, इस कार्यक्रम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है, भारत की 4 महिला जूडो खिलाड़ियों ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। विजय मुलबगल, ग्रुप हेड, होलसेल बैंक कवरेज, कॉर्पोरेट सैलरी, सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर, एक्सिस बैंक, ने कहा, 'एक्सिस बैंक का मानना है कि असली और बड़ा बदलाव ऐसी साझेदारियों से आता है जो लोगों को आगे बढ़ाएं और नए मौके दें। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स के साथ हमारा जुड़ाव इसी सोच को दिखाता है। इसके जरिए हम होनहार खिलाड़ियों को बेहतरीन कोचिंग, आधुनिक ट्रेनिंग और बड़े स्तर पर खेलने के लिए हर ज़रूरी मदद दे रहे हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-891)

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड - 21, हाउसकीपिंग बाई - 21, हाउसकीपिंग जेंट्स - 15, एरिया मैनेजर गनमैन - 10 पद, वेतनमान 15000 से 25000, आधार कार्ड, 03 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संपर्क करें - एच. आई. एस. सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड कृष्णा प्लाजा, अश्वनी नगर सुन्दर नगर रायपुर (छ ग.) 9171511755, 9039437556, 7713568537, कृपया आफिस आकर संपर्क करें (RO-802)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु 10-12 लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसा । संपर्क करें- लाईट एन लाईट, जवाहर नगर चौक, एमजी रोड, रायपुर (आरो-16579)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**टीचर**

Wanted- Kent International School Jheet, Patan Road Walk in interview Time: 10:00am-2:00PM.Require teachers for PGT (Economics, English, History, Political Science, Biology,) Accountant, Guard. Send your resume on 7880111062, 8085123639. (आरो-098)

शीघ्र आवश्यकता है * शिक्षक/शिक्षिका (अंग्रेजी माध्यम) - स्नातक/डी एड, बी एड * कार्यालय सहायक - डी सी ए/12वी * गेट कीपर (गार्ड)-0 2 पद * चपरासी (भृत्य)- 04 पद * स्वीपर - 01 पद इच्छुक संपर्क करें - उदय पब्लिक स्कूल, जामुल - भिलाई Resum send - 7470984997.(आरो न.-4158)

**पंपकर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में नाइट ड्यूटी के लिए लड़कों की आवश्यकता है। रूम उपलब्ध। संपर्क- 9009167878, 9826111220.(आरो-417)

**गोदाम कार्य**

आवश्यकता है- दुकान और गोदाम में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है प्रिंस स्टेशनरी मार्ट गोल बाजार 8999993899, प्रिंस स्टेशनरी मार्ट अवंती विहार 7697781788, 9826178251. (आरो-804)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- रायपुर में सड्डू बंजरपारा में स्थित दाल मिल में कार्य हेतु 2 कर्मचारी अनाज लाईन दाल मिल अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 15000/- से आरंभ, 1 मिल इंचार्ज जो Account/ मिल का भी काम कर सके वेतन 18000 से 20000 संपर्क - 9826141178.(आरो-806)

**गोडाऊन कीपर**

आवश्यकता है- सी एंड एफ में कार्य करने हेतु अनुभवी गोडाउन कीपर की आवश्यकता है । सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास,भनपुरी, रायपुर । संपर्क - 6260655803. (मिलने का समय - 10 से 6) (आरो-974)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- टाटा एस चलने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करे - जी एम एस कोरियर,पंडरी , पुराना बस स्टैंड , रायपुर । मोबाइल 9893101226. (आरो-203)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई कैलाशनगर लोकेशन हेतु, साइट सुपरवाइजर की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907, 9617391190, 9713399992.(आरो न.-319)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- एग्रीकल्चर फार्म में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी एवं फील्ड में काम करने के लड़के चाहिए पेमेंट 15000 -25000 और रहने की सुविधा दोपहिया वाहन दिया जाएगा , संपर्क रवि उभारानी-7389582131, 6264712566, राम कृषि फार्म तरकोरी राम कृषि फार्म सुरहोली मिलने का समय 12:00 बजे से 3:00 तक फोन करके ही इंटरव्यू देने आए (आरो न.-318)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़कों की पार्ट टाइम वाले भी संपर्क कर सकते हैं संपर्कः- कृष्णा कलेक्शन मेन रोड तेलीबांधा रायपुर मोबाइल 9977737197.(आरो-285)

**For Rent किराया**

किराये से देना है - डोर्मिटरी हेतु रेंट पर उपलब्ध स्टेशन रोड, सत्कार गली, रायपुर रेलवे स्टेशन के पास। संपर्क करें- 7978442848. (आरो-A)

किराये से देना है - हीरापुर (टाटीबंध), मेन रोड पर कॉर्नर कमर्शियल प्रॉपर्टी किराये पर उपलब्ध। संपर्क करें- 9340437177.(आरो-805)

किराए पर देना है- प्राइम लोकेशन में कोचिंग हेतु ग्राउंड फ्लोर 600 वर्गफिट प्रथम तल 600 वर्गफिट कुल 1200 वर्गफिट जोनल मार्केट में दुकान किराए पर देनी है संपर्क 9893482503.(आरो न.-320)

**Property प्रापर्टी**

**जमीन**

जमीन बेचना है- रायपुर (छत्तीसगढ़) के शंकर नगर, खम्हारडीह में स्थित आवासीय मकान सहित लगभग 30 डिसमिल (लगभग 13,025 वर्गफुट) की प्राइम संपत्ति बिक्री हेतु उपलब्ध। मूल्यः 15 करोड़ (बातचीत योग्य)। इच्छुक खरीदार सीधे संपर्क करें:- 7869021501, 9098528670, 9130091385. (आरो-984)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4157)

हरिभूमि
विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्कः- 7988465321, 7988465321. (आरो-048)

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूहलोन, पर्सनल, लेबरकार्ड, डेयरीफार्म, होमलोन, आधारकार्ड पर 40000 से 50 लाख तक (2 प्रतिशत ब्याज), (30 प्रतिशत छूट). संपर्क करें- 7489545029.(आरो-4401)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने ... से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। ... हरिभूमि ... कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS



## खबर संक्षेप

### एफएमएससीआई को मिला राष्ट्रीय खेल महासंघ का दर्जा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) को राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में अस्थायी रूप से मान्यता दे दी है और भारत में फॉर्मूला वन रेस वापिस लाने के लिए सरकार के साथ काम कर रही संस्था के लिए यह बड़ा कदम है। सरकार भारत में फॉर्मूला वन की वापसी के लिए प्रयासरत है और इसे देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे दोनों निकायों के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। एफएमएससीआई ने इस साल 11 जून को मान्यता के लिए आवेदन किया था।

### फिडे के अंतरिम अध्यक्ष बने आनंद

**नई दिल्ली।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है, क्योंकि इसके प्रमुख अर्काडी ड्वोरकोविच को यूरोपीय संघ ने प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने प्रतिबंध हटने तक अपना पद छोड़ दिया है। यूरोपीय संघ ने यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के संदर्भ में लगाया है। आनंद 2022 से फिडे के उपाध्यक्ष हैं। फिडे ने कहा, 'अर्काडी ड्वोरकोविच के फिडे अध्यक्ष के रूप में अपने अधिकारों, कर्तव्यों और विशेषाधिकारों से हटने के फैसले को फिडे परिषद स्वीकार करती है।' बयान में कहा गया है, 'फिडे चार्टर के अनुच्छेद 19.2 के अनुसार जब तक ड्वोरकोविच पर प्रतिबंध लगा रहता है तब तक फिडे के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।'



### ऑस्ट्रेलिया कर रहा भारत में एशेज टेस्ट कराने की तैयारी

**मेलबर्न।** इस साल के आखिर में चेन्नई में बिग बैश लीग कराने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भविष्य में भारत में एशेज टेस्ट भी कराने की सोच रहा है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने फिलहाल किसी योजना से इनकार किया। आस्ट्रेलिया दिसंबर में चेन्नई में बिग बैश लीग के पहले मैच की मेजबानी करेगा। ग्रीनबर्ग ने कहा, 'इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई से हमारे रिश्ते मजबूत हैं। साफ तौर पर भारत में कुछ और क्षेत्रों में और कंटेंट लाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा,' फिलहाल तो कोई योजना नहीं है लेकिन इस पर विचार किया जा सकता है।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ आज शाम 4.30 बजे से मुकाबला

# दूसरे टी20 में अजेय बढ़त पर भारत की नजर

एजेंसी ▶▶ हरारे

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) से हारने के बाद तीन बार के टी20 विश्व कप विजेता भारत ने गुरुवार को 3 मैच की श्रृंखला के पहले मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जिम्बाब्वे ने हाल में अपने घरेलू मैदानों पर अच्छा प्रदर्शन किया था। भारत ने सूर्यवंशी के अर्धशतक, इशान किशन के 35 रन और कप्तान अय्यर की 28 रन की नाबाद पारी की बदौलत 6 ओवर और 7 विकेट शेष रहते हुए 126 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर दिया।



### सीरीज के कोच लक्ष्मण ने बिठाया तालमेल

वीवीएस लक्ष्मण इस श्रृंखला में मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। भारत ने परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और 29 रन देकर 2 विकेट लिए। अशोक शर्मा ने भी अपनी गति से प्रभावित किया लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक की शीर्ष स्तरीय क्रिकेट में सफल वापसी थी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद चोटिल के कारण लगभग दो साल मैदान से बाहर रहे। पहले मैच में मयंक की गति और नियंत्रण दोनों ही बेहतरीन थे, जिसमें जिम्बाब्वे के प्रमुख बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को बाहर की तरफ स्विंग लेने वाली गेंद पर आउट करना महत्वपूर्ण था।

### पहले मैच में नहीं चल पाए अभिषेक


दो साल पहले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अपने टी20 अंतराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा पहले मैच में नहीं चल पाए थे और वह उसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। सूर्यवंशी ने टी20 अंतराष्ट्रीय में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया। इस युवा बल्लेबाज को इससे काफी राहत मिली होगी, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर उन्हें विशेष रूप से शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जा रहा था। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से ज्यादा युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामूहिक प्रयास से खुश होगा।

### जिम्बाब्वे के बल्लेबाज रहे नाकाम

जिम्बाब्वे को पावरप्ले में जरूरत से ज्यादा विकेट गंवाने का अफसोस रहेगा। उसके बल्लेबाज भारतीय तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य नहीं रख पाए। इस श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। मैच का समयः शाम 4:30 बजे

## विश्व जूनियर स्क्वाश

# अनाहत की लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶ ओटारियो

उभरती खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए 4 गेम तक चले मैच में जीत दर्ज करके विश्व जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला रैंकिंग में विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की हबीबा रिज्क को 11-7, 11-5, 6-11, 11-9 से हराया।

इस प्रतियोगिता में पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत इस तरह से विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लगातार दो बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। दिल्ली की रहने वाली यह खिलाड़ी खिताब जीतने की प्रबल दावेदार बनी हुई है। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की बार्ब समेह से होगा।

# सीधे नॉकआउट खेलेंगे भारत और पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन भारत और पाकिस्तान की पुरुष और महिला क्रिकेट टीम को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह दी गई है।

भारतीय महिला टीम जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला प्रारंभिक चरण के मैच के बाद तय होगा। सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का सामना बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगा। भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना कर सकती है।

### एशियन गेम्स के लिए क्रिकेट का शेड्यूल जारी



### अय्यर और हरमनप्रीत करेंगे कप्तानी

श्रेयस अय्यर भारतीय पुरुष टीम की, जबकि हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। क्रिकेट चौथी बार एशियाई खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा होगा। इससे पहले यह साल 2010 में ग्वांगझू, 2014 में इंचियोन और 2023 में हांगझोउ खेलों का हिस्सा था।

### भारत ने 2023 में जीता था गोल्ड

भारत ने 2023 के एशियाड में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए गोल्ड मेडल जीता था। पुरुषों का फाइनल बारिश की वजह से रद्द हो गया था। अफगानिस्तान के मुकाबले भारत की बेहतर रैंकिंग के कारण गोल्ड मेडल मिला। महिलाओं के इवेंट में भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया था।

# रूपा रानी और पिंकी सिंह की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶ ग्लासगो

भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स की महिला पेयर्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी सिंह (स्किप) ने स्कॉटिश इवेंट कैंपस (एसईसी) हॉल-3 में खेले गए सेक्शन बी के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जोड़ी थाबेलो मुव्हांगो (लीड) और जैकी जैनसे वैन रेंसबर्ग (स्किप) को 2-0 से हराया। भारत ने दोनों सेट 6-4 और 7-5 से अपने नाम किए। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों ने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन भारतीय जोड़ी ने पूरे मुकाबले में बेहतर नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत के साथ भारत सेक्शन बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। इससे पहले बृहस्पतिवार को भारत ने अपने शुरुआती मुकाबले में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेकर में मात दी थी। रूपा रानी और पिंकी दोनों 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला फोर टीम का हिस्सा थीं।





### जदुमणि की अगले दौर में एंट्री

युवा मुक्केबाज जदुमणि सिंह ने पुरुष 55 किलोग्राम वर्ग में मेजबान स्कॉटलैंड के एरॉन कुलेन को एकतरफा अंदाज में हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। कद में लंबे कुलेन के खिलाफ जदुमणि ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने लगातार सटीक जैब और तेज पंचों के संयोजन से स्कॉटिश मुक्केबाज की लंबी पहुंच का प्रभाव खत्म कर दिया और स्पष्ट बढ़त बना ली।

### 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंचे नटराज

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में संयुक्त 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दो बार के ओलंपियन और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके नटराज ने 25.52 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने बरमूडा के जैक हार्वे के साथ संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल के लिए हीट से शीर्ष-16 तैराकों का चयन किया गया।



नटराज अपनी आठ खिलाड़ियों वाली हीट में पांचवें स्थान पर रहे। पैरा तैराकी में भारत के आरवीवीबीके बुडिगिना और इमाम अली ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हीट में हिस्सा लेने वाले सभी आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। बुडिगिना ने 57.10 सेकंड के समय के साथ हीट में तीसरा स्थान हासिल किया जबकि इमाम अली 1:05.32 सेकंड के समय के साथ आठवें स्थान पर रहे। एस13 वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए निर्धारित पैरा तैराकी श्रेणी है।

### आज का कार्यक्रम

commonwealth games

**जिम्नास्टिक :** महिलाओं की टीम का फाइनल और व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन - प्रणति नायक, प्रतिष्ठा सामंत, इशिता सुनील रेवाले, निष्का अग्रवाल, रिद्धि शर्मा - दोपहर 2:30 बजे

**पैरा तैराकी :** पुरुषों की एस14 200 मीटर फ्रीस्टाइल हीट - चैतन्य विश्वास कुलकर्णी - शाम 4:15 बजे फाइनल रात 12:45 बजे (अगर क्वालीफाई करते हैं)।

**तैराकी :** पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल हीट - डी शशिकुमार - शाम 4 बजे फाइनल रात 11:30 बजे (अगर क्वालीफाई करते हैं)। पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनलः श्रीहरि नटराज - रात 12:20 बजे

**लॉन बॉल्सः** पुरुषों का एकल सेक्शन मैचः पुतुल सोनोवाल महिलाओं का पेयर्स सेक्शन मैचः रूपा रानी टिर्की और पिंकी सिंह बनाम टोंगा की पेरिस बेकर और मिल्खा नाथन (शाम 3:50 बजे)

**मुक्केबाजी :** पुरुषों का 60 किग्रा राउंड ऑफ 32: सचिन सिवाच बनाम केओमा अल-अहमदीह (कनाडा) शाम 4:00 बजे।

**3x3 बास्केटबॉलः** महिलाओं का व्हीलचेयरः भारत बनाम वेल्स - शाम पांच बजे।

# टी20 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने बटलर

क्रिस गेल का तोड़ा रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर टी20 क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बटलर ने इस मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है। बटलर ने यह मुकाम द हंड्रेड टूर्नामेंट में हासिल किया। उन्होंने मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की तरफ से खेलते हुए लंदन स्पिरिट के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 11 गेंदों में 16 रनों की पारी खेलने के साथ ही यह मुकाम हासिल किया।

### बटलर के नाम अब टी20 क्रिकेट में 14,572 रन दर्ज

*बटलर के नाम अब टी20 क्रिकेट में 14,572 रन दर्ज हो गए हैं। बटलर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 9 शतक और 102 अर्धशतक लगा चुके हैं। उन्होंने 16 रन बनाने के साथ ही क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। गेल ने टी20 क्रिकेट में खेली 455 पारियों में 14,562 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 22 शतक और 88 अर्धशतक निकले हैं। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड कीरोन पोलार्ड के नाम है, जिन्होंने 663 पारियों में 14,803 रन बनाए हैं। पोलार्ड ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 2 शतक और 70 अर्धशतक लगाए हैं।*


**बैंक ऑफ इंडिया BOI Bank of India** — कब्जा-सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

दुर्ग शाखा, प्रथम तल, इंदिरा मार्केट, दुर्ग (छ.ग.), फोन- 0788-4017877/ 2327877, ई-मेल-durg.raipur@bankofindia.co.in

**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8(1)] के तहत्**

**जबकि,** अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत, दुर्ग शाखा, अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, दुर्ग शाखा के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता/ जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक / कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| (a) मैसर्स साई राम मिल स्टोर, प्रोप. श्री कधारी रामालू, (b) श्री कधारी रामालू एवं श्रीमती कादारी जयम्मा. | साम्यिक बंधक वाली फ्रीहोल्ड रिहायशी संपत्ति जिसका खसरा नं. 57/182, प.ह.नंबर 8, प्लॉट नंबर 23A, गणपति एंटरप्राइजेज के पीछे, सिकोला भाटा, वार्ड नंबर 16, आकाश नगर, सिकोला, तहसील एवं जिला दुर्ग, क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट श्रीमती कधारी जयम्मा पति श्री कधारी रामालू के नाम पर स्थित है। **चौहद्दी** इस प्रकार हैं: पूर्व-25 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम-सोनेकर की सीमा, उत्तर-खुसित का प्लॉट नंबर 23-B, दक्षिण-प्लॉट नंबर 22. | दिनांक 04.05.2026 / दिनांक 21.07.2026 | ₹ 30,52,380.94/- (तीस लाख बावन हज़ार तीन सौ अस्सी रुपये एवं चौरानवे पैसे मात्र) + ब्याज + अन्य खर्च |

दिनांक : 25.07.2026, स्थानः दुर्ग — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda** — क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन**

(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं/गारंटरों को 60 दिनों के नोटिस, पंजीकृत डाक/ पावती सहित/स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की हैं. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपूर्दगी प्राप्त करने में मना करने/ गलत पते/ व्यक्ति द्वारा स्थान शहर छोड़े जाने आदि कारणों से लौटा दी गई हैं. इन ऋणकर्ताओं/ गारंटरों ने, अपनी निम्नलिखित चल/ अचल संपत्तियों को, बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टि बंधक/बंधक रखा हैं.बैंक की देया राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तो को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण, खाता, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया हैं, जिससे चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के,अधिनियम के चैप्टर III के अंतर्गत एक या अनेक साधनों द्वारा प्रतिभूति हित लागु करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तों के अनुरूप,बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री/पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) ट्रांसफर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरुद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता हैं.

| क्र. | शाखा का नाम और फोन नं. | उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम और पता | बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (एनपीए दिनांक:09.07.2026) (नोटिस दिनांक:17.07.2026) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | गोल चौक रोहिणीपुरम शाखा रायपुर 6232137734 | सुश्री कीर्ति पांडे पिता श्री राम भद्र पांडे, 1. मकान नं.-498, वार्ड नं. 54 नई बस्ती पेट्रोल पंप के पास, यश विहार कॉलोनी, मोती नगर, बोरियाखुर्द, पोस्ट सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), पिन- 492013. 2. सांई सिमरन टॉवर, ब्लॉक नं.- 107, संतोषी नगर, रायपुर, छ.ग. | रु. 17,56,596.24 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार | साम्यिक बंधक आवासीय मकान से संबंधित खसरा नं.- 421/82, क्षेत्रफल - 500 वर्गफीट स्थित मौजा मठपुरैना, कामरेड़ सुधीर मुखर्जी वार्ड नं.-54,प.ह.नं.105/61,आरआईसी रायपुर-I, तहसील एवं जिला - रायपुर, छत्तीसगढ़. सीमाएं: उत्तर- अनुराग मसीह का मकान, दक्षिण- शारदा धनगर का मकान, पूर्व- केदार धनगर का मकान, पश्चिम- रास्ता. |

दिनांक:25-07-2026, स्थानः रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



**punjab national bank पंजाब नैशनल बैंक** — सीओ-एसएएम, रायपुर (छ.ग.)

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता एवं जमानतदार को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता, जमानतदार को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत् अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता, जमानतदार और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **पंजाब नैशनल बैंक** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता /जमानतदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

| क्र. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता व शाखा का नाम | 1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ताओं: श्री निखिल सलामतानी** पिता श्री जवाहरलाल सलामतानी, **श्री जवाहरलाल सलामतानी** पिता श्री मोतीलाल सलामतानी, पता - श्री गंगा निवास, बजाज कॉलोनी, सेक्टर -2, दुर्गा मंदिर के पास, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग. **शाखा: देवेन्द्र नगर (748400)** | (1) 28.04.2026 (2) 18.07.2026 | दिनांक 07.04.2026 को रू 9,74,543.41 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | खसरा नंबर 390/2 (भाग), प.ह नंबर 114, मौज़ा - टिकरापारा, वार्ड नंबर 46, तहसील/ज़िला - रायपुर (छत्तीसगढ़) में कुल भूमि क्षेत्रफल-1800.00 वर्ग फ़ीट पर स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- श्री निखिल सलामतानी पिता श्री जवाहरलाल सलामतानी। सीमाएँ :- उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- दूरसंचार कॉलोनी, पूर्व - दूरसंचार कॉलोनी, पश्चिम- विक्रेता की भूमि। |
| 2. | **उधारकर्ता: गीता ट्रेडर्स, प्रो. श्रीमती गीता बेन पटेल** पति श्री अरुण कुमार पटेल, **जमानतदार: श्री अरुण कुमार पटेल** पिता प्रभुदास पटेल, दोनों का पता- सरदार पटेल, टिम्बर मार्केट, खसरा नं. 162/07, भनपुरी, रायपुर, छ.ग. **शाखा: देवेन्द्र नगर (748400)** | (1) 28.04.2026 (2) 22.07.2026 | दिनांक 15.04.2026 को रू 35,24,125.86 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | खसरा नंबर 162/4 (नया खसरा नंबर 162/7), प.ह नंबर 38, कुल क्षेत्रफल 1690.00 वर्ग फुट, मौज़ा -खमतराई, यतियातन लाल वार्ड नंबर 04, आरएनएम रायपुर, तहसील/ज़िला - रायपुर (छ.ग) पर स्थित खुली परिवर्तित भूमि, मालिकाना हक- श्री अरुण कुमार पटेल पिता श्री प्रभुदास पटेल। सीमाएँ :- उत्तर -सुमित की भूमि, दक्षिण - सुमित की भूमि एवं सड़क, पूर्व - खसरा नंबर 163, पश्चिम - सुमित की भूमि। |
| 3. | **उधारकर्ता: श्रीमती कुलवीर कौर** पति श्री हरजिंदर सिंह, **श्री जरमनजीत सिंह** पिता श्री हरजिंदर सिंह, पता - एलआईजी 306, उदय सोसायटी, सीजीएचबी कॉलोनी, पानी की टंकी के पास टाटीबंध, रायपुर, छ.ग. 492099, **शाखा: देवेन्द्र नगर (748400)** | (1) 15.05.2026 (2) 22.07.2026 | दिनांक 01.05.2026 को रू 20,45,471.96 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ़्लैट नंबर 402, ब्लॉक ए, चौथी मंज़िल, क्षेत्र - 1163 वर्गफीट, 'हरशित ज्वेल्स', खसरा नंबर 644/3, 644/19 और 7/1, प.ह नंबर 103 एवं 104, गाँव- डुमर तालाब व हीरापुर, वार्ड नंबर 13, आरएनएम रायपुर - 01, तहसील/ज़िला - रायपुर (छ.ग.) पर स्थित आवासीय फ्लैट, मालिकाना हक- श्रीमती कुलवीर कौर पति श्री हरजिंदर सिंह। सीमाएँ :- उत्तर- फ़्लैट नंबर 401, दक्षिण - खुली जगह, पूर्व - खुली जगह, पश्चिम- लॉबी एवं लिफ़्ट। |
| 4. | **उधारकर्ता: श्री भुनेश्वर वर्मा** पिता श्री चैतराम वर्मा, पताः मकान नं. 52/1, वार्ड नं. 03, चिखली, राजनांदगांव छ.ग., 491441, **श्रीमती मंदाकिनी वर्मा** पति श्री भुनेश्वर वर्मा पताः सुकुल पारा, खरोद, तहसील - पामगढ़, जिला - जांगिड़, चांपा, छ.ग., 491001, **शाखा: राजनांदगांव (070410)** | (1) 17.03.2026 (2) 23.07.2026 | दिनांक 28.02.2026 को रू 14,77,437.57 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | खसरा नंबर 17/23, प.ह. नंबर 47, क्षेत्रफल- 0.04 3/4 एकड़ (2025 वर्ग फ़ीट), मौज़ा - चिकली, तहसील एवं ज़िला - राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़) पर स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- श्री भुवनेश्वर वर्मा पिता श्री चैतराम वर्मा। सीमाएँ :- उत्तर - बिसन भाई की भूमि, दक्षिण - गली, पूर्व - गली, पश्चिम- विनोद माटे की भूमि। |
| 5. | **उधारकर्ता: श्री रमेश कुमार देवांगन** पिता शंकर लाल देवांगन, **श्री तिलेश्वरी देवांगन** पति श्री रमेश कुमार देवांगन, पता 1) वार्ड क्रमांक-08, भीम चौक, रामनगर, मोतीपुर, राजनांदगांव, छ.ग., 491441, पता 2) तुलसीपुर, बख्तावरचल, राजनांदगांव, छ.ग., 491441, **शाखा: राजनांदगांव (070410)** | (1) 05.02.2026 (2) 23.07.2026 | दिनांक 29.01.2026 को रू 2,62,030.83 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | खसरा नंबर 291/5, गाँव: मोतीपुर, प.ह नंबर 28, आरएनएम राजनांदगाँव, तहसील/ज़िला: राजनांदगाँव में क्षेत्रफल- 0.010 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- श्री रमेश कुमार देवांगन व श्रीमती टिलेश्वरी देवांगन। सीमाएँ :- उत्तर - 15 फ़ीट चौड़ी सड़क, दक्षिण - भुवनेश्वर की भूमि, पूर्व - भुवनेश्वर की भूमि, पश्चिम - सुधाबाई की भूमि। |
| 6. | **उधारकर्ता: श्री समीर किशोर जयसवाल** पिता श्री शशि किशोर जयसवाल, **श्री अमित किशोर जयसवाल** पिता श्री शशि किशोर जयसवाल, **जमानतदार: श्री संजय किशोर जयसवाल** पिता श्री शशि किशोर जयसवाल, **श्री मनीष जयसवाल** पिता श्री शशि किशोर जयसवाल, पताः 324, पंडित दिनदयाल उपाध्याय, वार्ड नं. 19, पुरानी भट्टी रोड, जगदलपुर जिला-बस्तर, छ.ग., **शाखा: जगदलपुर (187510)** | (1) 13.05.2026 (2) 21.07.2026 | दिनांक 11.05.2026 को रू 32,05,788.73 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | प्लॉट नंबर 87/3, शीट नंबर 48, गंगामुंडा पारा, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छत्तीसगढ़) में क्षेत्रफल- 8673 वर्ग फुट या 806.02 वर्ग मीटर पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक -श्री समीर किशोर जायसवाल, श्री अमित किशोर जायसवाल, श्री संजय किशोर जायसवाल एवं श्री मनीष जायसवाल सभी की पिता पिता श्री शशि किशोर जायसवाल। सीमाएं :- उत्तर - अन्य की भूमि, दक्षिण - प्लॉट नंबर 87, पूर्व - दूसरों की भूमि, पश्चिम - सड़क। |

दिनांक: 25.07.2026, स्थान- रायपुर, राजनंदगांव एवं जगदलपुर — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

# जिन ऊंटों को गर्मी नहीं हरा सकी, अब क्लाइमेट चेंज ले रहा जान

रेगिस्तान की तपती रेत, पानी के बिना लंबे सफर और झुलसा देने वाली धूप सदियों से ऊंट इन मुश्किल हालात में भी मजबूती से खड़े रहने के लिए जाने जाते रहे हैं। लेकिन, अब हालात इतने बदल चुके हैं कि प्रकृति के सबसे मजबूत जीवों में गिने जाने वाले ऊंट भी जलवायु परिवर्तन की मार नहीं झेल पा रहे।

**मोगादिशु।** अत्यधिक गर्मी ने उनकी जिंदगी को संकट में डाल दिया है और अफ्रीका के कई हिस्सों से सामने आ रही तस्वीरें बेहद चिंताजनक हैं। दुनिया के लगभग 80 फीसदी एक कूबड़ वाले ऊंट उत्तर अफ्रीका और हॉर्न ऑफ अफ्रीका के क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इन्हें हमेशा से इसलिए पाला जाता रहा, क्योंकि ये बेहद गर्म मौसम में भी आसानी से जीवित रह सकते हैं।

लेकिन, अब जलवायु परिवर्तन ने उनकी इस क्षमता को भी चुनौती दे दी है। हालिया शोध के मुताबिक सोमालिया के उत्तरी क्षेत्र सूलमें सूखे और रिकॉर्ड गर्मी के कारण करीब 73 फीसदी ऊंटों की मौत हो चुकी है।

**तड़प तड़प कर तोड़ रहे दम**



**पानी की कीमतें 2000 फीसदी से अधिक बढ़ी**

हालात इतने खराब हैं कि वहां पानी की कीमतें 2000 फीसदी से अधिक बढ़ गई हैं। इस अत्यधिक गर्मी से ऊंटों के व्हाइट ब्लड सेल्स और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होने लगती है। उनका मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ जाता है, वे खाना-पीना कम कर देते हैं और धीरे-धीरे बीमार होकर मौत के मुंह में चले जाते हैं।

## ऊंटों के पैरों में पड़ रहे दर्दनाक छाले

एक रिपोर्ट की मानें तो अफ्रीका में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने लगा है। इसका असर अब उन ऊंटों पर भी साफ दिखाई दे रहा है, जिन्हें कभी रेगिस्तान का सबसे मजबूत साथी माना जाता था। भीषण गर्मी के कारण उनके पैरों में दर्दनाक छाले पड़ रहे हैं, आंखों से लगातार पानी बह रहा है और तपती रेत पर बैठते ही उनकी त्वचा झुलसने लगती है। इतना ही नहीं शरीर के बाल तक झड़ने लगे हैं और कई ऊंट तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं।



**तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे ऊंट**

उत्तर-पूर्वी इथियोपिया के अफार क्षेत्र में रहने वाले 40 वर्षीय अली उमर पिछले कई वर्षों से करीब 500 ऊंटों की देखभाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले जो हवा गर्मी से राहत देती थी, अब वही आग के थपेड़ों जैसी महसूस होती है। उनके मुताबिक बढ़ते तापमान ने ऊंटों की हालत इतनी खराब कर दी है कि पिछले एक महीने में ही उन्होंने अपने आठ छोटे ऊंटों को खो दिया। अली कहते हैं कि ऊंटों के पैरों में छाले पड़ रहे हैं, आंखों से पानी बह रहा है और गर्म रेत उनके शरीर को जला रही है।

**रोचक खबरें**

## जापान में मिला 35 लाख साल पुराना रहस्यमयी जीव

**टोक्यो।** 35 लाख साल से जमीन के नीचे दफन था एक ऐसा रहस्य, जिसने वैज्ञानिकों की नींद उड़ा दी है। क्या आप जानते हैं कि जिस जापान को हम आज देखते हैं, लाखों साल पहले वहां खौफनाक और विशालकाय 'जल-दानव' राज करते थे? लगभग 30 साल पहले मिली 3 हड्डियों के विश्लेषण से अब एक ऐसा सच सामने आया है, जिसने जीव विज्ञान के इतिहास को बदल कर रख दिया है। जापान के अजिमू इलाके में 1995 से 1997 के बीच खुदाई के दौरान 3 दुर्लभ हड्डियां पाई गई थीं। ये अवशेष त्सुबुसुगावा फॉर्मेशन नाम की प्राचीन झील की परतों में मिले थे। उस समय वैज्ञानिकों को अंदाजा नहीं था कि ये हड्डियां किसकी हैं, इसलिए इन्हें अस्थायी रूप से एंड्रियास जीनस में रख दिया गया था। ये सैलामैंडर की एक बहुत बड़ी प्रजाति है। इसमें दुनिया के सबसे बड़े जीवित उभयचर शामिल हैं। हाल ही में क्योटो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने आधुनिक तकनीक और व्यापक अध्ययनों की मदद से इन जीवाश्मों की बारीकी से जांच की। जांच में पता चला कि इस सैलामैंडर की बीच वाले शरीर की रीढ़ की हड्डी की बनावट अब तक मिले किसी भी विशाल सैलामैंडर से पूरी तरह अलग थी। इसी वजह से वैज्ञानिकों ने इसे एक बिल्कुल नई प्रजाति और जीनस घोषित किया और नाम दिया- 'लिम्नोस्पोंडिलस अजिमुएन्सिस'। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह रहस्यमयी जीव बहती नदियों की जगह शांत झीलों और दलदली इलाकों में रहता था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह जीव करीब 3.6 फीट यानी 1.1 मीटर तक लंबा रहा होगा। ये खोज एशिया के जीवाश्म रिकॉर्ड में पिछले 2 करोड़ सालों से चली आ रही कमी को पूरा करती है।



## सिर्फ आषाढ़ में दिखती है यह रहस्यमयी पीली चिड़िया, खजूर पर बनाती है खूबसूरत घोंसला

**भरतपुर।** आषाढ़ माह में भरतपुर के ग्रामीण इलाकों में एक अनोखी और दुर्लभ चिड़िया लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती है। स्थानीय भाषा में इसे आषाढ़ की चिड़िया कहा जाता है। यह चिड़िया साल भर में केवल इसी मौसम में दिखाई देती है। जिसके कारण इसका यह नाम प्रचलित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, जैसे ही आषाढ़ का महीना आता है यह पक्षी अचानक नजर आने लगता है और कुछ समय बाद फिर गायब हो जाता है। दिखने में यह चिड़िया आम गौरैया जैसी लगती है, लेकिन इसका हल्का पीला रंग इसे खास और अलग पहचान देता है। इसकी चमकदार पीली आभा और शांत स्वभाव लोगों को आकर्षित करता है। यही वजह है कि जब भी यह चिड़िया दिखाई देती है गांव के लोग इसे देखने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। इस चिड़िया की सबसे खास बात इसका घोंसला बनाने का तरीका है .यह मुख्य रूप से खजूर के पेड़ों पर अपने सुंदर और सलीकेदार घोंसले बनाती है। खजूर के लंबे और मजबूत पेड़ों की ऊंचाई इसे सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे इसके घोंसले सुरक्षित रहते हैं। इसके बनाए घोंसले न केवल मजबूत होते हैं बल्कि देखने में भी बेहद आकर्षक लगते हैं। यह चिड़िया आषाढ़ के मौसम में ही अपने प्रजनन के लिए यहां आती है। इस दौरान यह घोंसले बनाकर अंडे देती है और कुछ समय बाद अपने बच्चों के साथ फिर कहीं और चली जाती है। यही कारण है कि यह चिड़िया साल के अन्य महीनों में शायद ही कभी देखने को मिलती है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह चिड़िया खास महत्व रखती है। यह अपने सुंदर रंग और घोंसले के लिए जानी जाती है, लेकिन इसकी मौसमी उपस्थिति और व्यवहार इसे और भी रोचक बनाते हैं। भरतपुर के गांवों में आषाढ़ के महीने में दिखने वाली यह हल्के पीले रंग की दुर्लभ चिड़िया प्रकृति का एक अनोखा उपहार है, जो हर साल कुछ समय के लिए आकर लोगों को अपनी सुंदरता और विशेषता से मंत्रमुग्ध कर देती है।



**अद्भुत**

# 52 कोठी और 53 दरवाजों का अनसुलझा रहस्य

**इतिहास के पन्नों में दफ्न है नालंदा के अमावा स्टेट राजमहल की कहानी**

**पटना।** बिहार के नालंदा जिले में एक ऐसा खंडहर है, जो कभी मगध की सबसे रईस रियासत हुआ करता था। हम बात कर रहे हैं अस्थावां के 200 साल पुराने अमावा स्टेट राजमहल की। 22 एकड़ में फैले इस महल को लेकर कहा जाता है कि इसमें 52 कोठियां और 53 विशाल दरवाजे थे। आज भले ही यह ऐतिहासिक धरोहर वीरान पड़ी है, लेकिन इसकी जर्जर दीवारें अपने भीतर शाही शानो-शौकत और कई अनसुलझे रहस्य समेटे हुए हैं। यह राजमहल अपने दौर की शानदार इंजीनियरिंग और आधुनिकता का बेमिसाल नमूना था। महल और कर्मचारियों के घरों को रोशन करने के लिए यहां बिहार का पहला निजी पावर हाउस बनाया गया था, जिसे कोलकाता से बिजली सप्लाई होती थी। इसके अलावा, महल परिसर के अंदर ही एक बड़ा संस्कृत कॉलेज भी चलता था, जहां देश के अलग-अलग राज्यों से सैकड़ों छात्र शिक्षा लेने आते थे।



### भूल-भुलैया वाला सुरक्षा चक्र


महल का नक्शा इस तरह से तैयार किया गया था कि कोठियों (कमरों) और दरवाजों की संख्या लगभग बराबर थी। इसकी जटिल संरचना के कारण कोई भी बाहरी दुश्मन या चोर यदि महल के अंदर बिना इजाजत घुस जाता था, तो वह कमरों और दरवाजों के चक्रव्यूह में उलझकर रह जाता था। उसे बाहर निकलने का रास्ता ही नहीं मिलता था।

### एक कानून और खत्म हो गई सारी चमक

यह राजपरिवार सिर्फ टैक्स नहीं वसूलता था, बल्कि कुएं-तालाब खुदवाने और मंदिर बनवाने जैसे सामाजिक काम भी करता था। लेकिन, देश आजाद होने के बाद जैसे ही जमींदारी उन्मूलन कानून लागू हुआ, अमावा स्टेट का सारा रुतबा खत्म हो गया। राजपरिवार के अधिकार छिन गए और जमीनें सरकार के पास चली गईं। देखरेख न होने से यह आलीशान महल धीरे-धीरे खंडहर में बदल गया। अब स्थानीय लोग इसे संवारकर पर्यटन स्थल बनाने की मांग कर रहे हैं।

### नालंदा से टेकारी तक बजता था डंका

इस रियासत के राजा हरिहर नारायण प्रसाद सिंह का साम्राज्य नालंदा से लेकर टेकारी तक फैला हुआ था। उस जमाने में भी इस स्टेट की सालाना कमाई करीब 50 हजार रुपए थी। राजा का रसूख इतना था कि देश के ज्यादातर बड़े तीर्थ स्थलों पर आम लोगों के ठहरने के लिए अमावा स्टेट की अपनी निजी धर्मशालाएं हुआ करती थीं।




### सुरक्षा और बनावट थी बेहद खास

महल का ढांचा बेहद सोच-समझकर तैयार किया गया था। इसमें जनता की फरियाद सुनने के लिए भव्य दरबार, मेहमानों के कमरे, अनाज के बड़े गोदाम, अस्तबल और विशाल रसोई मौजूद थी। सुरक्षा व्यवस्था इतनी पुख्ता थी कि पहरेदारों, नौकरों और रसोइयों के लिए महल के ठीक पास ही एक पूरी बस्ती बसाई गई थी। मकसद यह था कि कर्मचारी अपने परिवार की चिंता छोड़कर 24 घंटे पूरी ईमानदारी से महल की सुरक्षा कर सकें।

## टेंशन और झगड़े का सबसे पुराना इलाज, जिसे साइंस ने भी अब माना!

**लंदन।** टेंशन और झगड़े से बचने के लिए सिर्फ हम इंसान ही नहीं, बल्कि हमारे पूर्वज माने जाने वाले वनमानुष भी एक-दूसरे को 'जादू की झप्पी' देते और चूमते थे। ब्रिटेन की डरहम यूनिवर्सिटी की नई रिसर्च में यह खुलासा हुआ है। स्टडी के मुताबिक, चिंपैंजी और बोनोबो प्रजाति के वनमानुष खाने-पीने को लेकर होने वाले झगड़े से पहले एक-दूसरे को छूकर भरोसा जताते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मुश्किल वक्त में गले लगाकर हिम्मत बढ़ाने का यह तरीका इंसानों में भी इन्हीं से आया है। यह आदत करीब 70 लाख साल पुरानी हो सकती है। रिसर्च टीम ने कांगो और जाम्बिया में रहने वाले चिंपैंजी और बोनोबो पर यह स्टडी की। उन्हें मूंगफली दी गई ताकि देखा जा सके कि वे अपने प्राकृतिक माहौल में कैसे खाते हैं। नतीजे काफी हैरान करने वाले थे। हमेशा गुस्से में रहने वाले चिंपैंजी भी खाना सामने आने से पहले एक-दूसरे के करीब आए। जिन वनमानुषों ने एक-दूसरे को छुआ या गले लगाया, उन्होंने बाद में बिना किसी मारपीट के बड़े आराम से साथ बैठकर मूंगफली खाई।






# पर्यटकों की पहली पसंद बना यह पार्क

**हैदराबाद।** आधुनिकता और विकास की दौड़ में तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैदराबाद के बाहरी इलाके में बना देश का सबसे बड़ा इको-रिक्रिएशनल पार्क इन दिनों आम जनता और प्रकृति प्रेमियों के बीच भारी चर्चा का विषय बना हुआ है। लगभग 150 एकड़ में फैले इस एक्सपीरियम इको पार्क में एक ऐसी प्राकृतिक धरोहर है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। यहां मौजूद है एक बेहद दुर्लभ और प्राचीन पेड़, जिसकी कीमत लगभग 85 लाख रुपए आंकी गई है।

इस विहंगम पार्क को यूनिक ट्रीज़ कंपनी के संस्थापक रामदेव राव ने अपने 25 वर्षों के कड़े परिश्रम, शोध और वृक्षों के प्रति अपने जुनून से तैयार किया है। उन्होंने दुनिया के 85 से अधिक देशों जैसे अर्जेंटीना, मेक्सिको, इटली और स्पेन से लगभग 25,000 दुर्लभ और प्राचीन प्रजातियों के पेड़-पौधों को विशेष कंटेनरों और विमानों के ज़रिए सुरक्षित तरीके से भारत लाकर यहां स्थापित किया है।

**85 लाख रुपए का पेड़ और 85 देशों के दुर्लभ पौधे**



### सिर्फ पेड़ ही नहीं, आकर्षणों का समंदर है

करीब 150 करोड़ रुपए की भारी लागत से बने इस वर्ल्ड-क्लास इको-पार्क में केवल महंगे पेड़ ही नहीं, बल्कि पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई बेहतरीन आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर भी तैयार किए गए हैं। इनमें प्रमुख आकर्षण इस प्रकार हैं:

**कृत्रिम बीच:** 12 एकड़ में फैली भारत की पहली मानव-निर्मित कृत्रिम बीच।

**ग्लो गार्डन:** रात के समय रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता हुआ एक खूबसूरत ग्लो गार्डन।

**ज़िपलाइन:** एडवेंचर के शौकीनों के लिए 1 किलोमीटर लंबी चार-दिशाओं वाली ज़िपलाइन।

**स्नो पार्क:** बच्चों और परिवारों के मनोरंजन के लिए एक भव्य इनडोर स्नो पार्क।

# जेल जाने का डर, शख्स ने किया अपना अंतिम संस्कार का नाटक

**बीजिंग।** शराब के नशे में ड्राइविंग करने वाले एक शख्स ने जेल की सजा से बचने के लिए ऐसा खौफनाक और अजीबोगरीब ड्रामा रचा कि पुलिस खुद भी हैरान रह गई। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लोग अक्सर पुलिस से बचने के लिए तरह- तरह के बहाने बनाते हैं, लेकिन इस बंदे ने तो हद ही कर दी। दरअसल, चीन के हेनान प्रांत में ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में फंसे एक शख्स ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी ही मौत का झूठा नाटक रच दिया। हैरानी की बात है कि बंदे ने खुद ही ताबूत खरीदा...घर में खाली दवा की बोतलें बिखराईं और फिर खुद को 'मरा' हुआ बताकर फरार हो गया।

पिछले साल जून में उसने कथित तौर पर ओवरडोज का नाटक किया, फिर अपनी मौत का नाटक रचने के लिए उसने बाजार से एक ताबूत यानी कफन खरीदा।



### कफन, ताबूत और मौत का झूठा ड्रामा

सी नाम के इस शख्स ने जो किया उसने हर किसी को चौंका दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में सी नाम का यह शख्स पहले भी दो बार पकड़ा जा चुका है। मामले की जांच के दौरान उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था। चीनी कानून के तहत, शराब पीकर गाड़ी चलाने को खतरनाक ड्राइविंग का आपराधिक अपराध माना जा सकता है। इसमें लाइसेंस रद्द होने, 6 महीने तक की जेल और जुर्माना जैसी सजाएं हो सकती हैं। उसे लग रहा था कि इस बार अगर वो पकड़ा गया तो बचना मुश्किल है। ऊपर से सिर पर कर्ज भी था। सरकारी वकीलों के मुताबिक, उसे लगा था कि सजा हुई तो जिंदगी बर्बाद हो जाएगी, बस फिर क्या था बंदे ने गिरफ्तारी से बचने के लिए फिल्मी तरीके से एक साजिश रच डाली।

### सच्चाई सामने आने पर मुश्किल में फंसा परिवार

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उन्हें पता चला कि ताबूत पहले ही दफनाया जा चुका था, लेकिन कई बातों से तुरंत शक पैदा हुआ, क्योंकि कोई मेडिकल रिपोर्ट या मौत का सर्टिफिकेट नहीं था। पुलिस ने जांच के दौरान जब सीसीटीवी फुटेज और बैंक रिकॉर्ड खंगाले तो सारा सच खुद-ब-खुद सामने आ गया। पुलिस ने युन्नान प्रांत से 'जिंदा' घूम रहे उस शख्स को दबोच लिया, फिलहाल कोर्ट ने उसे 5 महीने की सजा सुनाई है। इस पूरे मामले में पुलिस को गुमराह करने के चलते सी की मां और दादी पर भी आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com